वर्ष 72 ▸ अंक 257 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 15 जून, 2025
आषाढ़ कृष्ण पक्ष 04, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की लालसा हर मनुष्य में जन्मजात होती है। समग्र रूप में इनकी संतुष्टि ही भारतीय संस्कृति का सार है।
- दीनदयाल उपाध्याय


ADMISSIONS OPEN 2025

VIT® BHOPAL
www.vitbhopal.ac.in




THE FUTURE IS YOURS...
It's time to
AI
APPLY IMMEDIATELY





GET THE VIT BHOPAL EDGE

- World-Class Faculty with Doctoral Expertise
- Collaborative & Active Learning (CALTech™) Pedagogy
- 300+ Acre Green Campus
- 70+ MoUs with leading Global Universities
- Diverse Cultural Environment with students from 32 States / Union Territories

PLACEMENT STATISTICS

- ₹52 LPA Highest CTC*
- 730+ Super Dream & Dream Offers*
- Microsoft Placements 6 years in a row

CENTRALIZED PLACEMENT THROUGH VIT VELLORE

*2024 Passed out Batch | Super Dream Offer - Above ₹10 Lakh CTC; Dream Offer - Above ₹5 Lakh CTC | Offers include FTE & Internship

FUTURE READY 5-YEAR INTEGRATED M.TECH PROGRAMMES
(Admission after 10+2 | No Entrance Exam)
- M.Tech Artificial Intelligence
- M.Tech CSE (Computational & Data Science)
- M.Tech CSE (Cyber Security) ■ M.Tech AI & Bioinformatics

ARCHITECTURE PROGRAMME
B.Arch - 5 years (Approved by COA)
Eligibility: Students with a valid score of NATA

UG PROGRAMME - B.B.A.
Regular (3 Years); Honours (4 Years);
Honours with Research (4 Years) as per NEP norms

FUTURE READY 2-YEAR PG PROGRAMMES
- M.Tech CSE (Cyber Security & Digital Forensics)
- M.Tech Artificial Intelligence & Data Science
- M.Tech VLSI Design ■ M.B.A. ■ M.C.A.

RESEARCH PROGRAMME - Ph.D
■ Engineering ■ Sciences ■ Business Studies ■ Humanities

VIT Bhopal University
Bhopal-Indore Highway, Kothrikalan, Sehore,
Madhya Pradesh 466 114. admissions@vitbhopal.ac.in

Admission Helpline:
93848 22361
07560-350900 / 901 / 902

To interact and know more type "VIT" and WhatsApp to
+91 70242 40878

Scan to interact and know more

# बेटी बचाओ बेटी पढाओ के तहत कार्यक्रम सम्पन्न



जागरण, सतना। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत वार्षिक कार्य योजना के प्रावधान अनुसार एवं कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशन में सतना जिले में जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय में संचालित सशक्त वाहिनी अभियान की निःशुल्क कक्षा में अध्ययन करने वाली बेटियों के लिए पैड बैंक स्थापित किया गया है। जिसका शुभारंभ शनिवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संजना जैन द्वारा किया गया। साथ ही इस कार्य को ग्रामीण क्षेत्रों में भी विस्तार देने के लिए निर्देश दिये। पैड बैंक से प्रत्येक बालिका को प्रतिमाह निःशुल्क सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। पैड बैंक स्थापना का मुख्य उद्देश्य माहवारी स्वच्छता तथा पोषण के प्रति जागरूकता फैलाना है और बेटियों को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में सहायक संचालक श्याम किशोर द्विवेदी, प्रश्रय वेलफेयर समिति की विपाशा तिवारी, यचिता शुक्ला सहित 100 बालिकाओं द्वारा भागीदारी की गई।

## नीट परीक्षा में सतना की रश्मि-ऐश्वर्या ने मारी बाजी



सतना। हाल ही में नीट एग्जाम के आए परिणाम में सतना ,मैहर जिले की दो बेटियों ने इस परीक्षा के परिणामों को अपने नाम किया है। दोनो ने बेहतर नंबरों से नीट एग्जाम को उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। जानकारी के अनुसार नीट की परीक्षा में सतना जिले के खम्हरिया ग्राम पंचायत के सरपंच व कुर्मी क्षत्रिय समाज के उपाध्यक्ष अनूप सिंह की बेटी रश्मि सिंह ने नीट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। रश्मि सतना सांसद गणेश सिंह की पारिवारिक नातिन है। वहीं अमरपाटन के गोविंद सिंह की पुत्री ऐश्वर्या ने भी नीट एग्जाम में सफलता पाई है। दोनो बेटियों की सफलता पर कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह व जिलाध्यक्ष डॉ दुर्योधन सिंह ने कहा कि ये समाज के लिए गौरव की बात है बेटों के साथ समाज की बेटियां भी इस तरह की कठिन परीक्षाओं को अपने नाम कर समाज का गौरव बन रही है उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं हैं । जिल वहीं जिला पंचायत सदस्य ज्ञानेंद्र सिंह,पार्षद अजय सिंह मिंटू,गीतेश्वर सिंह ने भी दोनो काबिल बेटियों को बधाई प्रेषित की है।

## सर्प-दंश से जन-सामान्य के बचाव के लिए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी जारी

जागरण, सतना। मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सर्पदंश के मामलों को गंभीरता से लेते हुए इसे स्थानीय आपदा घोषित किया है। पिछले वर्ष सर्प-दंश से 2,500 से अधिक मौत हुई थीं जिससे व्यापक जनहानि हुई थी। बारिश के मौसम में बढ़ने वाली इन घटनाओं की रोकथाम के लिए एक बहुआयामी रणनीति तैयार की है, जिसमें जनजागरूकता, आपातकालीन सेवाओं का सुदृढ़ीकरण और निवारण संबंधी उपाय शामिल किए गए हैं।

**जनजागरूकता और प्रशिक्षण पर विशेष जोर** : इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत और शहरी वार्ड स्तर पर स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोशल मीडिया, रेडियो, होर्डिंग्स और प्रिंट मीडिया के जरिए सर्पदंश से बचाव और प्राथमिक उपचार की जानकारी प्रसारित की जाएगी। स्कूलों और कॉलेजों में विशेष सत्र आयोजित कर विद्यार्थियों को इस खतरे और उससे बचाव के उपायों के बारे में शिक्षित किया जाएगा।

**आपातकालीन सेवाओं को मजबूत बनाने की पहल** : प्रत्येक जिले में प्रशिक्षित सर्प मित्र और स्नेक-कैचर्स की तैनाती की जाएगी, जिनके हेल्पलाइन नंबर जनता को उपलब्ध कराए जाएंगे। सभी सरकारी अस्पतालों में एंटी-वेनम (विषनाशक दवा) का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाएगा। पीड़ितों को निकटतम चिकित्सा केन्द्र तक पहुँचाने की व्यवस्था को और सुचारू बनाया जाएगा, ताकि आपात स्थिति में त्वरित सहायता मिल सके।

**निवारक उपायों पर सामुदायिक भागीदारी** : जनजागरूकता गतिविधि में ग्रामीणों को खेतों और जंगलों में काम करते समय मोटे जूते और दस्ताने पहनने की सलाह दी जाएगी। घरों के आसपास सफाई रखने, झाड़ियों को काटने और कूड़े के उचित निपटान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पशुपालकों को पशुशालाओं के आसपास बाड़ लगाने और पर्याप्त रोशनी का प्रबंध करने की सलाह दी गई है। पर्यटन स्थलों पर सर्प अधिकता क्षेत्रों को चिह्नित करने और चेतावनी बोर्ड लगाने का भी प्रावधान किया गया है।

**बजट आवंटन और जनता से अपील** : राज्य सरकार ने इस अभियान के लिए प्रत्येक जिले को 23.17 लाख रुपये आवंटित किए हैं। बजट का उपयोग प्रशिक्षण, मॉक ड्रिल और जनजागरूकता कार्यक्रमों में किया जाएगा। जनता से अपील की गई है कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक या देसी उपचार की बजाय तुरंत निकटतम अस्पताल पहुँचें, क्योंकि पहला एक घंटा गोल्डन आवर यानि जीवनरक्षक होता है। साथ ही, सांपों को मारने या परेशान करने के बजाय उन्हें दूर भगाने के उपाय करने पर जोर दिया गया है। इस व्यापक अभियान से उम्मीद की जा रही है कि राज्य में सर्पदंश से होने वाली मौतों में उल्लेखनीय कमी आएगी।

## महाकाल प्रदर्शनी का किया शुभारंभ



सतना। नगर परिषद रामपुर बघेलान के वार्ड क्रमांक 15 दुर्गा मंदिर परिसर में रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती शुभांगी सिंह के मुख्यातिथ्य में महाकाल प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ किया गया। साथ ही श्रीमती शुभांगी सिंह ने ग्वालियर से आकर रामपुर बघेलान में बड़े शहरों की तरह प्रदर्शनी लगाकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी शहर जैसी अनुभूति कराने के लिए मेले में आए सभी मेला व्यावसायियों को बधाई दी। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामपुर बाघेलान थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी मेला प्रबंधक दीपेंद्र दंडोतिया ग्वालियर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेश कचेर आशीष सिंह अंबू सौरभ सिंह भोलू जितेंद्र गुप्ता अनूप सिंह पार्षद उमेश विश्वकर्मा सुखलाल बंसल के साथ सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# अगर एसएडीओ पर कार्यवाही नहीं हुई तो कृषि मंत्री से करेंगे शिकायत

## कृषि स्थाई समिति के सभापति ने खोला मोर्चा






जागरण, सतना। किसानो के साथ अभद्रता करने वाले एसएडीओ एवं अन्य जवाबदार कर्मचारियों के विरूद्ध कृषि स्थाई समिति के सभापति अनिल साकेत ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होने स्पष्ट शब्दो में चेतावनी दी है कि यदि वरिष्ठ अधिकारियों ने एसएडीओ रामपुर बाघेलान अशोक निगम एवं मुख्यालय में निवास नही करने वाले अन्य कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही नही तो इस मामले की शिकायत कृषि मंत्री से की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व में एसएडीओ अशोक निगम ने बीज की जानकारी लेने गये एक किसान के साथ अभद्रता कर उसे चलता कर दिया था। जिसके बाद व्यथित किसान ने न सिर्फ एसडीएम रामपुर बाघेलान आरएन खरे के समक्ष शिकायत दर्ज कराई बल्कि सीएम हेल्पलाईन में भी शिकायत दर्ज कराई थी।

**एसएडीओ सहित मुख्यालय में नही रहता अमला** : एसडीएम से शिकायत करते हुये पीडित किसान ने कहा है कि कृषि विभाग में पदस्थ एसएडीओ और आरएईओ मुख्यालय में निवास नही करते। इतना ही नही आरोप में यह भी कहा गया है कि कृषि विभाग का अमला कभी फील्ड में नही जाता और न ही किसानो को कोई जानकारी देता की उन्हे किस तरह की फसल की बोनी करनी चाहिए । कोई किसान जानकारी लेने कार्यालय आता है तो उसे भगा दिया जाता है। जानकार बताते है कि कृषि विभाग का अमला मुख्यालय में नही बल्कि सतना एवं रीवा में निवास करता है। कृषि स्थाई समिति के सभापति अनिल साकेत ने कृषि विभाग के अमले पर आरोपी लगाते हुये कहा है कि कार्यालय में व्यापक भ्रष्टाचार मचा है यहां पर न तो अधिकारी मुख्यालय में रहते और न ही उनके विभाग के आरएयू सभापति ने यहां तक आरोप लगाया है कि कृषि विभाग का अमला फील्ड विजिट भी नही करता और न किसानो को कोई जानकारी देता।

**तो क्या डीडीए और एसडीएम करेगें कार्यवाही** : अब सवाल यह उठता है कि किसानो के साथ अभ्रदता करने वाले और मुख्यालय में निवास नही करने वाले एसएडीओ अशोक निगम एवं आरएइओ के विरूद्ध एसडीएम और डीडीए मनोज कश्यप कार्यवाही करेंगे। हालांकि अपने बयान में इन दोनो अधिकारियों ने सख्त कार्यवाही की बात कही थी । लोगो को अब इन अधिकारियों द्वारा की जाने वाली कार्यवाही का इंतजार है। यदि कार्यवाही नही की गई तो पूरा मामला कृषि मंत्री के समक्ष रखने की चेतावनी कृषि स्थाई समिति के सभापति ने दे दी है।

## नाबालिग को पुलिस ने गुजरात से ढूंढ़ निकाला

जागरण, सतना। पुलिस अधीक्षक मैहर श्री सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में कार्य करते हुए थाना प्रभारी बदेरा निरीक्षक अभिषेक सिंह परिहार व उनकी टीम द्वारा डेढ माह पूर्व अपहृत बालिका को गांधी धाम गुजरात से सकुशल खोज निकाला एवं बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व उसके साथ दुष्कृत्य करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया । 30 अप्रैल 25 को थाना बदेरा क्षेत्र अंतर्गत निवासरत फरियादी द्वारा अपनी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहलाफुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में सूचना दी गई। जिस पर थाना बदेरा में धारा 137(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर अपहृता की तलाश प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक मैहर द्वारा थाना प्रभारी बदेरा को अपहृता की तत्परतापूर्वक तलाश करते हुए शीघ्र दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी बदेरा निरीक्षक अभिषेक सिंह परिहार व उनकी टीम द्वारा डेढ माह की कड़ी मेहनत के बाद अपहृता को गांधी धाम गुजरात से खोज निकाला गया । अपहृता से पूछताछ एवं विवेचना के दौरान यह पाया गया कि ग्राम लटागांव के 31 वर्षीय युवक ने बालिका से अपनी जान पहचान बढाकर पहले उससे दोस्ती की फिर उसे बहलाफुसलाकर गुजरात ले गया और उसके साथ दुष्कृत्य किया । आरोपी पहले से ही शादीशुदा है और उसके एक संतान भी है। पुलिस के द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है ।

## बाणसागर अष्टभुजी दुर्गा माता मंदिर में पौधरोपण



जागरण, कोटर। कोटर तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अबेर के बाणसागर में स्थित अष्टभुजी दुर्गा माता मंदिर में शनिवार को शमी के पौधे का वृक्षारोपण किया गया। मान्यता के अनुसार शमी का पौधा मंदिर परिसर और घर में लगाना शुभ माना जाता हैए क्योंकि यह न केवल धार्मिक और वास्तुशास्त्र की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैए बल्कि यह घर में सुख.समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा भी लाता है।जितेंद्र शर्मा पुलिसवाला राष्ट्रीय समाचार पत्रिका के संभागीय ब्यूरो रीवाए मध्यप्रदेश शासन द्वारा पंजीकृत साथ आईसना संगठन के संभागीय अध्यक्ष रीवा ने शमी के पौधे का वृक्षारोपण किया।

## युवा संगम मेला 18 जून को शासकीय आईटीआई सतना में

सतना। जिला प्रशासन, शासकीय आईटीआई सतना एवं जिला रोजगार कार्यालय सतना के सहयोग से सतना जिले में एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि सतना जिले के शासकीय आईटीआई कॉलेज परिसर में 18 जून को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक युवा संगम मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में चैतन्य फायनेंस, संजीव मोटर्स आमधने प्राइवेट लिमिटेड, धूत ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड, प्राकृतशील एग्रोटेक, इंनफिनिटी कैरियर सोल्यूशन, देवा इंटरप्राइजेज, मदरशन सूमि, गोकलदास एक्सपोर्टस लिमिटेड, एसआईएस सिक्योरिटी सर्विस, एसजी सेवा संस्थान, लावा मोबाइल, शैडोफॉक्स लोजीस्टीक्स सोल्यूशन, रवीवा वर्क फोर्स प्राइवेट लिमिटेड तथा एलटी कन्स्ट्रक्शन पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं आईटीआई, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन उत्तीर्ण तथा आयु 18 से 35 वर्ष के बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

## पार्टी विचारधारा के निर्भीक सक्रिय कार्यकर्ता को ही बागडोर सौंपी जाएगी : अनिल चौधरी



जागरण, सतना। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पूर्व विधायक अनिल चौधरी के मुख्य अतीथि एवं प्रदेश के पर्यवेक्षक पूर्व विधायक विनय सक्सेना एवं राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा के विशेष उपस्थिति में संगठन सजन अभियान की बैठक मझगमा एवं बिरसिंहपुर में संपन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा की पोलिंग बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को तैयार करना हमारा प्रथम लक्ष्य है जिले में कार्यकर्ताओं के सुझाव के आधार पर जमीनी स्तर में संगठन को खड़ा करना है श्री चौधरी ने कहा कि पार्टी में निर्भीक मेहनती एवं इमानदार कार्यकर्ता को ही पार्टी की बागडोर सौंपी जाएगी पार्टी विचारधारा से बाहर के व्यक्ति विचारधारा के व्यक्ति का पार्टी में कोई स्थान नहीं है राहुल गांधी जी का सोच की इस सरकार के जुल्मों के खिलाफ जो लड़ाई लड़ेगा उसे संगठन में जवाबदारी सौपी जाएगी राहुल गांधी के देश का है कि धर्म में डरना नहीं है सरकार के साथ संघर्ष की लड़ाई लड़ना है चौधरी जातिगत जनगणना लागू होने पर लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी जी को बधाई दी कार्यक्रम को पर्यवेक्षक बिनय सक्सेना पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने भी संबोधित किया कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन मंत्री प्रदीप समदड़िया जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी मवासी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र गर्ग कमलेश मिश्रा रामजी निगम बृजेश प्यासी संतोष चतुर्वेदी राम नरेश तिवारी भूपेंद्र सिंह गौड़ राजेंद्र गर्ग नवनीत गुप्ता संतोष चतुर्वेदी वीरेंद्र सिंह अजेंद्र पांडे राम बेटा वर्मा कृष्ण मोहनशर्मा केसरी प्रसाद यादव उमेश गर्ग भूप सिंह सुखेंद्र कुमार अंक देव सिंह वंदना सिंह रितेश त्रिपाठी राकेश कुशवाहा जयकरण त्रिपाठी पप्पू सिंह कुशवाहा राजेश यादव पचली वीरेंद्र पांडे राजेश त्रिपाठी राम पप्पू सिंह ओंकार सिंह राम विश्वास साकेत गोपिका कुशवाहा भोला तिवारी राम तुला तिवारी राम प्रकाश कुशवाहा सोहन परोहा धनीराम विश्वकर्मा मोहम्मद नासिर खोखर इदरीश भाई केशव प्रसाद शर्मा मोहम्मद खादिम मोहम्मद सफीक रीता साकेत इदरीश खान मुमताज खान योगेश पांडे विकी खान भूपेंद्र रोहिणी प्रसाद गौतम रामनरेश पांडे नंदकिशोर गंगा गौतम राजेश त्रिपाठी अशोक द्विवेदी शहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## हितग्राहियों को खाद्यान्न लेने में नहीं हो कोई असुविधा: खाद्य मंत्री श्री राजपूत

सतना। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत प्रदेश में 5 करोड़ से अधिक पात्र हितग्राहियों को प्रति माह लगभग 2 लाख 90 हजार मीट्रिक टन निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी 27 हजार 944 उचित मूल्य दुकानों में पीओएस मशीन स्थापित की जा चुकी हैं। मंत्री श्री राजपूत ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उचित मूल्य दुकानों में परिवार के किसी भी सदस्य द्वारा बायोमेट्रिक सत्यापन/ओटीपी के माध्यम से राशन प्राप्त किया जा सकता है। अशक्त एवं दिव्यांगजनों के लिये नॉमिनेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इसके तहत यह लोग जिस व्यक्ति को नामांकित कर देते हैं, उन्हें खाद्यान्न प्रदान किया जाता है। राशन वितरण की सूचना हितग्राही को एसएमएस के माध्यम से भी देने का प्रावधान है। प्रदेश में लगभग 653 उचित मूल्य दुकानें शेडो एरिया में हैं, यहां पर समग्र परिवार आईडी के माध्यम से खाद्यान्न का वितरण किया जाता है।

## रामपुर विधानसभा का आज भ्रमण करेंगे पर्यवेक्षक



जागरण, सतना। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत नियुक्त पर्यवेक्षक एवं दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व विधायक अनिल चौधरी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक विनय सक्सेना बबिता साकेत एवं प्रियदर्शन गौर 15 जून को रामपुर विधानसभा क्षेत्र के रामपुर व कोटर ब्लॉक के दौरे पर रहेंगे। पर्यवेक्षक दल का पहला कार्यक्रम प्रातः11 बजे कृष्णा पैलेश रामपुर एवं दोपहर 2 बजे सुखोत्सव पैलेश कोटर में संगठन सृजन अभियान की बैठक में भाग लेंगे। तथा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवम पूर्व विधान सभा प्रत्याशी रामशंकर पयासी ने क्षेत्र के सभी वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारियों जनप्रतिनिधियों मोर्चा.संगठनों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं पंचायती राज नगरीय निकाय मंडी के पदाधिकारीयों से बैठक में निर्धारित समय से उपस्थित होने की अपील की है।

# अब किफायती जरूरते और करीब

## 15 जून तक ग्रैंड ओपनिंग इवेंट में होगा मस्ती, धमाल और एक्सक्लूसिव गिवअवे का ज़बरदस्त आयोजन




जागरण, सतना। एशिया के सबसे बड़े होम इम्प्रूवमेंट रिटेलर्स में से एक अब सतना में अपना पहला स्टोर खोलने जा रहा है। यह नया स्टोर तिवारी टावरए रीवा रोड रेलवे कॉलोनी में स्थित होगा। यह उद्घाटन मध्य प्रदेश में ब्रांड के निरंतर विस्तार का हिस्सा है और सतना के लोगों के लिए लेकर आएगा मि.डे का वादा कृ ढेर सारी वैरायटी किफायती दाम और पूरे परिवार के लिए मज़ेदार शॉपिंग का अनुभव। इस खास मौके को सेलिब्रेट करने के लिए 13 से 15 जून तक एक भव्य उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित कर रहा हैए जिसमें लाइव म्यूज़िकए पॉपकॉर्न और कॉटन कैंडी काउंटर जैसी मज़ेदार गतिविधियाँ होंगी। इसके अलावा जो ग्राहक एक ही बिल में 1000 या उससे अधिक की खरीदारी करेंगेए उन्हें एक फ्री बॉटल भी भेंट की जाएगी। आपको मिलेंगे 15 हजार से अधिक किफायती प्रोडक्ट्स कृ जैसे कि होम डेकोर फर्निशिंग स्टेशनरी किचन और क्लीनिंग एसेंशियल्स फैशन एक्सेसरीज़ खिलौने इलेक्ट्रिकल गैजेट्स और भी बहुत कुछ। स्मार्ट किचन टूल्स क्रिएटिव स्टेशनरी पार्टी सप्लाई और फिटनेस गियर जैसे आइटम्स के साथ यह स्टोर एक ऐसा ख़ज़ाना हैए जहां हर किसी के लिए कुछ न कुछ है कृ और वो भी एक ही छत के नीचे। वैश्विक स्तर पर डत्ण्क्प्ल् 14 देशों में 5 हजार से अधिक स्टोर्स के साथ अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कर चुका है। भारत में ब्रांड 12 राज्यों के 100 शहरों में तेज़ी से फैल रहा है। सतना में यह नया स्टोर इस विस्तार की दिशा में एक और मज़बूत कदम है जो देशभर के परिवारों को डत्ण्क्प्ल् से जोड़ने में सहायक होगा। सतना के सभी शॉपर्स को आमंत्रित किया जाता है कि वे डत्ण्क्प्ल् के इस नए स्टोर में आएंए ढेर सारे प्रोडक्ट्स की रेंज एक्सप्लोर करें और वह शानदार वैल्यू.फॉर.मनी अनुभव लें जिसने इस ब्रांड को एशिया भर में एक लोकप्रिय नाम बना दिया है।

# जागरुकता और लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन आज से 30 जून तक

## धरती आबा जनजजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत होगा आयोजन

जागरण, सतना। जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत 15 जून से 30 जून 2025 तक जिले के चिन्हित जनजातीय ग्रामों में धरती आबा जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जायेगा। अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक कमलेश्वर सिंह ने बताया कि अभियान में शिविरों के माध्यम से आधारकार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाणपत्र, पीएम किसान, जनधन खाता, के वितरण के साथ ही शिविर के माध्यम से सिकल सेल रोग और उसके परीक्षण के बारे में आमजनता को जागरूक किया गया। इस अभियान में व्यक्तिगत लाभ वितरण के लिए शेष पीवीटीजी बस्तियों एवं जनजातीय गांव का चिन्हांकन करना, 15 से 30 जून तक ग्राम/कलस्टर स्तर पर अवेयरनेस एण्ड बेनीफिट सेचुरेशन कैम्प का आयोजन किया जायेगा। स्वास्थ्य, खाद्य, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय, कृषि और राजस्व आदि विभागों के बीच अभिसरण सुनिश्चित करना, आधार कार्ड ई-केवायसी और दस्तावेजीकरण संबंधी सेवाओं के लिए एनजीओ, सीएससी या इसी तरह के संगठनों में शामिल करना तथा जिलेवार सूक्ष्म योजनायें/शिविर कैलेंडर और निगरानी ढांचा तैयार करना तथा योजना अंतर्गत लाभार्थियों की समय पर रिपोर्टिंग शिविरों के माध्यम से सुनिश्चित की जायेगी।

## दिवंगत आत्माओं को दी श्रद्धांजलि



सतना । अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट के दुर्घटनाग्रस्त होने पर रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह ने गहरा दुख व्यक्त किया है साथ ही कहा की यह अत्यंत दुखद घटना है। इस दुखद हादसे में जान गंवाने वाले यात्रियों को विधायक श्री सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से कामनां की। और शोकसंतप्त परिवारों को इस असहनीय दुःख को सहन करने प्रार्थना की। साथ इस दुर्घटना में घायल हुए यात्री के लिए सीघ्र स्वस्थ्य होने ईश्वर से प्रार्थना की।

## गायत्री स्वयं सहायता समूह अहीरगांव के अध्यक्ष पद के निर्वाचन की जांच पूर्ण

जागरण, सतना। गायत्री स्वयंसहायता समूह हेतु गठित जांच दल से प्राप्त जांच प्रतिवेदन डीपीएमएन आरएलएमसतना का पत्र क्रमांक 378 दिनांक 10 जून 2025 तथा मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सोहावल से प्राप्त गायत्री स्वयं सहायता समूह अहीरगांव के शिकायती आवेदन पत्रों की जांच हेतु जिला स्तर से शासन के नियम निर्देशानुसार जांच दल गठित किया गया । उक्त स्वयं सहायता समूह के नवीन अध्यक्ष पद व अन्य पदों के निर्वाचन हेतु जांच दल 9 जून 2025 को ग्राम पंचायत अहीरगांव जनपद पंचायत सोहावल में निर्धारित समय 10 बजे समूह के अध्यक्ष पद के निर्वाचन कार्य हेतु टीम पहुंचीए लेकिन समूह के सदस्य समय से नहीं पहुंचे बल्कि 11 बजे ग्राम पंचायत भवन में पहुंचे एतत्पश्चात समूह के सदस्यों को शासन के नियम निर्देशों को बताए गए जिसमें शासन के निर्देशानुसार 2 वर्ष में स्वयं सहायता समूह के पदाधिकारी परिवर्तित करने की कार्यवाही किया जाना है। जिस अनुक्रम में आज टीम समूह के सदस्यों के मांग व आंदोलनरत सदस्यों के मांग अनुसार कार्यवाही हेतु उपस्थित होकर पंचनामा तैयार किया गया और सदस्यों को प्लेन कागज दिया गया जिसमें की पूर्व के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी को परिवर्तित कर नवीन अध्यक्ष कोषाध्यक्ष,सचिव,के नाम लिखित रूप से प्रस्तावित कर परिवर्तित करने हेतु चाहा गया किंतु किसी भी सदस्य द्वारा लिखित में उपलब्ध नहीं कराया गया।बल्कि नवीन कोषाध्यक्ष हेतु पूर्णतः माना कर दिया गया।

## बोरिंग के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में श्रमिक की मौत

रीवा। नईगढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत हर्दी तिवरियान गांव में बोरिंग कार्य के दौरान एक श्रमिक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतक की पहचान सुमित धोबी पिता सुदामा धोबी निवासी लक्ष्मीपुर जिला सूरजपुर छत्तीसगढ़ के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात्रि हर्दी तिवरियान गांव में बोरिंग की जा रही थी। बताया जा रहा कि रात करीब 1 बजे सुमित बोरिंग मशीन के पास मिट्टी हटाने का कार्य कर रहा था। इसी बीच उसके सीने में अचानक दर्द की शिकायत के बाद साथी श्रमिकों द्वारा उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नईगढ़ी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल पर मौजूद नीलेश तिवारी ने बताया कि सुमित ने सीने में दर्द की बात कही थी, जिसके बाद तुरंत अस्पताल लाया गया। कानूनी प्रक्रिया के उपरांत शुक्रवार को उसका पोस्टमार्टम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत के असली कारण स्पष्ट हो सकेंगे। पुलिस अब मर्ग कायम कर पूरी घटना की जांच कर रही है।

## कार की ठोकर से बाइक सवार तीन घायल

रीवा। मऊगंज थाना क्षेत्र के कटरा-मऊगंज मुख्य मार्ग पर शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा नईगढ़ी थाना क्षेत्र के महेवा गांव के समीप हुआ। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने पुलिस को खबर दी, जिसके बाद डायल 100 वाहन मौके पर पहुंचा और तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी पहुंचाया गया।

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण Sunday
वर्ष 72 अंक 257 पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 15 जून, 2025
आषाढ़ कृष्ण पक्ष 04, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए
www.dainikjagranmpcg.com

# ईरानी मिसाइलों ने लौह कवच को भेदकर इजराइल में मचाई तबाही

## इजराइली रक्षा मंत्री की धमकी: अब एक भी मिसाइल आई तो तेहरान को बर्बाद कर देंगे

**येरूशलम, जेएनएन।** ईरान ने शनिवार तड़के (3.15 बजे) इजराइल पर जवाबी हवाई हमले किए। 150 बैलिस्टिक मिसाइलों से किए गए हमले के सामने इजराइल का रक्षा कवच आयरन डोम फेल हो गया और मिसाइलें येरूशलम और तेल अवीव पर गिरीं। इजराइली मीडिया ने बताया कि हमले में तीन नागरिकों की मौत हो गई जबकि 34 घायल हैं। उधर अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि उसकी सेना ने इजराइल की ओर बढ़ रही ईरानी मिसाइलों को मार गिराने में मदद की। अमेरिका इजराइल की रक्षा करेगा।

हालांकि, ईरान के हमले में तेल अवीव के पास रमत गान में एक आवासीय अपार्टमेंट ब्लॉक सहित कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। मध्य तेल अवीव में एक अन्य इमारत पर भी हमला किया गया, जिससे कई मंजिलों को काफी नुकसान पहुंचा। ईरान के हमले में इजराइलियों की मौत इसलिए नहीं हुई क्योंकि प्रशासन को अनुमान हो गया था कि ईरान हमला करेगा और उसने हमले के संभावित स्थानों के सभी नागरिकों को बंकरों में भेज दिया था।

वहीं, ईरान ने शनिवार को फिर दोहराया कि कार्रवाई जारी रहेगी। ईरानी नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने कहा कि ईरान के सशस्त्र बल इजराइल का सामना करने के लिए तैयार हैं। इजराइली शासन ने बड़ी गलती कर दी है। ईरान इजराइल को बर्बाद कर देगा। इधर तेहरान में ईरानियों ने इजराइल के खिलाफ प्रदर्शन किया। सीरिया ने ईरान की सभी उड़ानों को स्थगित कर दिया जबकि ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर और ट्रंप ने बढ़ते ईरान-इजराइल संघर्ष को लेकर फोन पर चर्चा की।



### इजराइल ने कहा-ईरान को नहीं बनाने दिया जाएगा परमाणु बम



इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने शनिवार को ईरान को धमकी दी कि अगर उसने मिसाइलें दागना जारी रखा तो तेहरान को तबाह कर दिया जाएगा। इससे पहले उन्होंने एक बैठक की, जिसमें चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ इयाल जमीर, मोसाद के निदेशक डेविड बार्निया और इजराइली सैन्य नेतृत्व के तमाम अधिकारी मौजूद थे। इसके बाद एक बयान जारी किया गया, जिसमें ईरान पर की गई सामरिक कार्रवाई पर संतोष जताया गया। बयान में कहा गया कि ईरान को परमाणु बम नहीं बनाने दिया जाएगा। उसे रोकने की दिशा में इजराइल ने अच्छा काम कर दिखाया। ईरानी सेना को लगभग नेतृत्व-विहीन कर दिया गया। ईरान के परमाणु ठिकानों को नष्ट करने का दावा भी किया गया।

### हातमी बने ईरान के नए सेना प्रमुख



ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने मेजर जनरल अमीर हातमी को इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान की सेना का मुख्य कमांडर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति ऐसे समय पर हुई है जब इजराइल की तरफ से किए गए बड़े हवाई हमले में ईरान के सैन्य और परमाणु नेतृत्व का लगभग सफाया हो गया है। हातमी ईरान के रक्षा मंत्री रह चुके हैं। वे साल 2013 से 2021 तक विदेश मंत्री भी रहे थे। उनके पास तीन दशकों से ज्यादा का सैन्य अनुभव है। गौरतलब है कि शुक्रवार को इजराइल के हमले में ईरानी सेना के मुख्य कमांडर मोहम्मद हुसैन बाघेरी की मौत हो गई थी।

### भारतीयों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

इजराइल में भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं, जिसमें उनसे तनाव के बीच सतर्क रहने और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने का आग्रह किया गया है। उन्हें अनावश्यक यात्रा से बचने और सुरक्षित आश्रयों के पास रहने की सलाह दी गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर साझा किए और लिखा, हम भारतीय नागरिकों की सुरक्षा की लगातार निगरानी कर रहे हैं। किसी भी आपात स्थिति में 972 54-7520711 और 972 54-3278392 पर संपर्क करने की सलाह दी गई है।

### पचमढ़ी में भाजपा विधायक-सांसदों का प्रशिक्षण वर्ग शुरू

## शाह बोले- अगर कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने पार्टी के निर्वाचित प्रतिनिधियों को अनुशासन में रहने की नसीहत दी है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे। अगर कोई गलती हो जाए तो उसे दोहराएं नहीं। गलत बयानबाजी तो बिलकुल ही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा अनुशासन के लिए जानी जाती है, इसे सभी को अच्छी तरह से समझना होगा। शाह शनिवार को पचमढ़ी में भाजपा के विधायक-सांसदों के तीन दिनी प्रशिक्षण वर्ग के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सांसदों-विधायकों को बोलने के तरीके के साथ-साथ मोबाइल मैनर पर भी बारीकी से ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि अगर गलती हो जाती है तो उसे दोहराएं नहीं। शाह ने बताया की किस तरह से जनसंघ से लेकर अब तक भाजपा की यात्रा रही है। उन्होंने कहा कि हमारे नेताओं ने दल को खड़ा करने के लिए किस तरह का परिश्रम किया है। शाह ने कहा कि हमें इन सभी बातों का ध्यान रखना होगा। हमारे लिए सबसे पहले दल है और हमें दल को कैसे और मजबूत बनाना है, इसके लिए सतत काम करना होगा। शाह ने कहा मप्र का भाजपा संगठन दूसरे प्रांतों के लिए पाठशाला है। यहां के कार्यकर्ताओं ने हमेशा अथक मेहनत कर देशभर में संगठन की दृष्टि से मिसाल पेश की है। बता दें कि भाजपा अपने प्रतिनिधियों को पंचनिष्ठा के सिद्धांत पर प्रशिक्षण दे रही है। इसी सिद्धांत के आधार पर संगठन की कार्यशैली, पब्लिक डीलिंग, पार्टी गाइडलाइन पर वरिष्ठ नेताओं का संबोधन होगा। शाह ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री ■ शेष पृष्ठ 7 पर









### आरटीई के तहत दूसरा चरण 16 जून से

# 25 जून को आवंटित होगी दूसरी लिस्ट




### आरटीई के तहत प्रथम चरण में प्रवेश की स्थिति

| ब्लॉक | आवेदन | पात्र | आवंटन | प्रवेश |
|---|---|---|---|---|
| रीवा | 1292 | 1051 | 807 | 694 |
| रायपुर कर्चु. | 757 | 648 | 368 | 348 |
| सिरमौर | 541 | 467 | 358 | 312 |
| गंगेव | 384 | 339 | 272 | 256 |
| जवा | 298 | 284 | 221 | 204 |
| मऊगंज | 285 | 258 | 237 | 150 |
| हनुमना | 274 | 259 | 255 | 243 |
| नईगढ़ी | 197 | 183 | 159 | 150 |
| त्योंथर | 151 | 128 | 122 | 112 |

**जागरण,रीवा**

रीवा और मऊगंज जिले के 2800 वंचित और कमजोर परिवारों के लिए आरटीई के तहत प्रवेश के लिए सीटों का आवंटन किया गया था। जिसमें प्रथम चरण में रीवा में 90 प्रतिशत छात्रों व मऊगंज जिले में 94 प्रतिशत छात्रों ने प्रवेश लिया है। यानी की रीवा में अभी भी 10 प्रतिशत व मऊगंज में 6 प्रतिशत छात्र प्रवेश से वंचित रह गए। यह वह छात्र हैं जो प्रवेश के लिए पहुंच ही नहीं पाए या फिर आवंटित स्कूल में उनको दस्तावेजों के फेर में फंसा दिया गया। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अशासकीय विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश के लिए बीते 30 मई को राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा रेंडम आधार पर ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से छात्र-छात्राओं का चयन किया गया था। जिनको 10 जून तक प्रवेश लेना था। बता दें कि इसके पूर्व अभिभावकों द्वारा 7 मई से 21 मई तक निःशुल्क प्रवेश के लिए स्वेच्छा अनुसार प्राथमिकता क्रम में अपनी बसाहट के नजदीक की शालाओं का चयन कर ऑनलाइन फॉर्म भरे गए थे। जिनका जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर 23 मई तक सत्यापन किया गया। रीवा और मऊगंज जिले को मिलाकर कुल 4179 आवेदन किए गए थे, जिसमें सत्यापन के बाद कुल 3617 आवेदन पात्र मिले। अब प्रथम चरण में कुल 2800 सीटों के प्रवेश के लिए आवंटन किया गया था, जिसमें प्रथम चरण में 2536 छात्रों ने प्रवेश लिया है। रीवा में आवंटित 2149 सीटों में 1926 छात्रों ने व मऊगंज जिले में 651 सीटों में 610 छात्रों ने प्रवेश लिया है। अब आरटीई के तहत प्रवेश का दूसरा चरण शुरू हो रहा है।

#### ऐसी होगी दूसरे चरण की प्रक्रिया

आरटीई के तहत दूसरे चरण के प्रवेश के लिए शासन द्वारा गाइडलाइन जारी कर दी गई है। जिसके तहत आवेदकों द्वारा स्कूलों की च्वाइस को अपडेट किया जाने की तारीख 16 जून से लेकर 20 जून तक का समय दिया गया है। इसी प्रकार द्वितीय चरण हेतु ऑनलाइन लॉटरी 25 जून को खुलेगी। आवंटन के बाद स्कूल में प्रवेश और अन्य के लिए 25 से 30 जून तक का समय दिया गया है।

> आरटीई के तहत प्रवेश का दूसरा चरण के लिए च्वाइस 16 जून से शुरू होगी। 20 जून तक यह प्रक्रिया चलेगी। इसके बाद 25 जून को दूसरी लिस्ट का आवंटन होगा व 25 से 30 जून तक अन्य प्रक्रिया चलेगी।
>
> **सिद्धार्थ शर्मा,**
> **प्रभारी आरटीई**

## घर से निकलते समय धूप और लू से बचाव के उपाय करें : डॉ. शुक्ला

**जागरण,रीवा।** जिले में एक सप्ताह से तेज धूप होने से सुबह 10 बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगती हैं। जिसके कारण लू लगने की आशंका बढ़ गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला ने आमजनों को लू से बचाव की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि लू से बचने के लिए जन सामान्य ज्यादा समय तक घर पर ही रहें। जिले में पिछले एक सप्ताह से तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। दिन में 10 बजे के बाद गर्म हवाओं का प्रकोप हो जाता है। आमजन अति आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। खाली पेट घर से बाहर न जायें। इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें। लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय अपनाएं। बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें। पहनने के लिए सूती कपड़ों का अधिक उपयोग करें। लू से बचने के लिए खरबूज, तरबूज, ककड़ी, खीरा, आदि मौसमी फलों का सेवन करें। बेल, सौफ, पुदीना, धनिया आदि के शर्बत तथा छांछ के उपयोग से भी लू से बचाव होता है।

# विकसित भारत के निर्माण में युवाओं के सहयोग की आवश्यकता को कुलगुरु ने समझाया

### विश्वविद्यालय में एक दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन




**जागरण,रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के पर्यावरण जीवविज्ञान में 'शिक्षा में आत्मनिर्भरता' शीर्षक पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान माला का आयोजन विश्वविद्यालय एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. राजेन्द्र कुमार कुड़रिया ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में ओम शर्मा (क्षेत्रीय संयोजक एवं राष्ट्रीय संयोजक, आत्मनिर्भर भारत न्यास का प्रारूप, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास) रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अजय तिवारी, कुलाधिपति विवेकानन्द विश्वविद्यालय एवं डॉ. निलेश पाण्डेय प्रान्त संयोजक, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, महाकौशल प्रान्त रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से की गयी और वभागाध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार तिवारी द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं विषय प्रवर्तन किया गया। तदोपरांत डॉ. अजय तिवारी ने अपने व्याख्यान में निरंतर अभ्यास नित नये ज्ञान को सीखने की महत्ता को समझाया। शिक्षा के साथ अभ्यास एवं स्वावलंबन के गुण को अपनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि ओम शर्मा ने नियमों का पालन, जीवन में अनुशासन एवं स्वयं के पैरों पर खड़े होकर स्वाभिमान से काम करने के लिये छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. राजेन्द्र कुमार कुड़रिया ने अध्ययन के साथ स्किल डेवलपमेन्ट पर विशेष जोर देते हुये आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना एवं विकसित भारत के निर्माण में युवाओं के सहयोग की आवश्यकता को समझाया। विगत दिनों विश्वविद्यालय में पीएम ऊषा सॉफ्ट कम्पोनेंट के अंतर्गत आयोजित महिला ससक्तिकरण कायक्रम में भाग लेने वाली छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष, पर्यावरण जीवविज्ञान विभाग, डॉ. अतुल कुमार तिवारी, निदेशक आई.क्यू.एसी., प्रो. अतुल पाण्डेय, डॉ. अंशुरानी पटेल, डॉ. अर्पणा सिंह, डॉ. कमलेश मिश्रा, डॉ. चंद्रमणि तिवारी, डॉ. श्रवण पाण्डेय, डॉ. नीतू पटेल, डॉ. सुनील पाण्डेय इत्यादि प्राध्यापकों के साथ विश्वविद्यालय के अतिथि विद्वान व छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. समता शुक्ला द्वारा किया गया।

# बीड़ी तथा खदान मजदूरों के बच्चों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**जागरण, रीवा।** भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा पंजीकृत बीड़ी मजदूरों तथा खदान मजदूरों के बच्चों को शिक्षा सत्र 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया दो जून से प्रारंभ हो गई है। प्री मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 31 अगस्त 2025 तक आवेदन ऑनलाइन दर्ज किए जा सकते हैं। दर्ज आवेदनों में से प्री मैट्रिक विद्यार्थियों के आवेदनों का सत्यापन 15 सितम्बर तथा पोस्ट मैट्रिक विद्यार्थियों के आवेदनों का सत्यापन 15 नवम्बर तक किया जाएगा। इन सभी आवेदन पत्रों के दूसरे चरण का सत्यापन के लिए प्री मैट्रिक आवेदनों में 30 सितम्बर एवं पोस्ट मैट्रिक आवेदनों में 30 नवम्बर की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। इस संबंध में उप कल्याण आयुक्त श्रम कल्याण संगठन जबलपुर ने बताया कि पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को छात्रवृत्ति का लाभ देने के लिए निर्धारित अंतिम तिथि से पहले नेशनल स्कालरशिप पोर्टल पर आवेदन दर्ज करना है। यदि कोई बीड़ी एवं खदान श्रमिक के बच्चे अल्पसंख्यक श्रेणी अथवा अन्य किसी विभाग से उच्चतम छात्रवृत्ति पाने की पात्रता रखते हैं तो वे उसी श्रेणी की छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करें। उन्हें केवल एक श्रेणी की ही छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा। छात्रवृत्ति के लिए पहली बार आवेदन करने पर पोर्टल में पंजीयन कराकर 14 अंकों का ओटीआर नम्बर प्राप्त करना होगा। इसे दर्ज करके पोर्टल में पंजीयन होगा। पंजीयन होने के बाद विद्यार्थी द्वारा दर्ज किए गए मोबाइल नम्बर पर ओटीआर नम्बर प्राप्त होगा।

## समनापुर पुलिस को बड़ी सफलता, 09 साल से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**जागरण डिंडोरी।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी वारंटियों की धरपकड़ अभियान के तहत समनापुर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। वरिष्ठ अधिकारियों के विशेष मार्गदर्शन में दिनांक 13/06/25 को एक विशेष टीम गठित कर 09 साल से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया गया।

माननीय न्यायालय डिण्डौरी द्वारा आरोपी रविन्द्र उर्फ बूटा सोनी पिता स्व. प्रदीप सोनी, उम्र 31 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 12, समनापुर के विरुद्ध कुल 5 प्रकरणों में स्थाई वारंट जारी किए गए थे। अपराध क्रमांक 294/16 धारा 461 भा.दं.वि. अपराध क्रमांक 345/16 धारा 457, 380, 411, 34 भा.दं.वि. अपराध क्रमांक 383/16 धारा 457, 380, 34 भा.दं.वि. 4 अपराध क्रमांक 4/17 धारा 457, 380, 411, 34 भा.दं.वि. अपराध क्रमांक 385/16 में गिरफ्तार वारंट।

आरोपी वर्ष 2016 से लगातार फरार था। पुलिस टीम द्वारा लगातार तलाशी एवं पता-साजी कर दिनांक 13/06/25 की दरम्यानी रात को जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़) से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी की सूचना आरोपी के बड़े भाई को दी गई एवं आरोपी को माननीय न्यायालय डिण्डौरी में प्रस्तुत किया गया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक कामेश कुमार धूमकेती, प्रआर. 175 सहमेन सिंह मरावी, प्रआर. 183 राजेश मरावी, प्रआर. 297 कृष्णपाल सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

### उपेक्षाओं का शिकार हो रहा अटल पार्क

**रीवा।** शहर के नगर निगम परिसर में स्थित अटल पार्क में नियमित रूप से पेड़ पौधों की देखरेख व साफ सफाई नहीं होने के कारण ये लंबे समय से उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं। खासकर पार्क को और अधिक आकर्षक व सुंदर बनाने वाले छोटे-छोटे पौधों का वहां के कर्मचारियों द्वारा सही से देखभाल नहीं किया जा रहा, जिस वजह से पौधे गर्मी की चपेट में आ रहे हैं।

# भारी भ्रष्टाचार के मामले में सचिव हुआ निलंबित

**जागरण डिंडौरी।** जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत गुरैया में निर्माण कार्यों में गंभीर गड़बड़ियों और फर्जी भुगतान के मामले में पंचायत सचिव किशन लाल झारिया को निलंबित कर दिया गया है। जिला पंचायत सीईओ अनिल कुमार राठौर ने यह सख्त कार्रवाई करते हुए सचिव को शासकीय सेवा से तत्काल प्रभाव से निलंबित किया और उन्हें जनपद पंचायत शहपुरा में अटैच कर दिया गया है।

### मनरेगा कार्य में फर्जी मस्टर रोल से भुगतान

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गुरैया में वर्ष 2023-24 के दौरान मनरेगा योजना के अंतर्गत गैबियन स्ट्रक्चर निर्माण कार्य के लिए ?5.08 लाख की राशि स्वीकृत की गई थी। सचिव द्वारा ?57,450 की राशि मस्टर रोल के माध्यम से भुगतान कर दी गई, लेकिन जांच में पाया गया कि स्थल पर कोई निर्माण कार्य नहीं हुआ है। यह जांच सहायक विकास विस्तार अधिकारी आर.के. सलवार और उपयंत्री सौरभ परोहा द्वारा की गई थी।

### स्वागत द्वार निर्माण में भी मिली अनियमितता

इतना ही नहीं, पंचायती 5वें राज्य वित्त आयोग मद से निर्मित स्वागत द्वार के भुगतान में भी सचिव द्वारा नियमों की अनदेखी की गई। न तो पंचायत प्रक्रिया का पालन हुआ और न ही स्थल पर कार्य की मौजूदगी पाई गई। तकनीकी प्रतिवेदन के अनुसार भुगतान की पूरी प्रक्रिया में विसंगति सामने आई है।

### कारण बताओ नोटिस का नहीं दिया जवाब

किशन लाल झारिया को दिनांक 2 जून 2025 को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 3 दिन में स्पष्टीकरण देने को कहा गया था। लेकिन उन्होंने कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया। इसके बाद 5 जून को स्मरण पत्र भी भेजा गया, फिर भी सचिव की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई।

### नियमों का उल्लंघन, लापरवाही का गंभीर मामला

जिला प्रशासन ने इसे म.प्र. पंचायत सेवा (अनुशासन एवं नियंत्रण) नियम 2011 के तहत गंभीर उल्लंघन मानते हुए सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उनके विरुद्ध वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना, कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही और वित्तीय अनियमितताओं के स्पष्ट प्रमाण सामने आए हैं।

प्रशासन की इस कार्रवाई को पंचायत व्यवस्था में पारदर्शिता लाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। साथ ही यह संदेश भी गया है कि शासकीय धन में गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# चाचा ने बेटों के साथ मिलकर भतीजे को पीटा

### किराने की दुकान के विवाद में चले लाठी और डंडे

**टीकमगढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र में किराने की दुकान को लेकर पारिवारिक विवाद हिंसक रूप ले लिया। खादी आश्रम के पीछे बनी कॉलोनी में शनिवार को यह घटना हुई। भगवानदास रजक और उनके बेटे हरिओम ने मिलकर भतीजे विनोद रजक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना का वीडियो सामने आया है। इसमें दोनों आरोपी सड़क पर विनोद को घेरकर लाठी-डंडों से पीटते दिखाई दे रहे हैं।

### ग्राहकी के कारण विवाद

पीड़ित विनोद रजक ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। विनोद ने बताया कि उसकी और चाचा की किराने की दुकानें पास-पास हैं। जहां ग्राहकी को लेकर विवाद होता रहता है। शनिवार को जब वह बाहर गया था, तब उसके बेटे ने फोन कर बताया कि चाचा भगवानदास गालियां दे रहे हैं। घर लौटने पर चाचा ने उसे भी गालियां दीं। मना करने पर उन्होंने मारपीट शुरू कर दी।

### दोनों आरोपियों पर मामला दर्ज

कोतवाली थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर मनोज द्विवेदी ने बताया कि विनोद को चोटें आई हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

## सरई विद्युत वितरण केंद्र के नए कनिष्ठ अभियंता होंगे प्रमोद राय

**जागरण सरई।** मध्य प्रदेश शासन के नियमानुसार सिंगरौली जिले के विद्युत वितरण केंद्र सरई के कनिष्ठ अभियंता विवेक सिंह का स्थानांतरण चितरंगी के लिए हो गया है वहीं सरई विद्युत वितरण केंद्र के नए कनिष्ठ अभियंता प्रमोद राय होंगे। वितरण केंद्र सरई के उपभोक्ताओं का आशा एवं विश्वास है कि वर्तमान कनिष्ठ अभियंता द्वारा विद्युत विभाग से संबंधित जो कमियां दूर नहीं हो पाई थीं। उन्हें नये कनिष्ठ अभियंता के द्वारा दूर किया जाएगा अब देखना यह है कि विद्युत वितरण केंद्र सरई के नए कनिष्ठ अभियंता जनता के विश्वास पर कितना खरे उतरते हैं।

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

# कौशल विकास केन्द्र में तीन रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम प्रारम्भ

### विवि कुलगुरु ने दी छात्रों को सौगात, मिलेगा लाभ




**जागरण,रीवा।** अवधेष प्रताप सिंह विश्वविद्यालय कुलगुरु प्रो. राजेन्द्र कुमार कुड़रिया ने अपने पदभार संभालते ही छात्रों को नए पाठ्यक्रमों की सौगात दी है। अब कम खर्च में छात्र ऐसे पाठ्यक्रमों में अध्ययन कर सकेंगे, जिसमें उन्हें अनेकों रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। छात्रों के लिए यह नए पाठ्यक्रम वरदान साबित होंगे। कुलगुरु ने अनेक रोजगारोन्मुखी एवं सामाजिक सरोकार वाले पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करने पर जोर दिया है। इस क्रम में प्रो. कुड़रिया ने विभिन्न शैक्षणिक विभागों के विभागाध्यक्षों एवं प्रभारी आचार्यों को विभिन्न बैठकों के माध्यमों से निर्देशित किया है कि विश्वविद्यालय में पूर्व प्रचलित पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त विभिन्न रोजगारोन्मुखी एवं सामाजिक सरोकार से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ किया जाए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रयोजनों को ध्यान में रखते हुए प्रो. कुड़रिया ने विद्यार्थियों को कौशल प्रदान करने वाले पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जाने हेतु, समस्त शैक्षणिक विभाग के अध्यक्षों को निर्देशित किया है। इसी क्रम में कौशल विकास के अन्तर्गत एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स प्रारम्भ करने का निर्णय लिया है। इन पाठ्यक्रमों -डिप्लोमा इन इंटीरियर डिजाइन, डिप्लोमा इन ब्यूटी केयर एवं डिप्लोमा इन ब्राइडल फैशन एवं मेकअप आर्टिस्ट आगामी सत्र 2025-26 से प्रारम्भ किया जा रहा है, जिनमें एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। कौशल विकास केन्द्र के संचालक प्रो. श्रीकान्त मिश्र ने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नवीन निर्देशानुसार उपर्युक्त डिप्लोमा एवं सार्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में अन्य नियमित पाठ्यक्रमों जैसे कि बी.ए., बी.एस.सी., बी.काम., एम.ए., एम.सी., एम.कॉम. आदि के साथ-साथ प्रवेश लिया जा सकता है। प्रायः ऐसा देखा जाता है कि बहुत सारे विद्यार्थी/सामान्यजन ऐसे कार्यों में दक्ष एवं कुशल तो होते हैं परन्तु उनके पास औपचारिक प्रमाण-पत्र नहीं होता है जिसके कारण वे अनेक सरकारी अनुदानों एवं उन्हें रोजगार के अनेक अवसरों से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में वि.वि. के कौशल विकास केन्द्र द्वारा इन पाठ्यक्रमों के प्रारम्भ होने से रीवा एवं आँचलिक क्षेत्र के विद्यार्थियों में उत्साह देखा जा रहा है। ये पाठ्यक्रम रीवा के विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होंगे।

# फसल विविधीकरण व प्राकृतिक खेती के लिये किसानों को जागरूक करें: कलेक्टर



**रीवा।** आगामी 18 जून को कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा ली जाने वाली संभागीय समीक्षा बैठक से पूर्व कलेक्टर ने तैयारी बैठक में कृषि विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि फसल विविधीकरण व प्राकृतिक खेती के लिये किसानों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जिले में दलहनी एवं तिलहनी फसल का रकबा बढ़ाने के लिये भी किसानों को प्रेरित किया जाय। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि खेती ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। किसानों को धान के उत्पादन से हटकर दलहन व तिलहन फसलों के उत्पादन के लिये प्रेरित करें। दलहन व तिलहन बीज किसानों तक पहुंचायें। कृषि के अतिरिक्त किसानों को उद्यानिकी एवं पशुपालन के साथ मत्स्यपालन की गतिविधियों से जोड़े ताकि कृषि लाभ का धंधा बन सके।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सिंगरौली(म.प्र.)**

नि.आ.सू.क्रं 49–50/व.ले.लि./का.यं./लो0स्वा0या0/खण्ड/सिंगरौली/2025 दिनांक 12.06.2025

पता–विजय बंधु पेट्रोल पम्प के पास, ई–मेल eephedsin@rediffmail.com

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्यो हेत निविदा का आन लाईन वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। आन लाइन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 26.06.2025 सायं 17:30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 27.06.2025 साय 17:30 बजे है । निविदा मे संशोधन की स्थिति मे वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

**Name of work:-** Retrofitting of Piped Water Supply Scheme under jal jeevan mission (JJM) at Village-Lamsarai, jhakharawal, Khadaura, Pokhara, Gajrabahra (OHT125 KL), Harrachandel, Sub Division-Deosar Distt. Singrauli (M.P.) And Retrofitting of Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission (JJM) at Village-Mahuagaon, Nigri, Saraundha, Block-Deosar, Distt-Singrauli (M.P.)

| S. N | NIT No. | Tender ID | PAC (Rs. In Lakhs) | E-EMD in Rs. | Cost of Tender in Rs. | No. of Calls |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 49/2025-26 | 2025_PHED_430310_1 | 179.90 | 179900.00 | 12500.00 | 1st Call |
| 2 | 50/2025-26 | 2025_PHED_430311_1 | 41.53 | 50000.00 | 5000.00 | 1st Call |

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
सिंगरौली(म.प्र.)

G- 14355/25

**आम सूचना**

नोटिस अजतरफ आदित्य तिवारी पिता श्री विजयकांत तिवारी उम्र 21 वर्ष निवासी 9/863 गुरू मार्केट के पास अनन्तपुर, तहसील हुजूर, जिला रीवा (म. प्र.) आधार कार्ड नम्बर 440145995682 द्वारा सतीश कुमार तिवारी एडवोकेट, शक्तिनगर, उर्रहट, बद्रिका मोटर्स के पीछे इलाहाबाद रोड रीवा. जिला रीवा (म. प्र.)

.......प्रथम पक्ष / नोटिसदाता

बनाम

मनीष तिवारी पिता श्री अत्रमुनी तिवारी उम्र 33 वर्ष, निवासी विवेकानन्द नगर वार्ड नम्बर 16, उप्पल मोटर वर्कशॉप के पास रीवा, तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) आधार कार्ड नं. 851088795598

.......द्वितीयपक्ष / नोटिसग्रहीता

आप द्वितीयपक्ष द्वारा एच.डी.डफ.सी बैंक का चेक क्रमांक 000026 दिनांक 21.05.2025 तादाती 15,00,000/– (पन्द्रह लाख) रूपये का मेरे पक्षकार प्रथमपक्ष के नाम पर जारी किया गया था। उपरोक्त चेक को प्रथमपक्ष द्वारा अपने यूनियन बैंक आफ इंडिया युनिवर्सिटी शाखा रीवा में भुगतान हेतु लगाया गया था जिस पर उक्त चेक दिनांक 29.05.2025 को आपका खाता ब्लॉक होने के कारण बिना भुगतान किये हुए अनादित कर दिया गया था जिसकी सूचना जरिये विधिक नोटिस रजिस्टर्ड डाक से दिनांक 05.06.2025 को आपको भेजी गयी है। अतएव प्रकाशन के माध्यम से आप द्वितीयपक्ष को सूचना दी जाती है कि चेक की राशि 15,00,000/– (पन्द्रह लाख) रूपये प्रथमपक्ष को उक्त नोटिस प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर अदा कर पावती प्राप्त कर लें, अन्यथा चेक में वर्णित राशि का भुगतान न होने की स्थिति में आप द्वितीयपक्ष के विरूद्ध धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत प्रथमपक्ष सक्षम न्यायालय में वैधानिक कार्यवाही करेगा, जिसके सम्पूर्ण हर्जे खर्चे के जिम्मेवार आप द्वितीयपक्ष होगें।

दिनांक:14.06.2025

भवदीय
सतीश कुमार तिवारी एडवोकेट,
शक्तिनगर, उर्रहट, बद्रिका मोटर्स के पीछे इलाहाबाद रोड रीवा,
जिला रीवा (म.प्र.)

Rn-82632

# पशु चिकित्सकों की कमी से पशुओं का इलाज प्रभावित




## पशु औषधालयों में आधे से ज्यादा पद खाली

### कार्यालय में भी नहीं हैं स्वीकृत कर्मचारी

जागरण, सीधी




जिले में संचालित पशु चिकित्सालयों एवं पशु औषधालयों में चिकित्सकों के स्वीकृत पद लम्बे समय से रिक्त पड़े हुए हैं। चिकित्सकों की कमी के चलते बीमार पशुओं के उपचार में पशु पालको को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति कई सालों से निर्मित है। बताते चले कि सीधी जिले में 24 पशु चिकित्सालयों एवं 41 पशु औषधालयों का संचालन हो रहा है। वर्तमान में पशु चिकित्सालयों में केवल 9 चिकित्सक पदस्थ हैं वहीं 26 पद खाली हैं। इसी तरह जिले में तीन गर्भाधान केन्द्र संचालित हैं। जिनमें स्वीकृत पद के अनुसार पदस्थापना है। जबकि कृत्रिम गर्भाधान उपकेन्द्र 40 संचालित हो रहे हैं। इनमें तीन दर्जन पद रिक्त हैं। पशु चिकित्सा विभाग से संबद्ध अन्य शाखाओं में भी कर्मचारियों की कमी है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि 26 पशु चिकित्सक एवं 43 सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों की पदस्थापना सीधी जिले में हो जाए तो पशुओं के उपचार में आ रही दिक्कतें दूर हो सकती है। जिले में पशु चिकित्सको एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों की कई सालों से कमी है। स्वीकृत पद के अनुसार पशु चिकित्सालयों एवं पशु औषधालयों में पदस्थापना न होने के कारण पशु पालको को अपने बीमारू पशुओं का उपचार कराने के लिए भटकना पड़ता है। बताया गया है कि जिले में पशुओं के उपचार के लिए 24 पशु चिकित्सालय एवं 41 पशु औषधालयों का संचालन तो किया जा रहा है लेकिन आधे से अधिक चिकित्सालयों एवं औषधालयों में उपचार करने के लिए चिकित्सक ही नहीं हैं। लिहाजा यहां पदस्थ अन्य कर्मचारी बीमारू पशुओं का उपचार काम चलाऊ करते हैं। यदि उनके उपचार से बीमार पशु ठीक हो गए तो अच्छी बात है अन्यथा हालत और भी ज्यादा गंभीर हो जाती है। पशुओं की उपचार व्यवस्था सीधी जिले में करीब एक दशक से लगातार दयनीय होती जा रही है। इसका मुख्य कारण पुराने चिकित्सको एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों के सेवा निवृत्त होने के बाद रिक्त पदो पर पदस्थापना न होना है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पशु चिकित्सको एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों की कमी समूचे प्रदेश में है। शासन स्तर से भर्ती न होने के कारण यह स्थिति बनी हुई है। जो कुछ भर्ती बीच में हुई है उस में सीधी जिले में काफी कम पदस्थापना की गई है। विभागीय अधिकारियों द्वारा स्वीकृत पद के अनुसार चिकित्सको एवं सहायक पशु चिकित्सक क्षेत्र अधिकारियों की कमी को लेकर समय-समय पर वरिष्ठ कार्यालयों से पत्राचार किया जा रहा है। बिडम्बना यह है कि वहां से इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### जिले में संचालित पशु संस्थाएं

जिले में संचालित पशु संस्थाओं में विकासखंड सीधी में चार पशु चिकित्सालय, 11 पशु औषधालय, एक कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र, 13 कृत्रिम गर्भाधान उपकेन्द्र समेत कुल 29 हैं। इसी तरह सिहावल विकासखंड में 6 पशु चिकित्सालय, 8 पशु औषधालय, 12 कृत्रिम गर्भाधान उपकेन्द्र समेत 26 हैं। रामपुर नैकिन विकासखंड में 6 पशु चिकित्सालय, 12 पशु औषधालय, दो कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र, 15 कृत्रिम गर्भाधान उपकेन्द्र समेत कुल 35 हैं। मझौली विकासखंड में 4 पशु चिकित्सालय, 5 पशु औषधालय समेत कुल 9 संस्थाएं हैं। कुसमी विकासखंड में 4 पशु चिकित्सालय, 5 पशु औषधालय समेत 9 संस्थाएं हैं। इस तरह सीधी जिले में 24 पशु चिकित्सालय, 41 पशु औषधालय, 3 कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र, 40 कृत्रिम गर्भाधान उपकेन्द्र समेत कुल 108 पशु संस्थाएं संचालित हो रही हैं। इनमें पदस्थ अमला शहरी क्षेत्र में तो ड्यूटी नियमित रूप से कर रहा है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी ड्यूटी पूरी तरह से मनमौजी चल रही है।

### पशुओं में फैलने वाली संक्रामक बीमारियां

पशुओं में विभिन्न संक्रामक बीमारियां होती हैं। इनके बचाव के लिए संक्रामक रोगों के टीके पशु विभाग द्वारा लगाये जाते हैं। संक्रामक बीमारियों में खुरपका- मुंह पका, ब्लैक क्वार्टर, गलघोंटू, एन्थ्रेक्स मुख्य है। संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए विभाग द्वारा खुरपका-मुंहपका के लिए पशुओं को सितम्बर से जनवरी तक टीके लगाए जाते हैं। वहीं ब्लैक क्वार्टर से रोकथाम के लिए मई-जून में टीके लगाए जाते हैं। गलघोंटू एवं एन्थ्रेक्स के लिए मई-जून में टीके लगते हैं। प्रत्येक टीका में कम से कम छः महीने का अंतराल होना चाहिए। पशुओं को चार माह से आठ माह की आयु में भी संक्रामक बीमारियों से रोकथाम के लिए संयुक्त टीके लगाने की व्यवस्था की गई है। वहीं पशुपालकों को इसके लिए जागरूक भी किया जाता है।

# फांसी के फंदे में लटकता मिला नवविवाहिता का शव

## पिता ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

जागरण, सीधी



सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत जोगीपुर में घर के अंदर एक नवविवाहिता का फांसी के फंदे में शव लटकता मिला। सूचना मिलने पर पहुंचे मृतिका के पिता ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली थाना प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है। शिकायती पत्र में शेरबहादुर सिंह पिता स्व. उदयपाल सिंह निवासी ग्राम रत्यौरा, थाना कोरांव, जिला प्रयागराज उत्तर प्रदेश ने कहा है कि दो वर्ष पूर्व उन्होंने अपनी बेटी खुशी सिंह की शादी जोगीपुर निवासी धर्मेन्द्र सिंह पिता हीरालाल सिंह चौहान के साथ की थी। विवाह के दौरान उन्होंने अपनी हैसियत से ज्यादा शादी में खर्च किया था। ससुराल में बेटी के आने पर गाड़ी की मांग लगातार करते हुए मारपीट की जा रही थी। इसकी शिकायत बेटी द्वारा फोन पर कई बार की गई थी। उनके द्वारा अपने दामाद को काफी समझाने का प्रयास भी किया गया। अभी 10 जून 2025 की शाम करीब 5 बजे बेटी खुशी को जान से मारकर घर में कमरे के अंदर पंखे से लटकाकर फांसी का रूप देने का प्रयास किया गया। जब सूचना पाकर वह मौके पर पहुंचे तो बेटी के दोनो पैर जमीन से लगे हुए थे तथा कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। ऐसे में साफ है कि उनकी बेटी को मारकर फांसी में शव को लटकाया गया था। मृतिका के शरीर के दोनो हांथ में नाखून के निशान थे। वहीं मृतिका के पति, ससुर, सास, ननद के हांथों में भी नाखून के खरोंच के निशान बने हुए थे। पीड़ित पिता ने पुलिस प्रशासन से इंसाफ दिलाने की मांग की है।

# सरस्वती विद्यालय के आचार्यो की दक्षता परीक्षा सम्पन्न



जागरण, सीधी। विद्या भारती महाकौशल प्रान्त अन्तर्गत संचालित सरस्वती शिशु मंदिरों में सेवारत आचार्यो तथा लेखा एवं कम्प्यूटर विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की दक्षता परीक्षा का आयोजन 14 जून 2025 को किया गया। जिसके अन्तर्गत सीधी जिले के सरस्वती शिशु मंदिरो में सेवारत आचार्यो की दक्षता परीक्षा जिला केन्द्र सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़रिया सीधी में सरस्वती शिक्षा परिषद मध्यप्रदेश, महाकौशल प्रांत के जिला सचिव विजय कुमार सिंह परिहार के निर्देशन में सम्पन्न हुई। उक्त आशय की जानकारी देते हुए परीक्षा केन्द्राध्यक्ष एवं जिला प्राचार्य राजकुमार सिंह ने बताया कि इस परीक्षा में 120 में से 116 आचार्य परीक्षा में सम्मिलित हुए एवं 4 आचार्य कतिपय कारणों से परीक्षा में सम्मिलित नही हो सके। परीक्षा उपरांत उतर पुस्तिकाओं की शीलबंद कर परिषद कार्यालय जबलपुर मूल्यांकन हेतु भेजा जा रहा है। जिला सचिव विजय कुमार सिंह ने बताया कि दक्षता परीक्षा का मुख्य उद्देश्य सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्यो की दक्षता परीक्षा का आंकलन करना एवं उसी अनुरूप उनके प्रशिक्षण आदि की व्यवस्था करना एवं आचार्यो को नई शिक्षा नीति व शिक्षण पद्वतियों में होने वाले परिवर्तनों से अप टू डेट रखना भी है। परीक्षा कार्य में मुख्य रूप से सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चुरहट के प्राचार्य रमेंश चन्द्र त्रिपाठी, करौदिया प्राचार्य श्रीमती सपना पाण्डेय, सुभाषनगर प्राचार्य दिनेश चन्द्र प्रसाद, मझौली प्राचार्य बृजेश कुमार मिश्रा, सुभाष नगर प्रधानाचार्य मनोज कुमार शर्मा आदि का विशेष योगदान रहा। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़रिया के व्यवस्थापक द्वारिका प्रसाद गुप्त द्वारा सभी परीक्षार्थियों के स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। अल्पाहार उपरांत सभी एक नवीन संकल्प के साथ अपने-अपने कार्य क्षेत्र हेतु प्रस्थान किए।

# डॉ. स्वाति सिंह सहायक प्राध्यापक पद पर चयनित



जागरण, सीधी। एमपीपीएससी 2025 के परीक्षा परिणाम में 26 वीं रैंक प्राप्त कर डॉ. स्वाति सिंह पिता जगत बहादुर सिंह चौहान 35 वर्ष माता श्रीमती साधना सिंह निवासी प्रियदर्शनी नगर जमोड़ी खुर्द वार्ड न. 8 का कामर्स सहायक प्राध्यापक के रूप में चयन किया गया है। ज्ञात होवे कि डॉ. स्वाति सिंह बाल्यकाल से ही एक होनहार छात्र के रूप में जानी जाती रही हैं। उनकी मेहनत व लगन का परिणाम है कि आज वह इस मुकाम को हासिल कर पायी है। सरस्वती विद्यालय मड़रिया की छात्रा डॉ. स्वाति सिंह ने वर्ष 2005 में कक्षा दसवीं की परीक्षा में 88 प्रतिशत, वर्ष 2007 में कक्षा बारहवीं में 79 प्रतिशत, वहीं स्वशासी संजय गांधी महाविद्यालय से बीकाम एवं एम कॉम कामर्स में 68 प्रतिशत, अंकों के साथ उत्तीर्ण किया था।

# पुलिस की गांजा एवं नशीली सिरप को लेकर हुई कार्यवाही



जागरण, सीधी। पुलिस ने अभियान के तहत एक ही दिन में लगभग 2 लाख 76 हजार कीमती 31.60 किलोग्राम गांजा व 59 शीशी नशीली कफ सिरप जप्त कर 8 प्रकरण पंजीबद्ध किये हैं। पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविन्द्र वर्मा भापुसे के नेतृत्व तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, समस्त अनुभागों के एसडीओपी एवं संबंधित थाना प्रभारियों के मार्गदर्शन में सीधी पुलिस द्वारा एक ही दिन में मादक पदार्थों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रभावी कार्यवाही की गई है। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 31.60 किलोग्राम अवैध गांजा तथा 59 शीशी प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप ऑनरेक्स बरामद की गई है, जिनकी कुल अनुमानित कीमत 2,76,000 आंकी गई है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत लल्लू विश्वकर्मा निवासी ऊंची हवेली के पास से 1250 ग्राम गांजा कीमत 12,500 जप्त एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20(बी) के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया वहीं रामबाई गुप्ता निवासी कोटहा मोहल्ला के पास से 470 ग्राम गांजा कीमत 4700 बरामद एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत मामला दर्ज किया गया। इसी तरह पिपरांव चौकी अंतर्गत पुलिस टीम ने राजेश जयसवाल को 3.8 किलो गांजा व 59 शीशी ऑनरेक्स सिरप 100 एमएल कुल कीमत 69 हजार के साथ पकड़ा। एनडीपीएस एक्ट की धाराएं 20 बी, 21, 22, 27 ए, 29 व मप्र ड्रग कंट्रोल एक्ट की धारा 5/13 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज हुआ। वहीं बहरी थाना क्षेत्र के ग्राम पोड़ी निवासी सत्यनारायण नामदेव के घर के पीछे से 15 गांजा पौधे वजन 10.9 किग्रा कीमत एक लाख बरामद, आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 20(ठ) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। जमोड़ी थाना क्षेत्र में भी ग्राम सिरसी निवासी संतोष यादव के कब्जे से बगिया में रखे पॉलिथिन बैग से 850 ग्राम गांजा कीमत 8,500 जप्त कर एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्यवाही की गई। अमिलिया थाने में भी ग्राम सोनवर्षा के वीरेन्द्र तिवारी को जोकहा तालाब के पास से घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के पास से 850 ग्राम गांजा कीमत 8,500 बरामद कर कार्यवाही की गई। इसी तरह चुरहट थाना में झल्ला साकेत पिता बिरझू साकेत उम्र 58 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 5 चुरहट के कब्जे से सर्रा वायपास तिराहा पर आरोपी के कब्जे से 1 किलो 150 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा अनुमानित कीमत 11,500 बरामद कर धारा 8/20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# गोपाल दास मंदिर में हुआ श्री हनुमान चालीसा पाठ

जागरण, सीधी। श्री गुरु बजरंग संघ के तत्वाधान में भारत हिंदू राष्ट्र एवं रविवार गुरुकुल की स्थापना राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु राष्ट्रीय शनिवार सामूहिक हनुमान चालीसा अभियान प्रत्येक शनिवार सुबह 9 बजे एक दिन एक समय एक साथ की विश्व व्यापी सफलता हेतु श्री गुरु बजरंग संघ की ओर से श्री श्री 1008 श्री स्वामी श्री गोपाल दास जी महाराज आश्रम दक्षिण मुखी हनुमान जी में हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। सर्वप्रथम ओम का उच्चारण तीन बार तत्पश्चात श्री हनुमान चालीसा पाठ हुआ। जहां आध्यात्म रामायण मंदिर पुजारी संत शत्रुघ्न दास, संत राजेश्वर दास महाराज, संत श्याम दास महाराज नव नियुक्त नगर अध्यक्ष रमेश गुप्ता का सम्मान किया। गुरु बजरंग संघ के प्रांत प्रचारक धीरेंद्र सिंह परिहार, महेंद्र श्रॉफ, नगर उपाध्यक्ष एवं प्रभारी राजेश सिंह गहरवार, सचिन सिंह, आदित्य सिंह, दीपक विश्वकर्मा, कुसुम कली विश्वकर्मा, आशीष कचेर, डॉ. रामेश्वर पाल, सत्य प्रसाद नामदेव, अतुल पाण्डेय, चमेली मिश्रा आदि हनुमान चालीसा पाठ में सहभागिता निभाएं।

# फादर्स डे

मेरे सुपरहीरो
मेरे डैडी मेरे सुपरहीरो हैं
फिल्म वाले नहीं
बल्कि असली हीरो
मम्मी और मैं
बहुत भाग्यशाली हैं कि
हमारे पास वो हैं
मैं अपने डैडी से सबसे
ज़्यादा प्यार करती हूँ
मेरे डैडी मेरे सुपरहीरो हैं
और वो बहुत मजबूत हैं
जब कुछ गलत होता है
तो वो मेरी मदद करते हैं
वो एक पेड़ की तरह हैं
जब सूरज तपता है
तो वो मेरी मदद करते हैं
और मेरी ताकत हैं
मेरे प्यारे पापा
आप मेरे हीरो हैं
आपके बिना
मैं शून्य हूँ

**अनिका शुक्ला**
**कक्षा 4**

# अवैध रेत परिवहन पर हुई कार्यवाही

जागरण, सीधी। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा भापुसे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं एसडीओपी कुसमी सुश्री रोशनी ठाकुर के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी भुइमाड़ उप निरीक्षक डीडी सिंह के नेतृत्व में भुइमाड़ पुलिस द्वारा अवैध रेत के परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी भुइमाड़ उप निरीक्षक डीडी सिंह को विश्वस्त मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति गोपद नदी से अवैध रूप से रेत निकालकर बिक्री हेतु परिवहन कर रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए भुइमाड़ पुलिस टीम द्वारा तत्काल दबिश दी गई एवं एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रेत सहित पकड़ा गया। पूंछताछ में ट्रैक्टर चालक ने अपना नाम ज्ञान सिंह पिता पदुमनाथ सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी केशलार, थाना भुइमाड़ बताया। मौके पर उपस्थित दस्तावेजों की जांच में कोई वैध अनुमति या रॉयल्टी पर्ची प्रस्तुत नहीं की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध धारा 303(2), 317(5) बीएनएस तथा 4/21 खान व खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1952 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक डीडी सिंह के साथ सउनि गोपाल सिंह, प्रआर राजीव यादव, सुरेश रावत, आरक्षक पंकज सिंह, आरक्षक विक्की सिंह, अमर बहादुर पटेल, दयाराम प्रजापति एवं प्रधान आर चालक शिव प्रताप सिंह की भूमिका सराहनीय रही।

# सोन नदी में डूबने से चचेरे भाई-बहन की मौत


जागरण, सीधी। जिले के अमिलिया थाना के सिहावल चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बघोर के सोन नदी ढेकऊ घाट में नहाने गए दो बच्चों की डूबनें से मौत हो गई। बताया जाता हैं कि नहानें के दौरान यह हादसा हुआ। जहां बिगत दिनों की भांति आज भी सुबह 9 बजे के आसपास दर्जनों बच्चे नहाने गए थें। जहां नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से दो बच्चे डूब गए। साथ में नहा रहे और बच्चों ने मचाया हल्ला गुहार जब तक घर के परिजन पहुंचे तब तक देर हों चुकीं थीं और दोनों की मौत हो चुकी थीं। डूबे हुए बच्चों को नदी से बाहर निकलते हुए आनन-फानन में परिजनों ने सिहावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। जहां डॉक्टर रामभूषण पटेल के द्वारा दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया।

# संगठन सृजन व्यापक संगठनात्मक अभियान है: रिपुन

## समर्पित कार्यकर्ताओं को मिले प्राथमिकता: कमलेश्वर

### कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान की बैठक संपन्न

जागरण, सीधी



संगठन सृजन अभियान के तहत सीधी विधानसभा अंतर्गत ब्लॉक सेमरिया और कुचवाही एवं धौहानी विधानसभा अंतर्गत कुसमी और महुआ गांव ब्लॉक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर पूर्व मंत्री असम शासन रिपुन बोरा के मुख्य आतिथ्य सीडब्लूसी सदस्य पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल के विशिष्ट आतिथ्य जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। संगठनात्मक पुनर्गठन पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक रिपुन बोरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन सृजन अभियान एक व्यापक संगठनात्मक कार्यक्रम है। सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी और कार्यों का मूल्यांकन भी किया जाएगा। कर्मठ कार्यकर्ताओं को संगठन में जगह दी जाएगी। सीडब्ल्यूसी सदस्य पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने कहा कि युवा, ऊर्जावान और समर्पित कार्यकर्ताओं को संगठन में जगह मिलनी चाहिए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की सोच को परिणाम में बदलने के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। सभी वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व मिले युवा राजनीति में आगे आए और समर्पित कार्यकर्ताओं को संगठन में जगह मिले या प्राथमिकता होनी चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि युवाओं को संगठन में ज्यादा से ज्यादा स्थान मिलेगा। बूथ स्तर तक के संगठन का पुनर्गठन किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक तिलकराज सिंह, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष आनंद सिंह शेरगाँव, जनपद अध्यक्ष कुसमी श्रीमती श्यावती सिंह, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सेमरिया अरविंद तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष कुचवाही लालवेंद्र सिंह, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष कुचवाही यज्ञराज साहू, महुआगांव ब्लाक अध्यक्ष जयसिंह, कुसमी ब्लॉक अध्यक्ष हंसलाल यादव, आदिवासी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनोज कोल, सिंगरौली जिला महामंत्री सिद्धनाथ साहू, मंडलम अध्यक्ष राकेश साहू, कुसमी विमल जायसवाल, दिनेश सिंह सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवा दल के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी सहयोगी संगठनों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी विधानसभा के ब्लॉक मंडलम सेक्टर के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी एवं बीएलए साथी उपस्थित रहे।

# पलायन रोकने में डबल इंजन की सरकार विफल: विनय



जागरण, सीधी। गांव में रोजगार नहीं मिलने से पलायन का सिलसिला लगातार जारी है। युवा रोजी-रोटी की तलाश में अपना परिवार, गांव, घर, खेत-खलिहान छोड़कर शहरों की ओर रुख कर रहे हैं। जनप्रतिनिधि भले ही इस कड़वी सच्चाई को न स्वीकार करें लेकिन रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर ग्रामीणों की भीड़ से देखी जा सकती है। कृषि कार्य करके अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले किसान निराश हैं। बार-बार प्राकृतिक आपदाओं में कभी सूखा, कभी अतिवृष्टि से फसलें तबाह होने का जो क्रम बना है, उससे पलायन का सिलसिला और जोरों से बढ़ गया है। रीवा एवं सतना रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन सैकड़ो परिवार काम की तलाश में मुंबई, दिल्ली, गुजरात, सूरत, सिकंदराबाद, कर्नाटक, पुणे के लिए पलायन कर रहे हैं। खड्डी अंचल के युवा समाजसेवी विनय पाण्डेय अंकुश मोहनी ने बताया कि हमारा सीधी जिला खनिज संपदा से भरा है। फिर भी रोजगार के अभाव में यहां के युवा दूसरे जगह पलायन करने को विवश हैं।

**RUKMINI RISING STAR HIGH SCHOOL SIDHI**

**Admission open** for session 2025-26 NUR. TO 10TH

| Sr. | Subject | No of vacancy |
|---|---|---|
| 1. | Math | 01 |
| 2. | Social science | 01 |
| 3. | English | 01 |
| 4. | Computer | 01 |
| 5. | Sanskrit | 01 |

**Address:- Infront of Ramagovind palace Collage Stadium Road North Karaundiya sidhi**
Mob. No.- 7024967935, 6264798158, 7898612068

# शहर में अब रविवार को रहेगी साप्ताहिक दुकान बंदी

## व्यापारी संघ की बैठक में सर्वसम्मति से हुआ निर्णय

### मेडिकल, फल-सब्जी, हेयर सैलून, पान को रहेगी छूट

जागरण, सीधी




व्यापारी संघ सीधी की गंगोत्री रिसॉर्ट डैनिहा में शुक्रवार को आयोजित आम सभा की बैठक में सर्वसम्मति से रविवार को साप्ताहिक दुकान बंदी का फैसला लिया गया। बैठक में करीब ढ़ाई सौ व्यापारियों ने अपने विचार व्यक्त किए और सप्ताह में एक दिवस की दुकान बंदी का प्रस्ताव रखा गया। इस दौरान सभी व्यापारियों ने अपने-अपने विचार रखे। उनके द्वारा साप्ताहिक दुकान बंदी के समर्थन और उसके फायदे बताए गए। अंत में सभी के विचार पर समीक्षा की गई। रविवार के दिन सभी ने हांथ उठाकर एवं हस्ताक्षर कर अपनी सहमति जाहिर की। तत्पश्चात व्यापारी संघ सीधी अध्यक्ष लालचंद गुप्ता ने अंतिम निर्णय लेकर रविवार को दुकान बंदी की घोषणा की है। श्री गुप्ता ने कहा कि साप्ताहिक दुकान बंदी से काफी फायदे हैं। एक दिन सभी व्यापारी अपना समय खुद के स्वस्थ्य एवं परिवार को देंगे। इस समय का उपयोग व्यापारी अपने घरों के अन्य कार्यों को पूरा करने में आसानी से दे सकेंगे। वर्तमान की जरूरत है कि सप्ताह में एक दिन का समय अपने घर परिवार को दिया जाए। इसके काफी दूरगामी लाभ हैं। श्री गुप्ता रविवार के दुकान बंदी का सभी लोगों से अनिवार्य रूप से पालन करने की अपील की है। साप्ताहिक रविवार दुकान बंदी से मेडिकल, होटल-रेस्टोरेंट, हेयर सैलून, पान, सब्जी-फल एवं डेयरी व्यापारियों को इच्छानुसार दुकान खोलने की छूट दी गई है। आम सभा बैठक में प्रमुख रूप से व्यापारी संघ के अध्यक्ष लालचंद गुप्ता, महामंत्री भीम कामदार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिहर सोनी, कोषाध्यक्ष रोशन लाल केशरवानी, समाजसेवी धर्मेंद्र सिंह परिहार, स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष हल्के सोनी, ओम प्रकाश गुप्ता, कार्यकारणी सदस्य संतोष सिंह गहरवार, राकेश गुप्ता, संतलाल गुप्ता, सुशील मोटवानी, नरेंद्र लालवानी, सुशील अग्रवानी, राजेंद्र सेन एवं अन्य वरिष्ठ एवं कनिष्ठ व्यापारीगण शामिल हुए।

## व्यापारी संघ अध्यक्ष ने मांगा दुकान बंदी का तोहफा



व्यापारी संघ की आम सभा बैठक के बाद व्यापारी संघ अध्यक्ष लालचंद गुप्ता के जन्मदिन के अवसर पर व्यापारियों द्वारा साल, श्रीफल भेंट कर माल्यार्पण करते हुए स्वागत किया गया। इस दौरान व्यापारी संघ अध्यक्ष लालचंद गुप्ता के जन्मदिन का केक काटा गया और सभी ने शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर व्यापारी संघ अध्यक्ष लालचंद गुप्ता ने सभी व्यापारियों से अपने जन्मदिन के तोहफे के रूप में रविवार को दुकान बंदी कर अपने स्वास्थ्य, परिवार एवं अन्य कार्यों के लिए समय निकालने का उपहार मांगा। जिसका सभी उपस्थित व्यापारियों ने करतल ध्वनि से समर्थन किया।



संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## बोइंग की सुरक्षा प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवाल

गुजरात स्थित अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास एयर इंडिया के विमान की भयावह दुर्घटना ने पूरे देश को दुख और गम में डुबो दिया। निश्चित रूप से यह हादसा नागरिक उड्डयन के लिये भी एक बड़ा झटका है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में शामिल है। आज भारत दुनिया के अग्रणी विमानन बाजारों में शुमार है। विडंबना यह है कि अभी दो महीने पहले ही नई दिल्ली में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो यानी एएआईबी में अत्याधुनिक डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया था। करीब नौ करोड़ रुपये की लागत से बनी इस प्रयोगशाला को केंद्र सरकार ने विमानन सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया था। जिसका मकसद हवाई दुर्घटनाओं की पहचान करना और जवाबदेही सुनिश्चित करना था। ताकि सुरक्षा उपायों को लेकर जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिये तंत्र में सुधार किया जा सके। अब विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो को गुरुवार को बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के दुर्घटनाग्रस्त होने की जांच का काम सौंपा गया है। एएआईबी के पास अब यह पता लगाने की जिम्मेदारी होगी कि गुरुवार को हुई दुर्घटना के असल कारण क्या थे। बल्कि निकट भविष्य में हवाई यात्राओं को सुरक्षित बनाने के लिए भी सुझाव दिए जा सकेंगे। इसके अंतर्गत ब्यूरो बोइंग के सुरक्षा रिकॉर्ड और परिचालन निरीक्षण की भी गहराई से जांच करेगा। निश्चित रूप से परिचालन प्रक्रिया कड़ी जांच के दायरे में होगी। उल्लेखनीय है कि तकनीकी खामियों के चलते बोइंग के कई अन्य 787 ड्रीमलाइनरों की सुरक्षा प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाये जाते रहे हैं। हाल के वर्षों में

> यह बड़ी दुखद दुर्घटना हवाई यात्रा से जुड़े जोखिमों पर नये सिरे से गंभीर मंथन की जरूरत को बताती है। निश्चित रूप से यह हादसा नागरिक उड्डयन के लिये भी एक बड़ा झटका है।

कई व्हिसल ब्लोअर्स ने 787 ड्रीमलाइनर के सुरक्षा उपायों को लेकर गंभीर चिंताए जताई थीं। उल्लेखनीय है कि बोइंग की सुविधाओं के एफएए द्वारा ऑडिट करने पर निर्माण की प्रक्रिया में अनियमितताओं और कंपनी की सुरक्षा संस्कृति में खामियों का पता चला था। निश्चित रूप से इस हादसे के बाद भारतीय अधिकारियों को गंभीर विमर्श करना चाहिए। बहरहाल, अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 के हादसे ने सैकड़ों परिवारों को गहरे जख्म दे दिए हैं।
हादसे में 265 लोगों के मरने की पुष्टि हो चुकी है, वहीं एक व्यक्ति के जीवित बचने को कुदरत का करिश्मा माना जा रहा है। दूसरी ओर रिहाइशी इलाके में विमान के गिरने से हुई क्षति भी दुखद है। उल्लेखनीय है कि विमान मेडिकल कालेज के छात्रों के मैस पर गिरा। उस समय छात्र लंच कर रहे थे। जिसमें कई छात्र मारे गए, कई छात्र घायल हुए हैं। जिनमें कई की हालत गंभीर है। निश्चय ही यह विमान हादसा हवाई यात्राओं से जुड़ी चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की जरूरत को बताता है। हवाई हादसे के कारणों की हकीकत जांच के बाद सामने आएगी लेकिन यदि हवाई यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक हुई है, तो उसकी जवाबदेही तय करने की जरूरत है।

# टूट गई भरोसे की खिड़की, 265 मौतों का हत्यारा कौन?

भीषण हादसा

संजय सिन्हा

मैं 'ड्रीमलाइनर' विमान में पहली बार बैठा था दिल्ली से सिडनी की उड़ान में। बोइंग का वो विमान मुझे इतना अंचभित कर रहा था कि मैंने वहां से लौट कर फेसबुक पर एक पोस्ट लिखी थी, और नाम दिया था- रिश्तों की खिड़की। मैंने बोइंग के ड्रीमलाइनर विमान की तकनीक से भी रिश्ता जोड़ लिया था।
वहां से लौट कर मैंने लिखा था कि एअर इंडिया के बेड़े में एक सीरिज है बोइंग - ड्रीमलाइनर विमानों की। इस विमान की लंबाई कितनी है, कितने लोग इसमें बैठ सकते हैं, क्या खाना मिलता है ये बताने में मेरी दिलचस्पी नहीं थी। मेरी दिलचस्पी थी, ये बताने की, कि इन विमानों की खिड़कियों में हैरान करने वाले इलेक्ट्रानिक शीशे लगे हुए थे, जिनमें एक बटन दबा कर अंधेरा और उजाला किया जा सकता है। आम तौर पर विमानों की खिड़कियों में पर्दे होते हैं, और लंबी उड़ान में रात और दिन का फासला मिटाने के लिए विमान परिचारिकाएं खिड़की के पर्दे को बंद करवाती या खुलवाती हैं। लेकिन ड्रीमलाइनर विमान में खिड़कियों के शीशे ऐसे थे, जिनसे विमान में रात और दिन का माहौल रिमोट से बना दिया जा सकता है। (जेट लैग से बचाने के लिए)। सिडनी से दिल्ली की सीधी उड़ान करीब 13 घंटे की है। समय के अंतर की वजह से ये जरुरी हो जाता है कि 13 घंटे की इस उड़ान में एक रात और दिन का माहौल बनाया जाए (जेट लैग से बचाने के लिए)। कुल जमा इतनी-सी बात कि उड़ान के बेड़े में दो तीन साल पहले ही शामिल हुए थे ड्रीम लाइनर। ये तब सबसे आधुनिक विमान थे। हमें बताया गया था कि हमारी उड़ान ड्रीमलाइनर में हो रही है।
मैंने लिखा था कि उस विमान की खिड़की के शीशे मुझे 'मानवीय रिश्तों' की तरह लगने लगे थे। ऐसे शीशे जो आदमी की तरह सिर्फ 'मान लेने भर से' दिन को रात में तब्दील कर देते हैं। जाहिर है, उन शीशों में इलेक्ट्रानिक सेंसर लगा था।
मेरी यात्रा सुबह शुरू हुई, और तीन घंटे के भीतर विमान में शाम और फिर रात का माहौल ऐसे बना कि पता ही नहीं चला, 12 घंटे मैं कैसे हमने 24 घंटे जी लिए। मैं जब यह लेख लिखने आया था, तो मैंने



> संसार मान लेने पर टिका है। हम जब किसी विमान, ट्रेन या बस में बैठते हैं, जिसमें हमारी जिंदगी किसी और के हाथों में होती है, तो हम मान लेते हैं कि हम सुरक्षित (भरोसा) हैं। लेकिन जब किसी और की चूक, भूल से कोई हादसा हो जाए तो, हमारे मान लेने पर संदेह खड़ा हो जाता है। ध्यान रहे, ये प्राकृतिक आपदा नहीं है। चाहे जिस स्तर पर हो, मानवीय भूल से उपजी आपदा ही है।

मन में मान लिया था कि आप सब अब मेरे रिश्तेदार हैं। आप में से ही कोई मेरी मां है, कोई बहन है, कोई भाई है। मैंने मान लिया कि आप सबके होते हुए मैं अकेला नहीं हूं। और मैं आपसे अपने मन की बात कह सकता हूं जो इस ड्रीमलाइनर विमान को लेकर अब मेरे मन आ रही है।
संसार मान लेने पर टिका है और मान लेने (भरोसा) की कड़ी में ही हम जब किसी विमान में बैठते हैं, किसी ट्रेन या बस में बैठते हैं, जिसमें हमारी जिंदगी किसी और के हाथों में होती है, तो हम मान लेते हैं कि हम सुरक्षित (भरोसा) हैं। हमारे पास मानने का आधार होता है। लेकिन जब किसी और की चूक, भूल से कोई हादसा हो जाए तो, हमारे मान लेने पर संदेह खड़ा हो जाता है। **आज बहुत से सवाल उठेंगे, उनका जवाब तलाशना चाहिए।** सीधे-सीधे अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़े विमान की कहानी नहीं सुना रहा, क्योंकि विमान हादसे की खबर कल दोपहर से सुन-सुन कर आप अब तक 'श्मशान वैराग्य' से बाहर निकल चुके होंगे। नहीं निकले होंगे तो मान लेने का वो 'यकीन', जो कल तक आपको था, आज थोड़ा डगमगाया होगा।
एअर इंडिया पहले सरकारी इकाई थी। सारी जिम्मेदारी सरकार की थी। सरकार कोई भी काम अपने दम पर नहीं करती, हमारे दम (पैसों) पर करती है। हम सरकार पर यकीन करते हैं, क्योंकि हमने उन्हें अपना यकीन दिया होता है। लेकिन हम किसी प्राइवेट कंपनी पर वो यकीन (सरकार की तुलना में) कम देते हैं, क्योंकि वहां भाव 'लाभ' का होता है। सरकार का भाव 'कल्याण' का होता है (होना चाहिए)।
इसमें संदेह नहीं कि ड्रीमलाइनर विमान आधुनिक विमान हैं। लेकिन पिछले कुछ दिनों से अमेरिका की बोइंग कंपनी संदेह के घेरों में थी। बोइंग कंपनी के विमान में खामियां बताई गई थीं और बताया था कि ये खामियां कभी बड़े हादसे की वजह बन सकती हैं। विमान जब जमीन पर खड़े होते हैं, तो उन्हें कोई भय नहीं होता। लेकिन विमान ज़मीन पर खड़े होने के लिए नहीं होते, आसमान में उड़ने के लिए होते हैं। जो भय होता है, उड़ते हुए ही होता है। जब ये आशंका जग जाहिर हो चुकी थी, तो एअर इंडिया कंपनी ने बोइंग के संचालन पर क्या सावधानी बरती थी? ये तत्काल ऑडिट का विषय होना चाहिए।
पिछले कुछ दिनों से एक नहीं, कई वीडियो वाइरल हुए जब कभी 'प्रजा कल्याण' की संस्था रही एअर इंडिया टाटा के पास जाकर 'मुनाफे की औलाद' बन गई थी। याद कीजिए, कुछ ही दिन पहले किया गया देश के कृषि मंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्य मंत्री शिवराज सिंह चौहान का वो ट्वीट, जिसमें उन्होंने भर पेट एअर इंडिया को कोसा था। उन्होंने लिखा था कि भोपाल से दिल्ली के लिए जाते समय पता चला कि एअर इंडिया के विमान में उनकी सीट टूटी हुई थी। संदेह नहीं कि टाटा कंपनी सरकार की दुलरुआ कंपनी है और ऐसे में शिवराज का ट्वीट कुछ कह रहा था, जिसकी ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया, सिवाय टाटा के इतना कह भर देने के कि वो देखेंगे, गलती कहां हुई।
आप चाहे टाटा को लेकर जो सोचते हों, लेकिन ये सोचने में मत चूकिएगा कि व्यापारी व्यापारी होता है। उसी के लिए कहावत बनी है कि घोड़ा घास से दोस्ती कर ले तो खाएगा क्या? जो विमान कल उड़ते ही एक आवाज़ के साथ सदा के लिए उड़ गया, वो एक भरोसेमंद विमान था। जो पायलट थे, वो अनुभवी थे। विमान पुराना था लेकिन ऐसा नहीं था कि अपनी उम्र जी चुका था। मौसम भी ठीक था। विजिबिलिटी पूरी थी। हवा का रुख भी ठीक था। ऐसे में बस दो सवाल...
1. क्या उड़ान से पूर्व विमान की तकनीकी जांच पूरी हुई थी? (होती ही है)।
2. इस हादसे पर फांसी की सजा किसे सुनाई जाएगी? किसे सुनाई जानी चाहिए? सरकार को या टाटा संस को?
सरकार के पास अब कुछ है नहीं, सिवाय मंत्रियों के। मंत्री अफसोस जता सकते हैं, टाटा मुआवजा दे सकती है। लेकिन उन लोगों का क्या, जिनके लिए कल दोपहर तक सूरज रोज उग रहा था, नारंगी के आकार की धरती रोज घूम रही थी। वो अब कभी नहीं उगेगा....!
मेरा प्रश्न छोटा-सा है। हत्यारा कौन?
ध्यान रहे, ये प्राकृतिक आपदा नहीं है। चाहे जिस स्तर पर हो, मानवीय भूल से उपजी आपदा ही है।
**नोट-** जब विमान सरकार के पास नहीं। एयरपोर्ट सरकार के पास नहीं। तो मंत्री और इतना बड़ा उड्डयन विभाग सरकार के पास क्यों (हमारे पैसों पर पलने वाले परजीवी)? मेरी मांग है, दोषी (जिम्मेदार) को फांसी। उससे कम कुछ नहीं।

# पायलट-गहलोत करीबी, बदलने वाली है राजस्थान की फिजा?

सियासी हलचल

विनोद पाठक

कांग्रेस के दो कद्दावर नेता पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट को राजस्थान के पार्टी संगठन में कोई जिम्मेदारी नहीं मिली हुई है, लेकिन दोनों अवसर आने पर शक्ति प्रदर्शन से नहीं चूकते हैं। फिलहाल खास बात यह है कि अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच की दूरी मिट गई हैं, यह भी दोनों नेता दिखाने का प्रयास कर रहे हैं। 7 जून को अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया पर स्वयं की सचिन पायलट के साथ फोटो साझा की। 11 जून को उन्होंने यह तक कह दिया कि उनके बीच में कोई मनमुटाव नहीं है। गहलोत-पायलट की मुलाकात और बंद कमरे में हुई बातचीत ने अचानक से राजस्थान की राजनीति को वहां की गर्मी की तरह तेज कर दिया है. एक ही पार्टी के दो विरोधी नेताओं की मुलाकात से राजस्थान की सियासी फिजा बदलने की चर्चा हो रही है. इस मुलाकात के क्या मायने है? आखिर पायलट इस समय गहलोत के घर क्यों गए... अशोक गहलोत और सचिन पायलट की गर्मजोशी वाली मुलाकात की तस्वीरें और वीडियो भी सामने आई है। बताया गया कि सचिन पायलट खुद गहलोत निवास पहुंचे थे। दोनों नेताओं में करीब डेढ़ घंटे बंद कमरे में बातचीत चली। पार्टी और प्रदेश से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। सचिन पायलट और अशोक गहलोत के बीच यह 3 महीने में तीसरी बार मुलाकात हुई। इससे पहले अप्रैल में अहमदाबाद और जयपुर एयरपोर्ट पर दोनों की मुलाकात और चर्चा हुई थी। लेकिन आज जिस तरह से गहलोत और पायलट मिले, दोनों नेताओं के बीच डेढ़ घंटे तक चर्चा हुई उससे राजनीतिक गलियारों में अटकलें तेज हो गई है कि क्या कांग्रेस में सुलह का रास्ता खुला? सचिन पायलट और अशोक गहलोत के बीच की तल्खी को समझने के लिए कुछ साल पहले जाना होगा। वर्ष 2018 में जब राजस्थान विधानसभा चुनाव हुए, तब सचिन पायलट प्रदेश अध्यक्ष थे। उनके नेतृत्व में पार्टी ने चुनाव जीता था, लेकिन ऐन मौके पर अशोक गहलोत मुख्यमंत्री की कुर्सी पर जा बैठे। सचिन को भले उप मुख्यमंत्री बनाया गया था, लेकिन सूत्र बताते हैं कि उन्हें कामकाज की स्वतंत्रता नहीं थी। दो साल बाद एकाएक राजस्थान में सचिन पायलट को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठाने की सुगबुगाहट तेज हुई। कांग्रेस के केंद्रीय संगठन ने राजस्थान में विधायकों का मत जानने के लिए पर्यवेक्षक तक भेज दिए, जिनमें मौजूदा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और अजय माकन शामिल थे। 25 सितंबर 2022 की शाम को पर्यवेक्षकों को विधायकों से मिलना था, लेकिन राजनीति के जादूगर अशोक गहलोत के खेमे ने झंडा उठा लिया। बड़ी संख्या में विधायकों ने बगावत कर दी और सचिन पायलट एक बार फिर मुख्यमंत्री की कुर्सी से दूर चले गए। सचिन पायलट को राजस्थान से दूर छत्तीसगढ़ का प्रभारी बना दिया गया है। वो राष्ट्रीय महासचिव भी हैं। दूसरी ओर, अशोक गहलोत पूर्व मुख्यमंत्री का तमगा लेकर घूम रहे हैं। एक समय गांधी परिवार के बेहद करीबी रहे अशोक गहलोत अब भी यही जताते हैं कि गांधी परिवार अब भी उन पर विश्वास करता है। सचिन पायलट भी स्वयं को कहीं न कहीं भावी मुख्यमंत्री मानकर चल रहे हैं। 11 जून को पिता स्वर्गीय राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि पर सचिन पायलट ने एक तरह से शक्ति प्रदर्शन कर यह जताया भी है। इस कार्यक्रम में राजस्थान के सभी आठ कांग्रेस सांसद, अशोक गहलोत समेत 47 विधायक, 80 से अधिक पूर्व विधायक, पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री पहुंचे। इस तनातनी के माहौल में खास बात यह है कि अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच की दूरी मिट गई हैं, यह भी दोनों नेता दिखाने का प्रयास कर रहे हैं। 7 जून को अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया पर स्वयं की सचिन पायलट के साथ फोटो साझा की। 11 जून को उन्होंने यह तक कह दिया कि उनके बीच में कोई मनमुटाव नहीं है। राजस्थान में विधानसभा चुनाव में अभी काफी वक्त है। क्या दोनों नेता अभी से कदम फूंक-फूंक कर चल रहे हैं। हालांकि, राजस्थान कांग्रेस की राजनीति में गोविंद सिंह डोटासरा और टीकाराम जूली को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सचिन पायलट स्वयं को भले गांधी परिवार का करीबी मानते हों, लेकिन उनके लिए राह आसान नहीं होगी। यह स्पष्ट रूप से अशोक गहलोत की सक्रियता से नजर आता है। जो भी हो, लेकिन राजस्थान में सत्ता से दूर हुई कांग्रेस के लिए यह एक सुखद पल कहा जा सकता है, जहां पर संगठन एकबार फिर एकजुट दिख रहा है।



> राजस्थान में सत्ता भारतीय जनता पार्टी की है, लेकिन सियासत की गर्मी कांग्रेस में बनी हुई है। कांग्रेस में अब पैचअप की राजनीति तेज हो गई है। कांग्रेस के दो कद्दावर नेता पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच एक बार फिर नजदीकियां देखने को मिल रही हैं। यह वाकई पुनर्मिलन है या कुछ और, यह तो वक्त बताएगा।

प्रसंगवश

# धधकते मौसम के पीछे जलवायु परिवर्तन का संकट

राजधानी दिल्ली का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। मध्यप्रदेश पंजाब, हरियाणा, राजस्थान राज्यों के कई क्षेत्रों का तापमान 46-48 डिग्री को भी पीछे छोड़ चुका है। ऐसा लग रहा है मानो आग बरस रही हो! यदि आप अपने ही घर में वातानुकूलित कमरे से दूसरे कमरे में जाएंगे, तो आपका सामना आग के तूफान से होगा। हवा में इतनी तपन है। बीता 9 जून अभी तक 'सबसे गर्म दिन' आंका गया है, जिस दिन बिजली की मांग 'चरम' तक पहुंच गई और 241 गीगावाट की मांग दर्ज की गई। पूरे उत्तर भारत में आग बरस रही है और लू चलने की चेतावनियां दी जा रही हैं। पहाड़ी इलाकों में भी तापमान 40 डिग्री को पार कर चुका है। लू जानलेवा स्थिति है, लिहाजा इसे 'चिकित्सीय आपातकाल' माना गया है। 'लू लगने' के सामान्य लक्षण ये हैं कि मानवीय शरीर का तापमान 104 डिग्री फॉरेनहाइट (40 डिग्री सेल्सियस) तक बढ़ जाता है। वह तेज बुखार की स्थिति है। बीते साल 18 जून तक लू (हीट स्ट्रोक) के 40,000 से अधिक मामले सामने आए थे। लू और तपतपाई गर्मी के कारण 110 लोगों की मौतें भी दर्ज की गई थीं। 2022 में तो 730 मौतें दर्ज की गईं। शायद यही बुनियादी कारण है कि मौसम विभाग लगातार रेड, येलो, ऑरेंज अलर्ट जारी कर रहा है। इस धधकते, तपते मौसम में सबसे बड़ा संकट खुले में काम करने वाले कामगारों के लिए है। भारत में 65-70 फीसदी कामगार इस भीषण गर्मी में भी काम करने को विवश हैं, क्योंकि उनका घर-परिवार दिहाड़ी पर ही चलता है। इस संदर्भ में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का हस्तक्षेप बेहद महत्वपूर्ण है। आयोग ने राज्यों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं कि वे कमजोर लोगों, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, बाहरी कामगारों, बुजुर्गों, बच्चों और बेघर लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल एहतियाती कदम उठाएं, जो पर्याप्त आश्रय और संसाधनों की कमी के कारण जोखिम में हैं। आयोग के अध्यक्ष जस्टिस वी. रामसुब्रह्मण्यन ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा भीषण गर्मी और लू के कारण होने वाली मौतों की रपट का संज्ञान ले और राज्यों को निर्देश दे। एनसीआरबी की रपट के मुताबिक, 2018 से 2022 के बीच गर्मी और लू के कारण देश में 3798 लोगों की मौतें हुईं। मानवाधिकार आयोग ने राज्यों को जारी पत्र में लिखा है कि गर्मी और लू की लहरों के प्रभाव को कम करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के दिशा-निर्देशों का प्रभावी तौर पर पालन करना चाहिए, ताकि संभावित नुकसान को रोका जा सके। बहरहाल बीते कई वर्षों से हमारे संवेदनशील प्रशासन ने मौसम की चरम स्थितियों में नियोक्ताओं के लिए कुछ सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मसलन-ऐसे तपतपाए दिनों में दोपहर 12.30 बजे से सायं 4.30 बजे तक खुले में काम कराने पर रोक लगाई गई है। कामगारों के लिए छायादार जगह और ठंडा पेयजल भी होना अनिवार्य है। महानगरों और बड़े शहरों में बिजली की आपूर्ति पहले की अपेक्षा सुधरी है, लिहाजा काम करने की जगह भी पंखे की मौजूदगी होने लगी है, लेकिन गांव-कस्बों में अब भी घंटों बिजली के कट लगाए जा रहे हैं, वहां आम आदमी और कामगार दोनों ही परेशान हैं। बहरहाल हमारी व्यवस्था में अब भी बहुत कुछ बदला और सुधारा जाना है। ये तपतपाए दिन जलवायु-परिवर्तन की भी देन हैं। मौसम का चक्र बदलता जा रहा है। कुछ दिन पहले तक खूब बारिश हो रही थी, लेकिन बीते सात दिनों में ही तापमान में 8-13 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई है। उत्तर-पश्चिम भारत में पश्चिमी हवाएं चल रही हैं, जो पाकिस्तान के रेगिस्तानी इलाकों से आ रही हैं। खाड़ी देशों, खासकर इराक, सऊदी अरब के अधिकांश इलाकों में तापमान बीते एक सप्ताह से 46 डिग्री के आसपास है। पाकिस्तान के इलाकों में भी करीब 47 डिग्री सेल्सियस का तापमान है। बहरहाल राहत तब ही संभव है, जब मॉनसून फिर सक्रिय होकर बरसेगा।



> ये तपतपाए दिन जलवायु-परिवर्तन की देन हैं। मौसम का चक्र बदलता जा रहा है। लिहाजा हमारी व्यवस्था में भी बहुत कुछ सुधार किए जाने की आवश्यकता है।

॥गीता॥



**श्लोक :** यदा सत्त्वे प्रवृद्धे तु प्रलयं याति देहभृत? । तदोत्तमविदां लोकानमलान्प्रतिपद्यते ॥

**भावार्थ :** जब यह मनुष्य सत्त्वगुण की वृद्धि में मृत्यु को प्राप्त होता है, तब तो उत्तम कर्म करने वालों के निर्मल दिव्य स्वर्गादि लोकों को प्राप्त होता है ।

जीवन दर्शन

# मेहनत तो कर रहे हैं, सफल क्यों नहीं हो रहे?

कई बार होता है कि आप मेहनत करते रहते हैं लेकिन आपको सफलता नहीं मिलती, जबकि आपके आसपास के कुछ लोग उतनी मेहनत नहीं करते लेकिन उनको सफलता हासिल हो जाती है। क्या आपने कभी सोचा है कि आपकी असफलता के लिए जिम्मेदार आपका कर्म है या भाग्य? कड़ी मेहनत के बावजूद सफलता न मिलने का कारण मानसिक, व्यवहारिक और आध्यात्मिक हो सकता है, जिसमें पूर्व जन्म के कर्म भी शामिल हैं। कभी-कभी बहुत मेहनत करने पर भी फल नहीं मिलता क्योंकि पूर्व जन्म का ऋण या कर्मबन्धन बीच में आ जाते हैं। भगवद गीता के अनुसार, व्यक्ति का अधिकार केवल कर्म करने में है, फल पर नहीं। कड़ी मेहनत के बाद भी सफलता न मिलना कई मानसिक, व्यवहारिक और आध्यात्मिक कारणों से जुड़ा होता है। अगर मानसिक और व्यवहारिक कारणों की बात करें, तो मेहनत करना ज़रूरी है, लेकिन अगर दिशा गलत हो तो मेहनत व्यर्थ जाती है। कुछ चीज़ों में परिणाम देर से आते हैं, लेकिन लोग बीच में हिम्मत हार जाते हैं। लोग अक्सर शुरू में मेहनत करते हैं, लेकिन निरंतरता नहीं रखते। कभी-कभी हम मेहनत तो करते हैं, लेकिन अहंकार, लोभ, या दूसरों की बुराई में फँसे रहते हैं। ये भी सफलता में बाधा बनते हैं। आध्यात्मिक गुरुओं के अनुसार, हमारे पूर्व जन्मों के कर्म भी कई बार सफलता में बाधा बनते हैं। शास्त्रों के अनुसार, हमारे वर्तमान जीवन की परिस्थितियाँ (सफलता या असफलता) केवल इस जन्म के कर्मों से नहीं, बल्कि पूर्व जन्मों के कर्मों से भी प्रभावित होती हैं। कर्म का प्रभाव निश्चित है। यह देर से फल दे सकता है लेकिन अचूक है। एक बार एक व्यक्ति ने भगवान् विष्णु की धन प्राप्ति के लिए खूब भक्ति की लेकिन भगवान् प्रसन्न नहीं हुए। अंत में हार मानकर उसने संन्यास ग्रहण कर लिया। संन्यास ग्रहण करते ही भगवान् विष्णु उसके सामने प्रकट हुए और उसे धन देने की इच्छा प्रकट की। उस व्यक्ति ने कहा - भगवन! धन मुझे मेरे माता-पिता के सेवा के लिए चाहिए था लेकिन वो तो अब रहे नहीं और मैंने भी संन्यास ग्रहण कर लिया है। अब ये धन मेरे किस काम का। जब मुझे जरूरत थी, तो इतनी भक्ति के बावजूद आपने मुझे कष्ट में रखा।
इस पर भगवन विष्णु ने मुस्कुराते हुए कहा - भक्त! तुमने पिछले जन्म में 24 पाप किये थे। तुम्हारे 23 पाप तो कट चुके थे लेकिन एक अंतिम पाप बचा था। इसलिए, मैं तुम्हें तुम्हारे कर्मों का उचित फल तुम्हें नहीं दे पाया। लेकिन जैसे ही तुमने संन्यास ग्रहण किया, तुम्हारा अंतिम पाप भी कट गया। अब तुम जो चाहो पा सकते हो। लेकिन अब वो धन उस व्यक्ति के किसी काम का नहीं था। इसलिए, उसने मोक्ष के मार्ग पर चलने का फैसला किया। इस कथा से समझ सकते हैं कि हमारे असफलता में सबसे बड़ा हाथ हमारे पिछले जन्मों के कर्मों का होता है । इसलिए, हताश होने के बजाय कोशिश करते रहना जरूरी है। अधिकार केवल कर्म करने में है, फल पर नहीं। अच्छे कर्म का फल अच्छा और बुरे कर्म का फल बुरा होता है। यही कर्मफल सिद्धांत है।

# प्रदेश में पहली बार जरूरत के बराबर इकट्ठा हुआ रक्त

**विश्व रक्तदाता दिवस आज: वर्ष 2024-25 में 7.61 लाख यूनिट ब्लड क्लेक्शन, 2019-20 में सिर्फ 4.5 लाख यूनिट हुआ था**

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** मप्र में पहली बार रक्त संग्रह ने डिमांड की बराबरी की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की गाइडलाइन के मुताबिक जिस राज्य की जितनी आबादी होती है, उसका एक फीसदी रक्त संग्रहण पूरे साल में होना चाहिए। इसी को डिमांड माना गया है। नेशनल हेल्थ मिशन मप्र की ब्लड ट्रांसफ्यूजन सेल से मिली जानकारी अनुसार वर्ष 2024-25 में 7 लाख 61 हजार यूनिट ब्लड रक्तदाताओं से इकट्ठा किया गया। जो कि मप्र की कुल आबादी लगभग 7.6 करोड़ का एक फीसदी के बराबर है। मप्र के इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब डिमांड के बराबर रक्त संग्रह हुआ है। एनएचएम से मिली जानकारी अनुसार वर्ष 2024-25 में मप्र में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और समूहों के सहयोग से कुल 5283 ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इन कैंपों के माध्यम से कुल 7 लाख 61 हजार




यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। इसमें 20 हजार 323 महिलाओं और 7 लाख 41 हजार 460 पुरुषों ने रक्तदान किया। यानि रक्तदान करने के मामले में पुरुषों के मुकाबले महिलाएं बहुत कम हैं।

### ऐसे बढ़ा रक्त संग्रहण का दायरा

मप्र में ब्लड कलेक्शन का दायरा बढ़ाने के लिए राज्य रक्ताधान समिति द्वारा कई प्रयास किए गए हैं। इसमें सबसे अहम है दूरस्थ जिलों को सर्वसुविधायुक्त मोबाइल यूनिट उपलब्ध कराना। एनएचएम ने सभी जिलों को लाल रंग की बसें उपलब्ध कराई हैं। जो कि ब्लड डोनेशन कैंप वाले स्थान पर आसानी से पहुंचने में सक्षम हैं। इन बसों की मदद से ज्यादातर लोगों ने समूह बनाकर रक्तदान किया है। जिससे मप्र में रक्त संग्रहण का दायरा बढ़ा है।

### महिलाओं की भागीदारी कम

मप्र में साल भर होने वाले रक्तदान शिविरों में महिलाओं की संख्या 5 फीसदी से कम बनी हुई है। बीते वर्ष कुल 7 लाख 61 हजार यूनिट ब्लड कलेक्शन हुआ। जिसमें महिलाओं की भागीदारी महज 20 हजार 323 रही। यानि इतनी ही महिलाओं ने रक्तदान किया। जो कि कुल संख्या का 3 फीसदी से भी कम है।

### अलीराजपुर के टेक्नीशियन ने बदली जिले की तस्वीर

अलीराजपुर के एक ब्लड बैंक टेक्नीशियन में जिले की तस्वीर बदल दी है। आर्मी की नौकरी छोड़कर स्वास्थ्य विभाग में आए राठौड़ ने बीते 5 वर्षों में 18 हजार से अधिक यूनिट रक्त की पूर्ति कर पूरे जिले को रक्तदान के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया। उन्होंने ब्लड बैंक के लाइसेंस को रिन्यू कराया साथ ही 10 वर्षों से अधिक का रिकॉर्ड डिजिटल रूप में व्यवस्थित किया। उनके प्रयासों से एक ही छत के नीचे 700 से अधिक रक्तदाताओं का सफल पंजीकरण और 2,000 यूनिट से अधिक रक्त संग्रह किया गया। इस उपलब्धि से अलीराजपुर जिला पूरे मप्र के लिए एक उदाहरण बना है।

### रक्त से जुड़ी फैक्टफाइल

- 174 ब्लड सेंटर मप्र में संचालित
- 67 ब्लड बैंक सरकारी क्षेत्र के
- 118 ब्लड सेंटर रक्त विकारों से जुड़े मरीजों की पूर्ति के लिए
- 84 हजार यूनिट ब्लड से अधिक रक्त सिकल सेल एनीमिया और थैलेसीमिया के मरीजों को दिया गया एक वर्ष में

हमने इस वर्ष बीते साल के मुकाबले 2 लाख यूनिट रक्त अधिक एकत्रित किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल यूनिट उपलब्ध कराने से रक्तदान शिविरों की संख्या बढ़ी है। जिससे रक्त संग्रह का दायरा बढ़ रहा है। ■ **रूबी खान,** उप संचालक एनएचएम मप्र

## संक्षिप्त खबरें

### लंबे समय से पदस्थ स्टेनो रीडर का भी होगा ट्रांसफर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने फील्ड इकाइयों को निर्देश दिए हैं कि वे सालों से अफसरों के दफ्तर में पदस्थ क्लेरिकल स्टाफ को भी हटाएं। अब उन सभी स्टेनो और सहायकों का तबादला होगा जो लंबे समय से कार्यालय में तैनात हैं। शुक्रवार को जारी निर्देश में बताया गया है कि पुलिस की छवि सुधारने और कामकाज में पारदर्शिता लाने के मकसद से यह बदलाव जरूरी है। डीजीपी कैलाश मकवाणा के निर्देश पर एक ही थाने में चार साल से ज्यादा समय से जमे कांस्टेबल से लेकर सब-इंस्पेक्टर तक के तबादले के आदेश जारी किए गए थे। पीएचक्यू ने प्रदेश के सभी ज़ोनल एडीजी, आईजी, इंदौर और भोपाल के पुलिस कमिश्नर, सभी रेंज के डीआईजी और रेलवे सहित सभी जिलों के एसपी को इन नए निर्देशों का कड़ाई से पालन करने और इसकी रिपोर्ट पीएचक्यू भेजने को भी कहा है। पुलिस विभाग में एसडीओपी, सीएसपी, डीएसपी, एडिशनल एसपी, एसपी, डीआईजी, आईजी और एडीजी के दफ्तरों में स्टेनोग्राफर, रीडर व सहायक जैसे क्लेरिकल स्टाफ के कई सालों से एक ही जगह पदस्थ होने की जानकारी पीएचक्यू को मिली थी। इस तरह की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही थीं कि इनमें से कई कर्मचारी लाभ के लिए आने वाले पत्रों और शिकायतों को जानबूझकर लंबित रखते हैं, जिससे आम जनता को परेशानी होती है।

### प्रदेश के कलाकारों को मिलेगा वैश्विक मंच

**विसं, भोपाल।** मध्यप्रदेश व फ्रांस पर्यटन के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे। शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष समझौता हुआ। इससे प्रदेश के कलाकारों को वैश्विक मंच मिलेगा, तो फ्रांस तथा यूरोप से आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। सीएम हाउस स्थित समत्व भवन में भारत स्थित राजदूत डॉ. थिएरी मथो की अगुवाई में फ्रांस के शिष्ट मंडल ने मुख्यमंत्री से भेंट की। इस दौरान फ्रांस और मप्र के बीच संस्कृति और पर्यटन क्षेत्र में दीर्घकालिक सहयोग को मजबूत करने त्रिपक्षीय समझौता किया गया। इसमें फ्रांस के राजदूत डॉ. थिएरी मथौ, प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति शिव शेखर शुक्ला और अलायंस फ्रांसेज़ डी भोपाल के अध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने हस्ताक्षर किए। सीएम ने कहा कि भारत और फ्रांस के साथ संबंध हमेशा से अच्छे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फ्रांस दौरे के बाद यह और प्रगाढ़ हुए है। मध्यप्रदेश फ्रांस के साथ सांस्कृतिक संबंधों के साथ व्यापारिक संबंधों के लिए भी तत्पर है। इस अवसर पर राजदूत डॉ. थिएरी मथौ ने कहा हमें मध्यप्रदेश सरकार के साथ इस महत्वपूर्ण सहयोग को स्थापित करते हुए बहुत खुशी हो रही है।

### 7 जुलाई को पार्षद उपचुनाव के लिए मतदान

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश की 9 नगरीय निकायों में रिक्त पार्षद पद के चुनाव के लिए 7 जुलाई को मतदान कराया जाएगा। शुक्रवार को राज्य निर्वाचन आयोग ने कार्यक्रम घोषित कर दिया है। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने बताया कि निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 16 जून से शुरू होगा। नाम निर्देशन पत्र 23 जून, 2025 तक लिये जायेंगे। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 26 जून है। इसी दिन अभ्यर्थियों को निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन भी किया जायेगा। मतदान 7 जुलाई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 10 जुलाई को सुबह 9 बजे से होगी।जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद बैरसिया के वार्ड 7, नपा परिषद सिवनी के वार्ड 11, नगर परिषद सांवेर के वार्ड 7, गौतमपुरा के वार्ड 15, ककरहटी के वार्ड 13, बिछिया के वार्ड 13, खांड के वार्ड 8, न्यूटन चिखली के वार्ड 4 और नगरपरिषद भीकनगांव के वार्ड 5 में पार्षद पद के लिये उप निर्वाचन होगा।

# सहारा के 3 अफसरों का बयान, संचालकों के कहने पर किए थे कागजों पर दस्तखत

## 1000 करोड़ की जमीन 130 करोड़ में बेचने का मामला

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सहारा समूह द्वारा भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, सागर और कटनी में 1000 करोड़ की जमीन रसूखदारों को 130 करोड़ में बेचने के मामले में ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ) ने सहारा के 3 अफसरों से पूछताछ की। इन सभी ने अपने बयान में दावा किया कि उन्होंने कंपनी के संचालकों के कहने पर जमीन के सौदे से जुड़े दस्तावेजों पर दस्तखत किए। इन्होंने प्रदेश के अलग-अलग शहरों में बेशकीमती जमीन कौड़ियों के दाम बेचने और उससे हासिल रकम के बारे में किसी अन्य तरह की जानकारी होने से साफ इनकार कर दिया। अब इस मामले में सहारा के कर्ता-धर्ता रहे सुब्रत रॉय के छोटे बेटे सीमांतो रॉय का भी नाम भी सामने आ गया है। जानकारी के अनुसार सुब्रत रॉय की मृत्यु के बाद वह विदेश में रहकर ही मुंबई ऑफिस को संभाल रहा है। इसके अलावा सहारा के दो संचालकों जेबी रॉय और ओपी श्रीवास्तव को भी ईओडब्ल्यू ने जांच के लिए बुलाया था, लेकिन उन्होंने ईमेल के जरिए जवाब देते हुए फिलहाल बयान दर्ज कराने में अलग-अलग कारणों से असमर्थता जताई है।

**एक ने विदेश में इलाज तो दूसरे ने लखनऊ से बाहर होने को बताया वजह:** इस जमीन घोटाले में प्रारंभिक जांच दर्ज करने के बाद छानबीन कर रही ईओडब्ल्यू ने सोमवार और मंगलवार को सहारा समूह के वर्तमान संचालक जेबी रॉय और ओपी श्रीवास्तव को पूछताछ के लिए नोटिस जारी कर तलब किया था। दोनों ने अपने जवाब ईमेल के जरिए ईओडब्ल्यू को भेजे हैं। जेबी रॉय ने अपने मेल




में लिखा है कि वह फिलहाल गंभीर रूप से बीमार है और उसका इलाज दुबई और सिंगापुर में चल रहा है, इस कारण वह नहीं आ सकता। दूसरे संचालक ओपी श्रीवास्तव की तरफ से भेजे गए मेल में बताया गया कि उसे ईओडब्ल्यू का नोटिस पूछताछ वाले दिन ही मिला था और वह सहारा के लखनऊ स्थित मुख्यालय से बाहर होने के कारण फिलहाल ईओडब्ल्यू के सामने पेश नहीं हो सकता। इन दोनों संचालकों के मेल के बाद अब ईओडब्ल्यू उन्हें भोपाल में होने वाली पूछताछ के लिए अगली तारीख देगा। इस जांच को लेकर विगत दिनों ईओडब्ल्यू की एक टीम ने सहारा समूह के लखनऊ स्थित मुख्यालय पर दबिश दी थी, जिसके बाद से अब सहारा के अधिकारी न केवल बयान दर्ज कराने खुद भोपाल आ रहे हैं, बल्कि उनके संचालक भी ईओडब्ल्यू को नोटिस का जवाब दे रहे हैं।

### तीन अफसरों से ली प्रदेश भर में जमीन की जानकारी

इस मामले में सोमवार से लेकर गुरुवार तक सहारा प्राइम सिटी के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) रहे अमितेष आहूजा, चीफ मैनेजर विनीत सक्सेना और डिप्टी मैनेजर रजनीश भूषण पांडे से पूछताछ की। इन तीनों के नाम जमीन सौदों से जुड़े दस्तावेजों में ईओडब्ल्यू को मिले थे। इन सभी ने एक जैसा बयान दिया है। तीनों ने कहा है कि सहारा समूह में जमीन की सौदेबाजी से जुड़े फैसले संचालकों द्वारा लिए जाते थे और वे कर्मचारी होने के नाते उन सभी पेपर्स पर दस्तखत कर देते थे जो उनके पास भेजे जाते थे। इन तीनों ने यह भी साफ कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि सहारा की जमीनों की बिक्री से आई हुई रकम किस खाते में जमा कराई गई और बाद में उसका क्या उपयोग हुआ। इससे पहले सहारा के कॉर्पोरेट क्रेडिट डिपार्टमेंट के ईडी अनिल इब्राहिम ने भी ईओडब्ल्यू के भोपाल दफ्तर पहुंचकर जबलपुर और कटनी की जमीनों की बिक्री को लेकर कई अहम जानकारियां ईओडब्ल्यू को दी थीं।

### इस तरह की गई धोखाधड़ी

सहारा रियल एस्टेट की भोपाल, जबलपुर और कटनी की 800 करोड़ मार्केट रेट वाली लगभग 312 एकड़ जमीन केवल 90 करोड़ रुपए में बीजेपी के विधायक संजय पाठक के परिजनों की कंपनियों को बेची गई है। इसके अलावा, ग्वालियर में 52.4 और सागर में 100 एकड़ जमीन लगभग 40 करोड़ में बेच दी गई, जबकि इसका बाजार भाव लगभग 200 करोड़ है। सुप्रीम कोर्ट ने इन जमीनों की बिक्री के बाद आने वाली रकम सहारा-सेबी के ज्वाइंट खाते में जमा कराने के आदेश दिए हैं, जबकि पड़ताल में पता चला है कि सहारा ने जमीन के सौदे से हासिल रकम अपनी ही सहयोगी कंपनी हमारा इंडिया के खाते में ट्रांसफर की है। इस मामले की शिकायत कटनी निवासी आशुतोष मनु दीक्षित ने ईओडब्ल्यू को दस्तावेजों के साथ की थी। आरोप है कि सहारा ने प्रदेश के कुछ रसूखदारों से मिलकर न केवल सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया बल्कि बाजार भाव से कम दाम पर रजिस्ट्री कर सरकार को भी करोड़ों के राजस्व का नुकसान पहुंचाया।

# लक्ष्मण सिंह बनाएंगे नया राजनीतिक दल

## निष्कासन के बाद पहली बार सामने आए सिंह, राहुल गांधी पर निकाली भड़ास

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** कांग्रेस से निष्कासित पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह ने प्रदेश में नया राजनीतिक दल बनाने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि अब नई कांग्रेस के गठन का समय आ गया है, क्योंकि मौजूदा कांग्रेस में वही रह सकता है, जो राहुल गांधी को पीएम बनाने की बात करे, लेकिन वे कभी भी ऐसा नहीं कर सकते।



अपने निष्कासन के उपरांत पहली बार सामने आए लक्ष्मण सिंह ने कहा कि राहुल गांधी के इशारे पर कांग्रेस नेता सेना पर सवाल उठा रहे हैं, जो पूरी तरह से देश के लिए गलत है। राहुल गांधी संसद के नियम नहीं जानते। वो डिफेंस बजट पर चर्चा कर सकते हैं, लेकिन वो डिफेंस की रणनीति पर चर्चा नहीं कर सकते। उनकी अनर्गल बातों से देश आहत होता है। उनके बयानों की वजह से कांग्रेस के नेता सिर उठाकर जनता के बीच नहीं चल सकते। सिंह ने कहा कि राहुल अपने आपको रेस का घोड़ा कहते हैं, जो कितनी बार हार चुका है। उनके पिता के साथ जिन्होंने काम किया उनका अपमान करते हैं। लंगड़ा, बारात का घोड़े जैसी वेवजह की बातें करना उन्हें बंद करना चाहिए। बुद्धिजीवियों को सॉरी कहो नहीं तो पार्टी का अंत होना निश्चित है। पूर्व विधायक ने कहा कि अब नई कांग्रेस के गठन का समय आ गया है। अब ऐसी कांग्रेस को बनाना है, जहां पर कार्यकर्ताओं की सुनवाई हो, किसी आलाकमान के कहने पर कार्यकर्ताओं की वास्तविक आवाज को दबाया नहीं जाए। मध्यप्रदेश में ऐसी कांग्रेस का गठन हो, जिसकी सोच राष्ट्रीय हो। पार्टी का विभाजन इंदिरा गांधी ने भी किया था। सिंह ने कहा उन्हें कांग्रेस से कोई नहीं निकाल सकता, मैं कांग्रेसी था, कांग्रेसी हूं और कांग्रेसी रहूंगा।

### कांग्रेस ने 6 साल के लिए किया है निष्कासित

गौरतलब है कि पिछले दिनों अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह को पार्टी विरोधी बयानों को लेकर छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। उन पर पहलगाम घटना के बाद राहुल गांधी को लेकर तीखे बयान देने का आरोप लगाया गया था।

# 95 कॉलेजों की मान्यता निरस्त, काउंसलिंग से हुए बाहर

## अपनी जमीन पर नहीं चल रहे थे कॉलेज, एक भवन में चल रहे थे तीन, रिव्यू में मिलेगा दस्तावेज प्रस्तुत करने का मौका

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के 95 निजी कालेजों की मान्यता को समाप्त कर दिया है। उन्हें वर्तमान सत्र 2025-26 की चल रही काउंसलिंग से भी बाहर कर दिया गया है। उक्त कालेज कोर्स संचालित करने के लिए शासन के मापदंड पूरे नहीं कर रहे थे। कई सालों से कालेज जमीन पर चल रहे हैं, लेकिन उनके पास कोई प्रमाणित रिकार्ड ही नहीं हैं। कुछ कालेजों ने गत वर्ष निरंतरता नहीं ली और वर्तमान में आवेदन कर दिए। एक भवन में एनसीटीई, नर्सिंग, मैनेजमेंट के साथ पारंपरिक कोर्स के साथ तीन से चार कालेज संचालित हो रहे थे। कालेजों को भवन उचित मापदंड तैयार नहीं किए गए। निरंतरता लेने के लिए उन्होंने भवन और जमीन की अधूरी जानकारी विभाग को दी है। कालेजों के पास स्वयं की जमीन नहीं है और ना ही पर्याप्त संख्या में फैकल्टी मौजूद है। कालेज कहीं तो वह कहीं और रजिस्टर्ड है। ऐसे कई खामियों के साथ प्रदेश के 95 निजी कालेज चल रहे थे। इसका खुलासा अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने प्रदेश के सभी निजी कालेजों का कलेक्टरों द्वारा किए गए निरीक्षण रिपोर्ट से हो रहा है। प्रदेश के करीब 725 कालेजों का निरीक्षण किया गया। उनकी रिपोर्ट एसीएस राजन के पास पहुंच गई है।

### आयुक्त ने कराए थे नोडल कॉलेजों से निरीक्षण

आयुक्त निशांत बरबड़े ने सूबे के सभी जिलों के नोडल कालेजों से निजी कालेजों का एकेडमिक निरीक्षण कराया था। इसमें भी कालेजों का काफी फर्जीवाडा सामने आया है। कहीं यूजीसी के मापदंड के मुताबिक फैकल्टी ही मौजूद नहीं थीं तो कहीं किसी और के नाम से फैकल्टी दस्तावेजों में दर्ज थी।

### अनुसूचित एरिया में भी किया जा रहा घपला

विभाग ने अनुसूचित क्षेत्र में कालेज स्थापित करने के लिए तीन साल की मौलत दी है। यहां कालेज किराये के भवनर में संचालित करने के बाद स्वयं के भवन में जाना था, लेकिन आज भी अनुसूचित क्षेत्रामें कालेज किराए के भवन में ही चल रहे थे। कालेज अपनी जमीन पर स्थापित ही नहीं हो पाए हैं।

### विभाग पहुंचे थे 725 कॉलेज

वर्तमान सत्र में प्रवेश देने के लिए विभाग ने कालेजों से निरंतरता के लिए आवेदन जमा कराए थे। इस दौरान एसीएस राजन और आयुक्त बरबड़े की रिपोर्ट का मिलान किया गया। इस दौरान ऐसे 95 कालेज सामने आए थे, जो मापदंडों को पूरा नहीं कर रहे थे। विभाग ने 630 कालेजों को मान्यता देते हुए उन्हें काउंसलिंग में जोड लिया है। शेष 95 कालेजों को अमान्य करते हुए उनकी मान्यता को निरस्त कर दिया है और उन्हें काउंसलिंग से बाहर कर दिया है।

### अब रिव्यू में कर रहे हैं आवेदन

विभाग द्वारा कालेजों की निरंतरता को अमान्य किया गया और उन्हें काउंसलिंग से बाहर किया गया तो कालेज संचालक परेशान हो उठे हैं। अब रिव्यू में अपने दस्तावेज प्रस्तुत करने के साथ विभाग से वर्तमान सत्र में प्रवेश देने की मौहलत मांग रहे हैं।

निजी कालेजों का निरीक्षण कराया कलेक्टर द्वारा निरीक्षण कराया गया है। मापदंड पूरे नहीं करने पर उनकी निरंतरता अमान्य किया गया है।

■ **अनुपम राजन, एसीएस,** उच्च शिक्षा विभाग

# यूथ कांग्रेस अध्यक्ष के लिए 10 प्रत्याशियों में होगा मुकाबला

## स्क्रूटनी के बाद नाम तय, महासचिव के लिए 178 मैदान पर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मप्र यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष सहित दूसरे पदो के लिए प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो गई है। अध्यक्ष पद के लिए 18 प्रत्याशियों में मुकाबला होगा। महासचिव के लिए 178 दावेदार मैदान में हैं। स्कूटनी के बाद प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए दाखिल 20 में से 18 नामांकन स्वीकार किए गए हैं। राजीव सिंह का नामांकन होल्ड किया है जबकि डॉ. दौलत पटेल का नामांकन पत्र निरस्त कर दिया गया है। महासचिव पद के लिए 182 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए थे, जिनमें से 178 के फॉर्म स्वीकार कर लिए गए हैं और 4 को होल्ड किया गया है।

**अध्यक्ष पद के लिए ये मैदान में:** अध्यक्ष पद के लिए स्वीकृत नामों में योगिता सिंह, जावेद पटेल, अभिषेक परमार, नीरज पटेल, गीता कड़वे, प्रमोद सिंह, विश्वजीत सिंह चौहान, विनय पांडेय, राजवीर कुडिया, प्रियेश चौकड़े, अब्दुल करीम सिद्दीकी, शुभांगना राजे जामनिया, आशीष चौबे, यश घनघोरिया, देवेन्द्र सिंह दादू, स्वीटी पाटिल, शिवराज यादव और मोनिका मांडरे शामिल हैं। अध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे ज्यादा चर्चा पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया के पुत्र यश घनघोरिया की हो रही है। उन्हें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का समर्थन हासिल करने की कोशिशों में सबसे आगे माना जा रहा है।

### जिलाध्यक्ष पद के दावेदार

जिला अध्यक्ष पद के लिए भी कई जिलों से नामांकन दाखिल किए गए हैं। भोपाल शहर से 9, बुरहानपुर से 7, इंदौर शहर व ग्रामीण से 7-7, ग्वालियर शहर व ग्रामीण, बालाघाट, धार, खरगौन, डिंडोरी सहित कई जिलों से उम्मीदवारों की लंबी सूची सामने आई है। इन जिलों में कुछ नामांकन रिजेक्ट हुए हैं तो कुछ होल्ड पर रखे गए हैं।

**बैठक** | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अफसरों को दिए निर्देश

# 1700 सेवाओं का लाभ एक स्थान पर देने बनेगा यूनिफाइड पोर्टल सिस्टम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों से कहा है कि यूनिफाइड पोर्टल सिस्टम तैयार किया जाए, जिससे आम नागरिकों को विभिन्न विभागों की 1700 सेवाओं का लाभ एक स्थान पर मिल सके। नागरिकों को सरकार के कार्यक्रमों और अभियानों के बारे में जानकारी मिले, इसके लिए होर्डिंग्स लगाए जाएं। सीएम अपने निवास स्थित समत्व भवन में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा है कि उज्जैन में सिंहस्थ-2028 में विभिन्न तकनीकी कार्यों एवं व्यवस्थाओं के प्रभावी संचालन में नवीन प्रौद्योगिकी की मदद ली जाए। इसे सुनिश्चित करने के लिए एमपीएसइडीसी सॉफ्टवेयर/ऐप तैयार करें और नगरीय विकास एवं आवास विभाग को भी निर्देशित किया जाए। प्रदेश में कानून और व्यवस्था नियंत्रण के लिए ड्रोन का उपयोग बढ़ाने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाई जाए। इसके साथ ही शहरी यातायात प्रबंधन के लिए भी ड्रोन का उपयोग सुनिश्चित किया जाए। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून और व्यवस्था नियंत्रण के लिए और शहरी यातायात प्रबंधन के लिए भी ड्रोन का उपयोग सुनिश्चित किया जाए। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि राज्य में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश के अनुकूल वातावरण एवं निवेश की बढ़ती संभावनाओं के दृष्टिगत आईटी पार्कों की संख्या बढ़ाई जाए। उन्होंने इंदौर सहित सभी आईटी पार्कों को पीपीपी मॉडल पर विकसित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री साइबर अटैक की घटनाओं पर चिंता जताते हुए उन्हें



रोकने एवं उनके प्रभावी निष्पादन के लिए मध्यप्रदेश कंप्यूटर इमरजेंसी टीम का गठन करने के निर्देश दिए। सभी शासकीय विभागों में मुख्य सुरक्षा अधिकारी तैनात किए जाएं। इस मौके पर मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि ड्रोन द्वारा सर्वेक्षण एवं निगरानी प्लान को जोनल प्लान बनाकर योजनाबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा के लिए गृह विभाग के साइबर एक्सपर्ट्स से भी इनपुट लिए जाएं। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ 2028 के टेक्निकल सपोर्ट का प्लान नगरीय आवास एवं सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग मिलकर तैयार करें। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ 2025 के प्लान का अध्ययन भी करें। राज्य की स्पेस टेक नीति तैयार करने अन्य राज्यों की नीतियों का अध्ययन करें। अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत कार्यों की अद्यतन स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

### अगस्त में चलने लगेगी मेट्रो, बोगदा पुल से एम्स तक का रूट होगा शुरू

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** राजधानी में मेट्रो का पहला फेज आम जनता के लिए अगस्त से शुरू हो जाएगा। इसमें बोगदापुल से एम्स तक का रूट शुरू करने की तैयारी कर ली गई है। यह जानकारी शुक्रवार को मेट्रो प्रोजेक्ट के अधिकारियों ने मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को दी। दरअसल सीएम डॉ. यादव शुक्रवार को मप्र की विभिन्न मेट्रो परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने भोपाल और इंदौर मेट्रों की विस्तारित रिपोर्ट पेश की। इस दौरान सीएम डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में मेट्रो रेल परियोजना के कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय-सीमा का ध्यान रखते हुए पूरे किए जाएं। भोपाल और इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के कार्य प्राथमिकता से पूरे किए जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण और अन्य संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर कार्य करें, जिससे कार्य के दौरान कोई कठिनाई नहीं आए। भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट को नवंबर 2018 में मंजूरी दी गई। इसकी लागत 10 हजार 33 करोड़ रुपए अनुमानित है। ऑरेंज लाइन-करोंद चौराहा से एम्स साकेत नगर तक और ब्लू लाइन- भदभदा चौराहा से रत्नागिरी तिराहा तक होगी। मेट्रो डिपो सुभाष नगर में स्थापित होगा। भोपाल मेट्रो के पहले फेज (पुल बोगदा से एम्स तक) का कार्य अगस्त 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसकी लंबाई 7 किलोमीटर और स्टेशनों की संख्या 8 है। दूसरे फेज में करोंद से पुल बोगदा तक 9 किमी में 6 स्टेशन बनाए जाएंगे 2 स्टेशन जमीन के नीचे बनाए जाएंगे। भोपाल मेट्रो के तीसरे फेज में भदभदा चौराहा से रत्नागिरी तिराहा तक 14.16 किलोमीटर में मेट्रो ट्रैक बनाया जाएगा, जिसमें कुल 14 एलिवेटेड स्टेशन निर्मित किए जाएंगे।

#### अन्य शहरों के लिए भी प्लानिंग

मेट्रो परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन एवं जबलपुर शहरों के लिए व्यापक गतिशीलता योजना और वैकल्पिक विश्लेषण रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें बताया गया कि परियोजनाएं अनुमोदन के विभिन्न चरणों में हैं। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय कुमार शुक्ला, अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी उपस्थित थे।

### पृष्ठ तीन के शेष

#### शाह बोले- अगर कायदे...

नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जब हमारी सरकार बनी तक देश की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर पर थी। देश जब आजाद हुआ, तक भारत की अर्थव्यवस्था 15वें नंबर पर थी। ग्यारह साल में अर्थव्यवस्था को ग्यारहवें नंबर से चौथे नंबर पर लेकर आए। इस कार्यकाल की समाप्ति से पहले देश की अर्थव्यवस्था को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे। जो कार्य आजादी के बाद साठ सालों में नहीं हुआ, वह हमारी सरकार में ग्यारह साल में कर दिखाया। आज हमारी पार्टी का वजूद है तो विचारधारा के कारण। हमारी पार्टी की न विचारधारा बदली और और न ही कार्य संस्कृति बदली है। उन्होंने कहा कि भगवान राम का मंदिर बना, देश में कोई दंगा नहीं हुआ और मुसलमानों ने भी इसे स्वीकार किया, यही हमारी बड़ी उपलब्धि है। हमने विश्वस्तरीय काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनाया, महाकाल लोक सहित संसद भवन, कर्तव्य पथ बनाया, संसद में सिंगोल की स्थापना की। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के माध्यम से 81 करोड़ लोगों को मुफ्त 5 किलो अनाज, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक लोगों को पक्के घर, जल जीवन मिशन के तहत 15 करोड़ से अधिक घरों में नल से जल पहुंचाया गया है। मोदी एक मात्र ऐसे नेता हैं जो दुनिया भर के सबसे अधिक देशों में भारत रत्न जैसे उस देश के उच्च सम्मान से सम्मानित हुए हैं। मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है जहां मेडिकल की पढ़ाई हिन्दी भाषा में होती है।

# दिल दहला देने वाली घटना एक ही परिवार के तीन लोगों के शव मिले, इलाके में सनसनी...

## मेहदवानी थाना क्षेत्र की घटना, मानसिक रूप से अस्वस्थ बताई जा रही है मृतका...

**जागरण, डिंडोरी ।** जिले के मेहदवानी थाना क्षेत्र से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जहां एक ही परिवार के तीन लोगों के शव घर के अंदर फांसी पर लटके मिले। यह वारदात मेहदवानी मुख्यालय की है, जहां चाय-नाश्ते की दुकान चलाने वाले राजेंद्र प्रजापति जब रोज की तरह शाम को दुकान बंद कर अपने घर पहुंचे, तो घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला।काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं मिला, तो राजेंद्र ने दरवाजा तोड़कर भीतर प्रवेश किया। अंदर का नजारा देखकर उसके होश उड़ गए। उसकी पत्नी मधु प्रजापति और दो छोटे बच्चे फांसी के फंदे पर लटके हुए थे। राजेंद्र ने तुरंत उन्हें नीचे उतारा, लेकिन तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतिका मधु प्रजापति की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है और घर को सील कर दिया गया है।एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड को भी मौके पर बुलाया गया है ताकि घटना के कारणों का स्पष्ट पता लगाया जा सके। पूरे क्षेत्र में इस हृदयविदारक घटना के बाद शोक और सनसनी का माहौल है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है।



## बाइक चुराकर काटकर बेचने वाला चोर मोहल्ले के सहयोग से पुलिस कोतवाली ने पकड़ा

**छतरपुर ।** छतरपुर जिले में इन दोनों चोरी की वारदातें इस कदर तक बढ़ गई हैं कि अब खुद लोग सक्रिय होकर चोर पकड़ने लगे हैं। ताजा मामला छतरपुर टोरिया मोहल्ला का सामने आया जब स्कूटी चोरी होने वाला पीड़ित ने स्वयं सक्रिय होकर चोर पकड़वाया। आदतन नशाखोर पवन कोरी बाइक चुराकर काटकर पार्ट्स बेच देता था जिस चोर को पुलिस ने पकड़ा है । टोरिया मोहल्ला में रहने वाला पवन कोरी को पुलिस ने पकड़ा जिसके पास मोटर साइकिल के पार्ट्स जब्त हुए है। कुछ दिन पहले रिक्शा की बैटरी चुराने के आरोप में पवन जेल जा चुका है। पवन ने कई नाम उजागर किए जो पार्ट्स खरीदने का काम करते हैं। पुलिस पूरे मामले में जांच में जुट गई है ।

## थाना सिविल लाइन पुलिस ने नरसिंहगढ़पुरवा मंदिर में हुई दान पेटी चोरी का 3 दिन में किया खुलासा

**छतरपुर ।** 4 दिन पूर्व थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत नगर के नरसिंहगढ़पुरवा मोहल्ले के एक मंदिर में रखी दान पेटी चोरी संबंधी फरियादी पुजारी की रिपोर्ट पर थाना सिविल लाइन में भारतीय न्याय संहिता के तहत चोरी का अपराध दर्ज किया गया था।घटनास्थल के आसपास कैमरे संचालित थे, पुलिस को आसानी हुई। इसी कारण पुलिस द्वारा चक्षु अभियान के तहत अपराध नियंत्रण एवं आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में जन सहयोग से सीसीटीवी कैमरा लगवाए जा रहे हैं। पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मोहल्ले, मार्गो, चौराहें एवं आसपास के क्षेत्र के कैमरे के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। एकत्रित साक्ष्य के अनुसार आरोपी का पता लगाकर आरोपी की तलाश की गई। चोरी की घटना को अंजाम देने वाले हीरालाल कुशवाहा उर्फ हल्के पिता जमुना प्रसाद निवासी नरसिंहगढ़पुरवा थाना सिविल लाइन को गिरफ्तार किया गया। चोरी की गई मंदिर की दान पेटी, उसमें रखे 6161 रूपए नगद राशि (नोट एवं सिक्के सहित), प्रयुक्त लोहे का सब्बल बरामद किया गया। अभियुक्त को न्यायालय पेश कर जेल भेजा जा रहा है।उक्त कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री विदिता एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक वाल्मीकि चौबे, उप निरीक्षक कादिर खान,राजू, उमेश साइबर से धर्मराज की भूमिका रही।

# गांजा के साथ एक आरोपी को पुलिस ने दबोचा



**जागरण, छतरपुर ।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सटई रोड गल्ला मंडी के पीछे रेलवे ब्रिज के पास 350 ग्राम से अधिक गांजा बरामद किया। इस कार्रवाई में एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि सटई रोड गल्ला मंडी के पीछे रेलवे ब्रिज के पास एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ के साथ मौजूद है। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर संदेही की तलाशी ली, जिसमें पॉलिथीन में 350 ग्राम से अधिक गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में गांजा आपूर्ति के स्रोत के रूप में बादशाह पटेल, निवासी ग्राम मौराहा, का नाम सामने आया। पुलिस ने आरोपी संतु उर्फ संतोष पुत्र नाथूराम पटेल, निवासी ग्राम मौराहा थाना सिविल लाइन को गिरफ्तार कर लिया। उसके और फरार आरोपी बादशाह पटेल के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। संतु उर्फ संतोष को न्यायालय में पेश करने की तैयारी है, जबकि बादशाह पटेल की तलाश और विवेचना जारी है।

# युवती ने लगाए अपहरण और दुष्कर्म के आरोप

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर मांगा न्याय

**जागरण, छतरपुर ।** छतरपुर के ओरछा रोड थाना क्षेत्र की युवती ने एक युवक पर अपहरण और दुष्कर्म का सनसनीखेज आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। पीड़िता ने खीरमहेरी गांव के युवक पर 2023 से छेड़छाड़, धमकी देने और हाल ही में बलात्कार करने का आरोप लगाया। युवती ने वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने और मारपीट की भी शिकायत की है। ओरछा रोड थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी पीड़िता ने बताया कि वह छतरपुर की चौबे कॉलोनी के बालिका छात्रावास में रहकर पढ़ाई करती है। 2023 में वह छतरपुर के गर्ल्स स्कूल में पढ़ती थी। उस दौरान खीरमहेरी निवासी साहिल सिंह पिता राजू सिंह चंदेल उससे छेड़छाड़ करता था और अपराधिक प्रवृत्ति के कारण उसे धमकाता था। डर की वजह से उसने यह बात किसी को नहीं बताई। पीड़िता के मुताबिक गत 5 मई 2025 को साहिल ने फोन कर धमकी देकर उसे महाराजा कॉलेज स्टेडियम के पास बुलाया। वहां पहुंचने पर आरोपी ने उसे जबरन कार में बैठाया और खीरमहेरी के सुनसान इलाके में ले जाकर गाड़ी के शीशे बंद कर दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने घटना का वीडियो बनाया और इसे वायरल करने की धमकी दी। 1 जून 2025 को साहिल ने वीडियो डिलीट करने का झांसा देकर उसे फिर बुलाया, लेकिन दोबारा दुष्कर्म का दबाव बनाया। पीड़िता ने उसका मोबाइल छीनने की कोशिश की तो साहिल ने उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और न्याय की मांग की है।

# माध्यमिक विद्यालयों की मरम्मत के नाम पर किया गया बड़ा भ्रष्टाचार

## दो साल से चल रहा फर्जी बिलों के जरिए सरकारी राशि का बंदर बांट

**जागरण, छतरपुर ।** म.प्र. शासन द्वारा माध्यमिक विद्यालयों और हायरसेकेण्डरी स्कूलों की मरम्मत के लिए हर वर्ष 5 से 6 लाख रूपये की राशि दी जाती है। माध्यमिक स्कूल जिला शिक्षा केन्द्र के अंतर्गत और हायर सेकेण्डरी स्कूल जिला शिक्षा अधिकारी के अंतर्गत आते हैं। माध्यमिक शिक्षा के स्कूलों को मरम्मत के लिए जो राशि प्रधान अध्यापक के खाते में दी गई उस राशि से मरम्मत का कोई कार्य न कराया जाकर समूची राशि का बंदर-बांट अधिकारियों और विद्यालयों के प्रभारी शिक्षकों द्वारा किया गया।

यह भ्रष्टाचार पिछले दो तीन साल से किया जा रहा है। यह भी चर्चा है कि विद्यालयों में एक काम को कराकर पिछले तीन सालों से लगातार उसी काम के नाम पर पैसा निकालकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इसमें अकेले विद्यालय के प्रभारी शिक्षक ही शामिल नहीं हैं बल्कि माध्यमिक विद्यालयों के जिम्मेदार अधिकारी भी पूरी तरह से शामिल हैं और उन्हीं की शह पर विद्यालयों की मरम्मत के नाम पर मिली राशि में बड़ा फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। इस पत्र प्रतिनिधि को कुछ ऐसे माध्यमिक विद्यालयों के नाम भी पता चलें हैं जहां मरम्मत कराई नहीं गई और राशि निकाल ली गई। इसका खुलासा तब हुआ जब जिला मुख्यालय के नजदीकी एक माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक ने इस आशय का शिकायती पत्र देते हुये आरोप लगाया कि 5 लाख रूपये की राशि मरम्मत के लिए मिली थी लेकिन मरम्मत न कराकर यह राशि निकालने के लिए उस पर दबाव बनाया जा रहा था। लेकिन जब शिक्षक इस तरह का भ्रष्टाचार करने के लिए तैयार नहीं हुआ तो उसका प्रभार छीन लिया गया और किसी अन्य को देकर उस शिक्षक की शिकायतें करा दीं गई और जिसकी जांच प्रचलन में हैं। लेकिन अब उसी शिक्षक ने भ्रष्टाचार की पोल खोलते हुये शिकायती पत्र में गंभीर आरोप लगाये हैं। अब देखना यह है कि उक्त शिक्षक के आरोपों की निष्पक्ष जांच होती है या नहीं या फिर भ्रष्टाचार के मामले को दबाकर फाइलों को ठण्डे बस्ते में दफन कर दिया जायेगा। मरम्मत के नाम पर किन किन शालाओं में पिछले दो सालों से फर्जीवाड़ा चल रहा है।

# संभागायुक्त धनंजय सिंह ने की योजना भवन में विभागीय कार्यों की समीक्षा

**जागरण, मंडला ।** संभागायुक ?त श्री धनंजय सिंह ने कहा कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों में सभी विभागों को गहन समीक्षा करने को कहा तथा जिन क्षेत्र में सीएम हेल्पलाईन के अधिक प्रकरण दर्ज हो रहे हैं उन क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। संभागायुक ?त श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के संबंध में विभागों से विभिन्न स्तरों पर लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों में संतुष्टि पूर्वक निराकरण के निर्देश दिए। संभागायुक ?त श्री सिंह शुक्रवार को जिला योजना भवन में विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। संभागायुक ?त श्री सिंह ने कहा कि सभी



अधिकारी हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक अनिवार्य रूप से पहुंचाएं। संभागायुक ?त श्री धनंजय सिंह ने खरीफ फसलों के लिए किसानों को मानक एवं गुणवत्ता पूर्ण खाद एवं बीज उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खरीफ फसलों के लिए खाद एवं बीज का विक्रय करने वाले दुकानों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। अमानक खाद एवं बीज का विक्रय न हो सके। अमानक खाद एवं बीज के प्रकरणों में संगत नियमों एवं शासन निर्देशों के अंतर्गत कठोर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

संभागायुक ?त श्री सिंह ने विभागों के द्वारा ई-फाईलिंग कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों को ई-फाईलिंग अंतर्गत कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही ई-केवाईसी, ई-ऑफिस प्रणाली का क्रियान्वयन की भी विस्तृत समीक्षा की।संभागायुक ?त श्री सिंह ने आयोजित बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की समीक्षा की। जिसमें उन्‍?होंने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नवीन खेत तालाब निर्माण, डगवेल रिचार्ज, अमृत सरोवर के कार्य, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं जल चौपाल के संबंध में जानकारी ली।कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने जिले में चल रहे बीजांकुर अभियान के बारे में जानकारी दी। संभागायुक ?त श्री सिंह ने आयोजित बैठक में इसके बाद जिले में स्वामित्व योजना की प्रगति, ईकेवाईसी की प्रगति, तथा आरसीएमएस के कार्यों की समीक्षा की। राजस्व विभाग के अधिकारियों को नामांतरण, सीमांकन एवं बंटवारा के लंबित प्रकरणों का मिशन मोड में निराकरण के निर्देश दिए।उल्लखेनीय है कि संभाग आयुक्त द्वारा राजस्व प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जा रही है।

# अजय सिंह के निलंबन से मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ खफा

## तुरंत वहाली की माँग उठाई, छतरपुर सहित प्रदेश भर मै सौंपे ज्ञापन

**जागरण, छतरपुर ।** जनपद पंचायत छतरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय सिंह के नियम विरुद्ध और मनमाने निलंवन से मध्य प्रदेश का मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ बेहद खपा हैं, मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ कलेक्टर के प्रतिवेदन पर कमिशनर द्वारा की गई कार्यवाही को नियम विरुद्ध करार दें रहा हैं। देर से मिली विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी के अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ अंदर ही अंदर इस कार्यवाही से बेहद आक्रोसित हैं 7 संघ के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित 27 मई को छतरपुर सहित प्रदेश भर मैं अपने प्रांताध्यक्ष उपेंद्र सिँह सेंगर के हस्ताक्षर युक्त जो ज्ञापन सौपा हैं उसमे कई गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं 7 ज्ञापन मै कहा गया की पिछले चार-पांच दिन से समग्र पोर्टल बंद था जिस कारण केवाईसी की कार्यवाही प्रभावित हुई लेकिन इस तथ्य को नजर अंदाज कर जवरन छतरपुर जनपद के सीइओ अजय सिंह को टारगेट कर उन्हें निलंवित किया गया, संघ के पदाधिकारियों ने अपने ज्ञापन पत्र मै जिला प्रशासन की कार्यशेली पर भी गंभीर सवाल खडे किये और श्री सिंह के निलंबन आदेश को तत्काल प्रभाव से रद्द कर उन्हें वहाल करने की माँग की 7 मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ ने 27 मई को एक साथ प्रदेश के सभी जिलों मै यह ज्ञापन सोपे छतरपुर जिले मै भी जिला पंचायत की मुख्यकार्यपालन अधिकारी तपस्या परिहार को ज्ञापन सौपा गया था । ज्ञात हो की गत 26 मई को समय सीमा पत्रों की वैठक के दौरान कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने काम की प्रगति को लेकर जिले के तमाम अधिकारियों को तगडी लताड़ लगाई थी कई अधिकारियों की बेतन रोकने के निर्देश दिए थे तों कई अधिकारियों के इंकरीमेन्ट रोक दिए थे और जनपद पंचायत छतरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय सिंह को निलंवित करने का सिफारसी पत्र सागर कमिशनर को भेजा था 7 कलेक्टर का पत्र मिलते ही कमिशनर ने बाज जैसी फुर्ती दिखाते हुए पत्र क्रमांक 1366 के जरिये 26 मई को ही सीइओ अजय सिंह को निलंवित कर दिया था श्री सिंह पर केवाईसी की प्रगति मै लापरवाही के आरोप लगाए गए थे 7 श्री सिंह के निलंवन आदेश जारी होने के दूसरे ही दिन यानी 27 मई को मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ ने कलेक्टर और कमिशनर की कार्यवाही पर गंभीर सवाल खडे करते हुए पूरे प्रदेश मै मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंप कर श्री सिंह को तुरंत वहाल करने की मांग की थी ।

# सोसायटियों में नहीं है यूरिया डीएपी, किसान परेशान

**जागरण, मण्डला ।** जिले की बहुत से ऐसी सोसायटियां है जहा यूरिया खाद व डी ए पी नही है। जो खाद उपलब्ध कराई गई थी वह बांटी जा चुकी है। पुनःह खाद के लिए किसान सोसायटी के चक्कर काट रहे है।वर्तमान समय मे मुख्यालय के पास के हर पुर, मुनू, मण्डला,मलरा,हृदयनगर,घुघरी आदि सोसायटियों में यूरिया खाद व डी ए पी नही है। जबकि खेरी




गोदाम में अत्यधिक मात्रा में खाद उपलब्ध है। बताया गया कि खेरी गोदाम से केवल आधार कार्ड दिखा कर किसानों के अलावा वे लोग भी खाद लेकर जा रहे है जिनके पास खेती किसानी की भूमि नही है। ऐसे लोगो अपने क्षेत्र में खाद ब्लेक कर रहे है। ऐसी स्थिति में उन किसानों को भारी मुसीबत हो रही जो मण्डला से दूर ग्रामीण क्षेत्र के है क्योंकि खेरी गोदाम में उन्हें पूरे पूरे दिन खाद लेने के लिए बैठना पड़ता है।किसानों को खेरी गोदाम से अपने ग्रह ग्राम तक यूरिया खाद लेकर जाने में अतिरिक्त किराया का भार सहना पड़ रहा है। किसानों का समय भी खराब हो रहा है। जबकि शासन द्वारा हर 15 किलोमीटर की दूरी में सोसायटियां बनाई गई है प्रसासन को ध्यान देते हुए सभी 15 किलोमीटर की दूरी में स्थित समितियों सोसायटियों में यूरिया व डी ए पी खाद उपलब्ध कराना चाहिए। जिससे किसानों को आसानी से खाद उपलब्ध हो सके। किसानों का समय व किराया बचेगा। वही खेरी गोदाम में भीड़ लग रही है वह भी कम होगी। सभी किसानों को समय पर खाद मिल सकेगी।

# सनातनियों की महासभा में पहुंचे गौतम खट्टर कहाः बच्चों को संस्कार के साथ देनी होगी धर्म और समाज की जानकारी

**जागरण, मण्डला।** शनिवार को बंधन मैरिज लॉन में सनातनियों की महासभा का आयोजन किया गया। यहां पर सनातन महासंघ के संस्थापक गौतम खट्टर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। जिन्होंने सनातनियों से कहा कि धर्म, समाज और हिन्दूत्व के लिए काम करने वाला व्यक्ति ही सनातनी है। उन्होंने कहा कि सच के मार्ग में चलने के लिए अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सच की राह कठिन जरूर है लेकिन परिणाम संतोषकारी होते हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम हमे अनेक प्रेरणा भी दे रहा है। देश में ऊंच-नीच, जात-पात, छूआ-छूत के मकड़ जाल से हमे निकलना होगा। सनातनियों को एक मंच में आना होगा और भगवान राम के आदर्श का अनुशरण करते हुए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि भागवत गीता के सार को जीवन में अपनाना चाहिए। ताकि धर्म और समाज के प्रति हमारे क्या कर्तव्य हैं इससे हम सीख सके। उन्होंने ने कहा कि बच्चों को धर्म और सांस्कृति के साथ संस्कार भी देने होंगे खासकर माताएं बच्चों को निडर निर्भय बनाएं शस्त्र हमारी परम्परा रही है और हर हिन्दू के घर में शस्त्र होना चाहिए। कार्यक्रम में उन्होंने सभी सनातनियों को एक होने की बात कही



और धर्म को बचाने का आह्वान किया। अतिथियों ने सनातन धर्म का बखूबी ढंग से लोगों के बीच में बखान भी किया। उन्होंने मां दुर्गा भगवान भोलेनाथ, भगवान कृष्ण के अनेक प्रसांगिक उदाहरण देकर बताया कि किस तरह सनातनियों की रक्षा और सुरक्षा की जा सकती है उन्होंने कहा कि कोई भी भगवान आप की सुरक्षा नही कर सकता आप की सुरक्षा आपको खुद करनी होगी। भगवान केवल हमे मार्ग प्रदान करते हैं और उस मार्ग में चल कर हम अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं। आपको बता दें गौतम खट्टर सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर हैं। जो पिछले कुछ वर्षों से अपने वीडियो के ज़रिए सनातन धर्म व भारतीय संस्कृति का प्रचार-पसार कर रहें हैं। गौतम खट्टर ने यूट्यूब पर भारत में विदेशों से आकर रहने वाले कई नागरिकों का इंटरव्यू किया है जहां वे भारतीय सभ्यता व संस्कृति पर खुलकर बातचीत करते दिखाई पड़ते हैं। उनका उद्देश्य युवा वर्ग को अपनी संस्कृति के महत्व से अवगत कराना है। साथ ही गौतम एक ऐसे यूट्यूबर हैं जो भारतीय चिकित्सा पद्धति का लंबे समय से प्रचार-प्रसार में जुटे हैं। कार्यक्रम के पूर्व भारत माता के तैल्यचित्र पर दीप प्रज्वालित कर माल्यार्पण किया गया। मंच में हिन्दूवादी नेता गौतम खट्टर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। वहीं मंच में अतिथि के तौर पर सामाजिक कार्यकर्ता नीरज अग्रवाल, पंकज सोनी, आकाश चौरसिया एवं समाजसेवी श्रीमति ज्योति जायसवाल मंचासीन रही उपस्थित अतिथियों का अंग वस्त्र से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता अजय वंशकार ने कार्यक्रम की प्रस्तावना और रूपरेखा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मंडला जिले में लगातार धर्मपरिवर्तन के मामले सामने आ रहे हैं। इसी के साथ हिन्दूत्व विरोधी गतिविधियां भी सक्रिय हो गई हैं ऐसे में जाने माने हिन्दूत्व विचारधारा के नायक गौतम खट्टर जी का उद्बोधन हमे प्रेरणा के साथ नई दिशा प्रदान करेंगा। इस दौरान रक्तदान करने वाले एवं समाजसेवियों का मंच से सम्मान किया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता नीरज अग्रवाल ने श्री खट्टर का परिचय कराते हुए कहा कि गौतम खट्टर एक युवा भारतीय पत्रकार, लेखक और यूट्यूबर हैं जो भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म पर अपने आकर्षक भाषणों के लिए जाने जाते हैं। कार्यक्रम समापन के पूर्व राष्ट्रगान किया गया। साथ ही अहमदाबाद में हाल ही में हुए प्लेन क्रेस दुख घटना पर दो मिनट का मौंनधारण करते हुए श्रृद्धांजलि दी गई।

## दो आरोपियों के कब्जे से शराब जब्त



**डिंडोरी ।** पुलिस ने दो आरोपियों को चौकी क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री करते हुए पकड़ा है। पुलिस को जानकारी मिली कि ओमप्रकाश निवासी नैनाबर एवं सुनील निवासी जबलपुर अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहे हैं। पुलिस ने दबिश देकर दोनों आरोपियों के कब्जे 150 पाव अंग्रेजी शराब कीमत 20250 रुपए जब्त की। दोनों के विरुद्ध पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# गुरुग्राम जा रही बस पर चंबल स्टाइल में हुआ हमला

**जागरण, नौगांव ।** थाना क्षेत्र के दौरिया गांव के पास झांसी-खजुराहो फोरलेन पर गुरुवार देर रात करीब 10:45 बजे एक सनसनीखेज वारदात ने यात्रियों में दहशत फैला दी। बताया गया है कि पन्ना जिले के अमानगंज से गुरुग्राम जा रही एक यात्री बस पर 5-6 अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने चंबल स्टाइल में हमला कर फायरिंग की और बस में जमकर तोडफ़ोड़ की। घटना से यात्रियों में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बछिया नाला के समीप हुई इस वारदात में कार और बाइक सवार बदमाशों ने बस को बीच सड़क में रोक लिया। ग्वालियर निवासी चालक विनोद सिंह गौर ने बताया, जैसे ही मैंने बस रोकी, आधा दर्जन बदमाशों ने बस को चारों ओर घेर लिया। एक ने ड्राइवर सीट पर कट्टा अड़ा दिया। जान बचाने के लिए मैं सवारियों के



बीच भागा। बदमाशों ने चालक के सीट छोड़ते ही फायरिंग शुरू कर दी, जिससे बस का सामने का कांच चकनाचूर हो गया और कुछ खिड़कियों के कांच भी टूट गए। इसके बाद बदमाश बस में चढ़े और अंदर उत्पात मचाया। महिला, बुजुर्ग और बच्चों में चीख-पुकार मच गई। बदमाश दहशत फैलाकर मौके से फरार हो गए। चालक ने हिम्मत जुटाकर बस को आगे बढ़ाया और यात्रियों ने फोरलेन हेल्पलाइन व पुलिस को सूचना दी। नौगांव एसडीओपी अमित मेश्राम, थाना प्रभारी सतीश सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एसडीओपी अमित मेश्राम ने का कहना है कि यह सुनियोजित हमला प्रतीत होता है। बदमाशों की गतिविधियां सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई हैं। उनकी पहचान की जा रही है और जल्द गिरफ्तारी होगी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज और पचवारा टोल प्लाजा के फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं।

# गोगपा ने किया खनन माफिया का विरोध

**जागरण, डिंडोरी।** गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष इंजी. कमलेश तेकाम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गोगपा द्वारा पिपरिया माल में बैगा आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय और प्रशासन द्वारा कार्यवाही नहीं किए जाने की शिकायत राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग में किया जाएगा। इस मामले में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा लगातार डिंडोरी जिले के पिपरिया माल में खनन माफियाओं द्वारा दलालों के माध्यम से फर्जीवाड़ा कर बैगा आदिवासियों की जमीन हड़पे जाने का विरोध किया जा रहा है और जिला प्रशासन को ग्रामीणों की हकीकत और पूरे मामले की वास्तविकता से बार बार अवगत करवाकर खनन माफिया और कथित भूमि खरीदने वालों की



जांच कराने, दलालों द्वारा कराई गई रजिस्ट्रियों की जांच कर फर्जी रजिस्ट्रियां रद्द कर मूल मालिकों को भूमि वापस दिलवाए जाने की मांग की जा रही है। किंतु जिला प्रशासन द्वारा इस मामले को लेकर न तो कोई विशेष जांच कमेटी गठित की गई है और न ही ही ग्रामीणों की व्यक्तिगत शिकायतों पर पुलिस द्वारा आदिवासियों के साथ हुए शोषण के मामले में अपराध दर्ज कर दलालों को गिरफ्तार किया गया है। अब तक पीड़ितों के द्वारा लगाए गए आरोपों की कोई जांच हुई है न ही आरोपियों से पूछताछ की गई है। पिछले दो माह में जिला प्रशासन द्वारा भी विशेष संरक्षित बैगा जनजाति के पीड़ित परिवारों के हितों की रक्षा हेतु कोई कठोर कार्यवाही नहीं की गई है।

# शिविरों के जरिए शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को करें लाभांवित : कलेक्टर





## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत रविवार से लगेंगे शिविर

**पन्ना।** पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा है कि भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंन्तर्गत रविवार से शिविर आयोजित किए जाएंगे। अभियान के तहत जिले के चिन्हांकित 108 ग्रामों में विभिन्न विभागो की चयनित योजनाओं के हितग्राहीवार शत प्रतिशत सेचुरेशन के लिए मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा गंभीरता पूर्वक दायित्वों का निर्वहन कर अभियान को सफल बनाने की कार्रवाई की जाए। 15 जून से प्रारंभ होने वाले विकासखण्डवार एवं ग्राम पंचायतवार शिविरों के प्रारंभिक एक-दो दिवसों में योजनाओं के लाभ से वंचित हितग्राहियों का चिन्हांकन कर सक्षम पदाधिकारी के यहां अनिवार्य रूप से आवेदन जमा कराएं और शिविर समापन तिथि 30 जून के पूर्व तक अनिवार्य रूप से विभागवार योजनाओं के हितलाभ का वितरण करें।पन्ना कलेक्टर श्री कुमार ने शनिवार को टाउन हॉल में अभियान अंन्तर्गत शिविर के शुभारंभ के पूर्व संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया और शिविर को सफल बनाने की अपेक्षा की।

उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय के व्यक्तियों को लक्ष्य एवं पात्रता मुताबिक सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए परस्पर समन्वय के साथ कार्य कर एवं शिविरो में ड्यूटीरत लोक सेवक नियमित रूप से उपस्थित रहकर वंचित लोगों तक आसानी से विभागीय योजनाओं का लाभ प्रदान करने की कार्यवाही करें। इस दौरान 70 प्लस एवं भवन निर्माण श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने सहित आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन बैंक खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास, समग्र ई-केवायसी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा, मातृत्व वंदना योजना, टीकाकरण इत्यादि का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को हितग्राहियों के चिन्हांकन, पोर्टल पर आवेदन के संबंध में अन्य महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए। साथ ही निर्धारित प्रपत्र पर फार्म भरवाने के उपरांत लोक सेवा केन्द्रो में जमा कराने के लिए कहा।

जिला कलेक्टर ने अपने संबोधन में कहा कि हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के लाभ के संबंध में चिन्हांकन के दौरान समानांतर रूप से विभाग की अन्य योजनाओं एवं कार्यों की पूर्णता के लिए भी कार्रवाई करें। प्रशिक्षण के अवसर पर अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी शिविर के दौरान विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में कार्ययोजना की जानकारी दी। प्रशिक्षण में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, जिला संयोजक आर.के. सतनामी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार एवं पियूष मिश्रा, समस्त एसडीएम एवं जनपद पंचायत सीईओ भी उपस्थित रहे।

# पन्ना पुलिस ने 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

## आरोपियों के कब्जे से छीनी हुई राशि 50 हजार रुपये नगदी सहित घटना में प्रयुक्त 02 मोटरसाईकिल की गई जप्त

**पन्ना ।** दिनांक 13.06.25 को फरियादी द्वारा थाना अजयगढ मे रिपोर्ट किया कि मै क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अजयगढ से 41 हजार रुपये निकालकर अपने बैग मे रखकर मेन रोड पर आया तो मेरे बगल से एक मोटर साईकिल चालक आया और उसके पीछे दूसरी मोटरसाईकिल पर 02 लडके आये और मेरा बैग झपटकर लेकर भाग गए साथ ही इन्ही तीन लडको द्वारा एक अन्य फरियादी की जेब से भीड़भाड़ होने से 7200/- रु निकालकर चोरी की गई एंव कुंवरपुर निवासी एक अन्य फरियादी के बैग को भी झपटकर ले गये है जिसके बैग मे 42 हजार रुपये नगद रखे थे। फरियादियों की रिपोर्ट पर थाना अजयगढ मे अपराध पंजीबध्द किया जाकर थाना प्रभारी अजयगढ द्वारा मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियो को दी गई। मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्णा थोटा द्वारा तत्काल आरोपियों की पतारसी कर गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। जिसपर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एसडीओपी अजयगढ राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना अजयगढ स्तर पर थाना प्रभारी अजयगढ के नेतृत्व मे टीम का गठन किया गया जो टीम द्वारा उक्त आरोपियों की तलाश पतारसी हेतु कस्बा अजयगढ मे संचालित वित्तीय संस्थानो, दुकानों के आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गए एंव मानवीय आधार पर जानकारी एकत्रित की गई साथ ही थाना क्षेत्र मे विश्वस्त मुखबिर मामूर किये गये । जिस पर आरोपियों के बडी फील्ड अजयगढ मे देखे जाने की सूचना प्राप्त हुई मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा दबिस देकर 03 संदिग्धों को अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूंछताछ किए जाने आरोपियों द्वारा उक्त तीनों घटनाएं किया जाना स्वीकार करते हुए बताया कि हम लोग बैंकों के बाहर रेकी करके अंदर बाहर जाने वाले व्यक्तिओं पर नजर रखते है जैसे कोई व्यक्ति अकेले पैसों से भरा बैग लेकर निकलता है तो उसका पीछा कर सुनसान इलाके में बैग छीन लेते है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से कुल 50 हजार रुपये नगद एंव घटना मे प्रयुक्त 02 मोटरसाइकिल जप्त कर 01 विधि विरुध्द बालक को अभिरक्षा में लेकर 02 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मे पेश किया गया है ।

**आरोपी :** 01.निगम आदिवासी पिता भारत आदिवासी उम्र 30 साल निवासी ग्राम पठादा थाना ईशानगर जिला छतरपुर म.प्र. 02.नत्थू आदिवासी पिता जालिम सिंह आदिवासी उम्र 32 साल निवासी टीबी टाबर के पास गणेश कालौनी वार्ड नं. 36 सिविल लाईन छतरपुर एंव 01 विधि विरुध्द बालक उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अजयगढ़ निरीक्षक बखत सिंह एवं थाना स्टाफ व सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा।

पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त टीम की प्रशंसा करते हुए 10 हजार रूपये के नगद इनाम से पुरष्कृत करने की घोषणा की गई।

# छत्रसाल महाविद्यालय में ग्रेजुएशन सह बीएड कोर्स में प्रवेश अगले सत्र से

**पन्ना ।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में प्राचार्य डॉ एसपीएस परमार के संरक्षण तथा प्रशासनिक अधिकारी डॉ पीपी मिश्र के निर्देशन में इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (ग्रेजुएशन सह बीएड पाठ्यक्रम) हेतु महाविद्यालय में संयोजक डॉ मनोज कुमार शुक्ल एवं सहसंयोजक डॉ राममोहन तिवारी द्वारा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद में आवेदन किया गया है जिसके अंतर्गत सत्र 2026-27 से महाविद्यालय में बीए बीएड, बीएससी बीएड पाठ्यक्रम आरंभ किया जा सकेगा। इस पाठ्यक्रम के खुल जाने से क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर और मेधावी विद्यार्थियों को शासकीय शुल्क में उक्त कोर्स करने का अवसर प्राप्त होगा। इस पाठ्यक्रम को खोलने में प्रशासकीय सहयोग एवं महाविद्यालय में भौतिक संसाधन उपलब्ध कराने में जनभागीदारी अध्यक्ष श्री राजेश गौतम जी का सराहनीय योगदान प्राप्त हुआ है। इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शुरू किया गया है। यह कोर्स उन छात्रों के लिए है जो टीचर बनना चाहते हैं और उन्हें बीएड या डीएलएड जैसे कोर्स करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस कोर्स में, विद्यार्थियों को बीए-बीएड, बीएससी-बीएड, या बीकॉम-बीएड जैसी दोहरी डिग्री मिलती है।

यह कोर्स 4 साल में पूरा हो जाता है, जबकि पारंपरिक बीएड कोर्स 5 साल का होता है। इसमें विद्यार्थियों को एक साथ ग्रेजुएशन और बीएड की डिग्री मिलती है। यह कोर्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार स्कूल एजुकेशन सिस्टम के लिए शिक्षकों को तैयार करता है।

## प्रस्तावित फोरलेन एवं एलीवेटेड रोड निर्माण के संबंध में हुई चर्चा

**पन्ना।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 बमीठा-पन्ना-सतना के प्रस्तावित फोरलेन कार्य की रूपरेखा एवं कार्ययोजना तय करने तथा एलीवेटेड सड़क निर्माण के संबंध में गत दिवस कलेक्टर कार्यालय के सभागार में संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कंसलटेंट के साथ बैठक कर आवश्यक चर्चा की गई। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक पन्ना बृजेन्द्र प्रताप सिंह सहित कलेक्टर सुरेश कुमार एवं क्षेत्र संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व अंजना सुचिता तिर्की भी उपस्थित रहीं। बैठक में विभिन्न निर्माण कार्यों सहित पन्ना बायपास में अलाइनमेंट जोड़कर एलीवेटेड सेक्शन का प्रस्ताव तैयार करने, पन्ना शहर में प्रस्तावित रिंग रोड से एनएच-39 के एलीवेटेड सेक्शन को जोड़ने सहित आवश्यक सुझावों पर विचार विमर्श भी किया गया। इस अवसर पर पन्ना विधायक के निर्देशन में पन्ना बायपास के विकल्प में संशोधन तथा आगामी दिवसों में सांसद की अध्यक्षता में पुनः बैठक कर संशोधित एवं उपयुक्त अलाइनमेंट विकल्प की स्वीकृति प्राप्त करने संबंधी निर्णय लिया गया।

# सार्थक एप्लीकेशन के माध्यम से ई-अटेंडेंस से उपस्थिति के लिए होगा प्रशिक्षण

**पन्ना।** कलेक्टेट स्थित कक्ष क्रमांक 37 में स्थापित ई-दक्ष केन्द्र में सार्थक एप्लीकेशन के माध्यम से अधिकारी-कर्मचारियों की ई-अटेंडेंस से उपस्थिति दर्ज कराने के संबंध में विभागवार तीन दिवसीय प्रशिक्षण 16 से 18 जून तक आयोजित किया गया है। शासन स्तर से निर्धारित परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में एकरूपता लाने तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाओं के जिला स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले के अब समस्त विभाग एवं कार्यालयों में सार्थक एप्लीकेशन के जरिए शासकीय सेवकों की ई-अटेंडेंस से उपस्थिति दर्ज कराने की प्रक्रिया आगामी दिवसों में शीघ्र प्रारंभ होगी। इसके लिए प्रथम चरण में कार्यालय प्रमुखों को ई-दक्ष केन्द्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला कलेक्टर द्वारा संबंधित जिलाधिकारियों को निर्धारित तिथि पर प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा इसके उपरांत अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को भी सुविधानुसार ऑफलाइन अथवा ऑनलाइन लिंक के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं।

सोमवार, 16 जून को दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पेंशन अधिकारी, जिला कोषालय अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, जिला संयोजक, म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला आपूर्ति अधिकारी, जनपद पंचायत पन्ना, सहायक आयुक्त सहकारिता, वनमंडलाधिकारी दक्षिण, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम, उप संचालक कृषि एवं परियोजना संचालक आत्मा का प्रशिक्षण निर्धारित है। इसी तरह 17 जून को दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक अधीक्षक भू-अभिलेख, सहायक संचालक मत्स्य, सहायक पंजीयक सहकारी समिति, सहायक मृदा संरक्षण अधिकारी, वनमंडलाधिकारी उत्तर, उप पंजीयक, जिला सेनानी होमगार्ड, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें, उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला उपभोक्ता मंच, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी एवं जनअभियान परिषद, जिला पंचायत, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग तथा परियोजना अधिकारी एमडीएम व आवास योजना का प्रशिक्षण होगा।

इस क्रम में 18 जून को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला विकास पुनर्वास केन्द्र, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग, म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जिला मलेरिया अधिकारी, सिविल सर्जन, जिला आयुष अधिकारी, जिला लोक अभियोजन अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना, अधीक्षक जिला जेल का प्रशिक्षण निर्धारित है, जबकि इसी दिवस को दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक हीरा अधिकारी, खनन अधिकारी, सहायक संचालक उद्यानिकी, जिला रोजगार अधिकारी, परियोजना अधिकारी आजीविका मिशन एवं मनरेगा, जिला शहरी विकास अभिकरण, नगर पालिका पन्ना, अधीक्षक आईटीआई पन्ना, छत्रसाल शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय पन्ना, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, श्रम पदाधिकारी, विपणन संघ, जिला ग्रामीण विकास एजेंसी, समग्र स्वच्छता एवं उप संचालक राष्ट्रीय उद्यान पन्ना का प्रशिक्षण निर्धारित है।

# आकाशीय बिजली से वृद्ध की मौत, पेड़ों और मकानों को नुकसान, बिजली आपूर्ति ठप्प

## दुकानों, दीवारों व छज्जों के टूटने की कई घटनाएँ, ग्रामीण इलाकों में भी तबाही



**पन्ना ।** जिले की तहसील देवेंद्रनगर में पहली तेज बारिश जहाँ भीषण गर्मी से राहत लेकर आई, वहीं कई जगह तबाही का मंजर छोड़ गई। वार्ड क्रमांक 7 निवासी बाबूलाल रजक पिता विशेषर रजक (उम्र 60 वर्ष) की मसान बाबा के पास खेत में आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। वे बारिश से बचने आम के पेड़ के नीचे खड़े थे।बस स्टैंड तिराहे पर अन्नू गुप्ता की मोबाइल दुकान के सामने पेड़ गिरने से ग्लोसाइन बोर्ड टूट गया और लगभग 25,000 का नुकसान हुआ। पास ही शिवालय मंदिर के बगल का पुराना पेड़, जिसको कटवाने की ममाँग नगर के नागरिक काफी समय से कर रहे थे, उसकी टहनी गिर गई सौभाग्य से कोई जनहानि नहीं हुई। वही बमरी में सुरेन्द्र सिंह के मकान पर आम का पेड़ गिरने से दीवार क्षतिग्रस्त हुई। तार बाबू सिद्दीकी के मकान का छज्जा गिर गया, जिससे परिवार दहशत में आ गया। बस स्टैंड क्षेत्र में दो स्थानों पर बबूल के पेड़ गिरे, स्वर्गीय पुष्पेंद्र सिंह राणा कॉलोनी में 11 केवी लाइन के पोल और तार टूटे, वहीं 33 केवी फीडर की लाइन पर भी पेड़ गिरने से विद्युत आपूर्ति बाधित हुई। मुक्तिधाम भटेहर में जामुन का पेड़ लाइन पर गिरा, जिसे हटाकर लाइन चालू कराई गई। पूरे क्षेत्र में देवेंद्रनगर की 33 केवी सप्लाई बंद रही। आसपास के गाँवों से दीवारें गिरने और छप्पर उड़ने की खबरें भी मिली हैं। नागरिकों ने मृतक परिवार को मुआवजा देने तथा नगर के पुराने और खतरनाक पेड़ों की तत्काल छंटाई की माँग की है।

## जिला पंचायत सीईओ ने की ईकेवायसी मे लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर कार्यवाही

**पन्ना।** विगत दिनों से लगातार जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी ने जन हितैषी योजनाओ का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुँचाने की प्रतिबध्यता जाहिर करते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किये थे। समय रहते पात्र व्यक्तियों की शत प्रतिशत ईकेवायसी करने हेतु निर्देश जारी किये थे

जनपद गुनौर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सुंगरहा सचिव श्रीमति सुमन अहिरवार की 59.37 प्रतिशत एवं सिरी ग्राम पंचायत के सचिव काशी प्रसाद यादव 59.71 प्रतिशत ईकेवायसी लंबित होने के कारण निलंम्बन की कार्यवाही की गई एवं न्यून प्रगति मे जनपद गुनौर की 15 , पन्ना जनपद की 12 ग्राम पंचायतों को कारण बताओ नोटिश जारी किये गए है।

# कलेक्टर ने जिला अस्पताल के सामने यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के दिए निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा के साथ भ्रमण कर शासकीय जिला चिकित्सालय परिसर के सामने आवागमन व्यवस्था को सुगम बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। यहां जनभागीदारी से निर्मित 21 दुकानों का भी निरीक्षण किया गया और फल-सब्जी दुकानदारों को निर्धारित सीमा के भीतर सामग्री रखने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर समक्ष में रेलिंग भी लगवाई गई। जिला कलेक्टर ने बताया कि अस्पताल परिसर के निकट यातायात व्यवस्था सुगम होने से मरीज एवं परिजनों को सहूलियत होने के साथ ही अन्य आगंतुकों को भी सुविधा होगी। यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के लिए पार्किंग स्थल का चिन्हांकन भी किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम संजय नागवंशी, तहसीलदार अखिलेश प्रजापति एवं थाना सिटी कोतवाली नगर निरीक्षक रोहित मिश्रा भी उपस्थित रहे।



# हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की द्वितीय परीक्षा 17 जून से

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आगामी 17 जून से 5 जुलाई तक आयोजित होने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा 2025 के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा धारा 163 तत्काल प्रभाव से प्रभावशील करने का आदेश जारी किया है, जिसके तहत जिले के समस्त 11 परीक्षा केन्द्रों पर 200 मीटर की परिधि में संबंधित विद्यार्थी, स्कूल स्टॉफ, सुपरवाईजर, निरीक्षण दल, स्कूल एवं परीक्षा में संबंधित सामग्री लाने वाला व्यक्ति तथा परीक्षा से संबंध रखने वाले व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे। प्रतिबंधित क्षेत्र में निर्धारित अवधि के दौरान किसी भी किस्म के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर रोक रहेगी। साथ ही किसी भी किस्म के हथियारों को लेकर चलने अथवा प्रदर्शन पर भी प्रतिबंध रहेगा। प्रतिबंधित क्षेत्र में परीक्षा केन्द्र के आसपास पांच अथवा अधिक लोगों की अनाधिकृत मौजूदगी नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मण्डल की परीक्षाओं के शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संचालन तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से उक्तादेश जारी किया गया है। आदेश के उल्लघंन पर संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**पन्ना ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन सुरेश कुमार ने नगर परिषद ककरहटी के वार्ड क्रमांक 13 में पार्षद पद के उप निर्वाचन के लिए तत्काल प्रभाव से तहसीलदार ज्योति राजपूत को रिटर्निंग अधिकारी एवं नायब तहसीलदार कोमल सिंह चढ़ार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। संबंधित अधिकारी म.प्र. नगर पालिका निर्वाचन नियम 1994 में निहित प्रावधानों के तहत निर्वाचन कार्य संपन्न कराने के लिए उत्तरदायी होंगे।

## प्रथम चरण की काउंसलिंग की प्रवेश तिथि बढ़ी

**पन्ना ।** संचालनालय तकनीकी शिक्षा, भोपाल द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रथम चरण की काउंसलिंग प्रवेश तिथि बढ़ाई गई है। अब आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता एवं आवंटित संस्था में उपस्थिति 16 जून को सायं 5 बजे तक दी जा सकती है। डिप्लोमा इंजीनियरिंग में प्रवेश लेने के इच्छुक सभी विद्यार्थी अपने अलाटमेंट लेटर के साथ शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना या शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई, जहां भी आवंटन प्राप्त हुआ हो, में उपस्थिति सुनिश्चित करा सकते हैं। प्राचार्य अरविंद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में वर्तमान में मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा सिविल इंजीनियरिंग एवं शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में संचालित सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेली कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश की कार्यवाही जारी है। रविवार, 15 जून को भी दोनों संस्थाओं में विद्यार्थियों को प्रवेश के संबंध में आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

# बीएलओ सुपरवाईजर राजाभैया अहिरवार को नोटिस जारी

**पन्ना ।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 पन्ना संजय कुमार नागवंशी ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर अजयगढ़ तहसील अंतर्गत उच्च माध्यमिक शिक्षक सह प्रभारी प्राचार्य शासकीय उ.मा. विद्यालय हरदी तथा सर्किल 13 हरदी के बीएलओ सुपरवाईजर राजाभैया अहिरवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस के माध्यम से बीएलओ सुपरवाईजर को पदीय दायित्वों के प्रति स्वेच्छाचारिता, उदासीनता और घोर लापरवाही बरतने तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के तहत कदाचरण कृत्य के बारे में चेतावनी दी गई है। साथ ही संबंधित को निर्वाचन कार्य संपादन के लिए तत्काल व्हाट्स एप ग्रुप ज्वाइन कर आयोग के निर्देशानुसार कार्य प्रारंभ करने और दो दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है।

एसडीएम ने बताया कि बीएलओ सुपरवाईजर को 11 मतदान केन्द्रों के लिए नियुक्त कर पालन प्रतिवेदन तीन दिवस में प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया था, लेकिन राजाभैया अहिरवार द्वारा समय सीमा में प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया एवं न ही व्हाट्स एप ग्रुप में ज्वाईन किया गया। बीएलओ सुपरवाईजर ने एक कर्मचारी से अभद्र भाषा का प्रयोग भी किया था।

# शैक्षणिक योग्यता नहीं बल्कि कौशल विकास अधिक महत्वपूर्ण : फणी कुमार



## एनटीपीसी विन्ध्याचल में बालिका सशक्तिकरण अभियान 25 के ग्रैंड फिनाले में सशक्तिकरण का जश्न





**जागरण, विन्ध्यनगर**

एनटीपीसी विन्ध्याचल के उमंग भवन सभागार में बालिका सशक्तिकरण अभियान 25 के समापन समारोह का भव्य आयोजन हुआ जिसमें उल्लास आत्मविश्वास और उत्सव की भावना झलक रही थी। इस समारोह में 120 से अधिक बालिकाओं की परिवर्तनकारी यात्रा को प्रेरणादायक प्रस्तुतियों और कार्यक्रमों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। समारोह की एनटीपीसी विन्ध्याचल के कार्यकारी निदेशक ई .सत्य फणी कुमार की उपस्थिति ने शोभा बढ़ाई। साथ ही विशिष्ट अतिथियों में शामिल रहे राजीव अकोटकर कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी सिंगरौली श्रीमती पीयूषा अकोटकर अध्यक्षा वनिता समाज अनिल श्रीवास्तव कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी रिहंद श्रीमती शिखा श्रीवास्तव अध्यक्षा वर्तिका महिला मंडल मनीष राय वरिष्ठ कमांडेंट सीआईएसएफ बी पजार रमेश क्वालिटी चैम्पियनय तथा भास्कर चौधरी सहायक कमांडेंट सीआईएसएफ इसके अतिरिक्त एनटीपीसी विन्ध्याचल के वरिष्ठ प्रबंधन संजीब कुमार साहा महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण डॉ.बी.सी. चतुर्वेदी मुख्य महाप्रबंधक चिकित्सा डी.के.अग्रवाल महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री अतीन कुंडू महाप्रबंधक परियोजना ए.जे. राजकुमार महाप्रबंधक रखरखाव एवं मेंटीनेंस राजशेखर पाला महाप्रबंधक प्रचालन उमेश कुमार महाप्रबंधक ईएम देबब्रत त्रिपाठी महाप्रबंधक टीएस और राकेश अरोरा मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और बढ़ाया।

### सहभागिता और समर्थन में महिला क्लबों की अहम भूमिका

सहासिनी संघ जो जेम बालिकाओं के समग्र विकास में अहम भूमिका निभाता है की ओर से श्रीमती सरोजा फणी कुमार अध्यक्षा श्रीमती सारिका चतुर्वेदी उपाध्यक्षद्धए श्रीमती त्रिवेणी पाला वरिष्ठ सदस्य श्रीमती शिल्पा कोहली महासचिव और श्रीमती मुस्कान अरोरा वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और एनटीपीसी गीत की मधुर प्रस्तुति से हुआए जिसके बाद राकेश अरोरा मानव संसाधन प्रमुख विन्ध्याचल ने स्वागत भाषण में जेम की यात्रा और उसके प्रभाव को साझा किया। उन्होंने बताया कि 2018 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू हुआ जेम अब एक आंदोलन बन चुका है जिसने 25 में ही 17 राज्यों में 2600 से अधिक वंचित बालिकाओं को सशक्त किया है। इसके पश्चात जेम बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रेरणादायक गीत प्रार्थनाएँ आत्म.रक्षा प्रदर्शन सहज योग पर नाट्य मंचन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### उत्कृष्ट विचारों और प्रेरणाओं का आदान-प्रदान

अपने उद्बोधन में संजीब कुमार साहा ने बालिकाओं को एनटीपीसी की ब्रांड एंबेसडर की संज्ञा दी जबकि डॉ. बी.सी्. चतुर्वेदी ने पोषण और स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण था जेम 25 सप्ताह.4 की वीडियो का लोकार्पण जिसे ई सत्य फणी कुमार ने जारी किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि केवल शैक्षणिक योग्यता नहीं बल्कि कौशल विकास अधिक महत्वपूर्ण है और जेम जैसी पहलें बालिकाओं में आत्मनिर्भरता की भावना और सामाजिक बदलाव की नींव रखती हैं।

**समापन समारोह और आभार प्रदर्शन :** कार्यक्रम का समापन जोशपूर्ण जुम्बा से हुआ उसके बाद केक कटिंग समारोह और उन सभी शिक्षकों संसाधन व्यक्तियों का सम्मान किया गया जिन्होंने बालिकाओं को पूरे माह मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का संचालन उप महाप्रबंधक मानव संसाधन श्रीमती कामना शर्मा ने किया प्रणव वर्मा अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन ने भावपूर्ण धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी हितधारकों का आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम ने एक बार फिर सिद्ध किया कि एनटीपीसी विन्ध्याचल समाज में बालिका सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को लेकर अग्रणी है। जेम 25 के माध्यम से एक समावेशी और सशक्त भविष्य की दिशा में एक और मजबूत कदम बढ़ाया गया।




# सभी कांग्रेसजन संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं

## पर्यवेक्षक सांसद सप्तगिरि शंकर उल्का एवं डिंडोरी विधायक ओमकार मरकाम संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किये

**जागरण, बैढ़न।** जिला कांग्रेस संगठन नव सृजन कार्यक्रम अभियान के तहत अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा नियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली के पर्यवेक्षक सांसद सप्तगिरि शंकर उल्का एवं डिंडोरी विधायक ओमकार मरकाम संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किये अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा नवनियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली के पर्यवेक्षक सप्तगिरि सप्तगिरि शंकर उल्का सांसद कोरापुट रायगढ़ लोकसभा एवं ओमकार मरकाम पूर्व मंत्री व विधायक डिंडोरी तथा जिला प्रभारी श्रीमती कविता पांडे का संगठनात्मक नव सृजन अभियान कार्यक्रम के तहत सिंगरौली जिले में तीन दिवसीय दौरा कार्यक्रम के दौरान आज मंगलम पैलेस वैढन में मीडिया के समक्ष जिला कांग्रेस सिंगरौली के संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किये उक्त अतिथियों द्वारा मीडिया कर्मियों को बताया गया कि हम जिले में संगठन को मजबूत करने के लिए राहुल गांधी के मंशा अनुरूप एक मजबूत जिला अध्यक्ष का चुनाव करने जा रहे हैं जो संगठन को मजबूती से चला सके इसके लिए जिला अध्यक्ष को महत्वपूर्ण पावर अधिकार देकर स्वतंत्र रूप से कार्य करने के लिए जिम्मेदारी देंगे जो आने वाले समय में सत्ता पक्ष को मजबूत टक्कर देते हुए सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके आज हम सभी कांग्रेसजन संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं और संगठन को मजबूत करते हुए आने वाले विधानसभा और लोकसभा को जीतकर आम जनता की सरकार बनाएंगे उक्त अवसर पर मुख्य रूप से अरविंद सिंह चंदेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी राम अशोक शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष सुश्री सोनम सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु शर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणु शाह पूर्व महापौर बालमुकुंद सिंह परिहार संगठन मंत्री ग्रामीण मनोज दुबे अध्यक्ष किसान कांग्रेस अमित द्विवेदी पूर्व प्रदेश सचिव राजकुमार दीपांकर ज्ञानेंद्र सिंह वन प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक सिंह पैगाम जिला पंचायत सदस्य रूपेशचंद पांडे मुख्य संगठक सेवादल ग्रामीण अनिल सिंह रमेश कुशवाहा उपाध्यक्ष विनीता कुशवाहा पूर्व पार्षद आदि के साथ दर्जनों पत्रकार साथी एवं सैकड़ो कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पेंशन अधिकार महासम्मेलन आज बैढ़न में

**जागरण, बैढ़न।** न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ के तत्वाधान में पेंशन अधिकार महासम्मेलन का आयोजन आज होने जा रहा है इसके मुख्य अतिथि सत्येंद्र सिंह तिवारी रहेंगे एवं उनकी समस्त टीम प्रदेश की रहेगी तथा मध्य प्रदेश की सभी संभाग जिलों के पदाधिकारी इस महासम्मेलन में शिरकत करेंगे बता दें कर्मचारियों की पेंशन को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने बंद कर दिया था आज कर्मचारी पेंशन न मिलने से टेंशन में मृत्यु को होते जा रहे हैं उनकी स्थिति बहुत दयनीय होती जा रही है पूरी मांगों को लेकर पेंशन अधिकार महासम्मेलन का आयोजन किया गया है कर्मचारियों की नियुक्ति दिनांक को आईएफएमएस पोर्टल पर दर्ज करना एवं नए शिक्षकों को 100 प्रतिशत वेतन देना एव अतिथि शिक्षकों को रेगुलर करना अन्य मांगों को लेकर यह महा सम्मेलन हो रहा है सिंगरौली जिले के समस्त विभागों के कर्मचारी अधिकारी इस कार्यक्रम में पहचे और अपना खोया हुआ सम्मान पाने में सफल हो सके। इन्द्रेश कुमार वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष बैढ़न ने निर्णय लिया है कि बचे हुए जीवन में अपने समाज के खोये हुए अधिकार को दिलाने के लिए चाणक्य गेरुआ वस्त्र धारण करेंगे ।

# बस चालक ने बाइक सवार को रौंदा एक की मौके पर हुई मौत, दो गंभीर



**जागरण, सरई।** सिंगरौली जिले के सरई थाना अंतर्गत घोघरा में धनौजा मंदिर के कुछ दूर पहले दुबे बस क्रमांक एमपी 66 पी 0712 ने एक बाइक में सवार 3 व्यक्तियों को रौंदा। जिसमें से छोटेलाल मिश्रा उम्र लगभग 60 वर्ष निवासी अमहाटोला की मौके पर ही मौत हो गई है व दो अन्य बाइक सवार घायल हैं जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है जिन्हें नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरई में इलाज के के लिए भर्ती किया गया है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि बस चालक द्वारा जानबूझकर एक्सीडेंट किया गया है। दो दिन पहले बस ड्राइवर व मृतक के बीच वाद. विवाद हुई थी। जो रंजिश वस बस को बाइक के ऊपर चढ़ा दिया। जिससे क्षेत्र में मातम फैल गई और परिजनों का रो.रो कर बुरा हाल रहा है। मृतक के परिजनों व गुस्साए ग्रामीणों ने शव को लेकर थाना के सामने रोड पर चक्का जाम करते हुए बैठ गए। परिजनों का मांग था कि बस चालक के ऊपर हत्या का मामला दर्ज किया जाए। थाना के सामने देर रात तक परिजनों व ग्रामीणों का हंगामा चलता रहा। प्रशासन की लगातार समझाइश बाद परिजनों ने अपना चक्का जाम समाप्त किया तब जाकर आवागमन सुचारू रूप से बहाल हुई। पुलिस फिलहाल मामला दर्ज कर जांच में जुटी है इसके अलावा प्रशासन की ओर से मृतक के परिजन को कुछ आर्थिक सहायता राशि भी दी गई एवं शासन की अन्य सहयोग राशि दिलाने की स्थानीय तहसीलदार ने आश्वासन दिए।

## एनसीएल की जयंत परियोजना में सीएसआर के तहत आयोजित कौशल विकास कार्यक्रम का हुआ समापन

**जागरण सिंगरौली।** कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नार्दन कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल की जयंत परियोजना द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के अंतर्गत आयोजित कौशल विकास कार्यक्रम का समापन किया गया। एनसीएल की जयंत परियोजना द्वारा यह कार्यक्रम स्थानीय परिक्षेत्र में युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने एवं उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु आयोजित किया गया। तीन माह की अवधि तक आयोजित इस कार्यक्रम में 60 युवतियों ने सिलाई.कढ़ाई ब्यूटीशियन बैग बनाने इत्यादि का प्रशिक्षण लिया। समापन समारोह के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक जयंत राजीव कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस दौरान अपने उद्बोधन में उन्होने कहा कि एनसीएल द्वारा सीएसआर के तहत आयोजित कौशल विकास कार्यक्रम स्थानीय युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा मां एक सार्थक पहल है इस से प्रशिक्षित युवतियों को रोजगार सृजन करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर मैनेजर एचआर श्री जावलकर मैनेजर एचआर अर्पित कुमार नोडल आफिसर सीएसआर राहुल अन्थवाल एवं असिस्टेंट मैनेजर श्रीमती भाविनी सिन्हा एचआर उपस्थित रहे । कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। ग़ौरतलब है कि एनसीएल द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के तहत समय.समय पर स्थानीय समाज में कौशल विकास हेतु ऐसे अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है।



# सशक्तिकरण की दिशा में नई पहल : एनटीपीसी विन्ध्याचल ने जेम 2025 की बालिकाओं को वितरित की साइकिलें




**जागरण, विन्ध्यनगर।** एनटीपीसी विन्ध्याचल ने जेम 25 की प्रतिभागी बालिकाओं के लिए एक विशेष साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया। यह पहल बालिकाओं को सुरक्षित और विश्वसनीय आवागमन का साधन प्रदान करने के उद्देश्य से की गईए जिससे वे अपनी शिक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और सशक्त कदम बढ़ा सकें। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ई.सत्य फणी कुमार कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी विन्ध्याचल उपस्थित थे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में राजीव अकोटकर कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी सिंगरौली श्रीमती पीयूषा अकोटकर अध्यक्ष वनिता समाज अनिल श्रीवास्तव कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी रिहंद श्रीमती शिखा श्रीवास्तव अध्यक्षा वर्तिका महिला मंडल मनीष राय वरिष्ठ कमांडेंट सीआईएसएफ बी. पुझार रमेश क्वालिटी चैम्पियनय और भास्कर चौधरी सहायक कमांडेंट सीआईएसएफ सभी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष और यादगार बना दिया। एनटीपीसी विन्ध्याचल के वरिष्ठ प्रबंधन में शामिल अधिकारी संजीब कुमार साहा महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण डॉ.बी.सी्. चतुर्वेदी मुख्य महाप्रबंधक चिकित्सा डी.के. अग्रवाल महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री अतीन कुंडू महाप्रबंधक परियोजना ए.जे.राजकुमार महाप्रबंधक अनुरक्षण एवं मेंटीनेंस राजशेखर पाला महाप्रबंधक संचालन उमेश कुमार महाप्रबंधक ईएम देबब्रत त्रिपाठी महाप्रबंधक टीएस और राकेश अरोरा प्रमुख मानव संसाधन विंध्याचल ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति से आयोजन को गौरवान्वित किया। कार्यक्रम में सहासिनी संघ की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और भी भावनात्मक और प्रेरणादायक बना दिया। संघ की ओर से श्रीमती सरोजा फणी कुमार अध्यक्षा श्रीमती सारिका चतुर्वेदी उपाध्यक्षा श्रीमती त्रिवेणी पाला वरिष्ठ सदस्य श्रीमती शिल्पा कोहली महासचिव और श्रीमती मुस्कान अरोरा वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहीं उनकी उपस्थिति और निरंतर समर्थन ने जेम की बालिकाओं के समग्र विकास के प्रति स्टेशन की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाया। साइकिल वितरण केवल एक सामग्री सहायता नहीं बल्कि स्वतंत्रता अवसर और उज्जवल भविष्य की ओर एक कदम था। यह पहल बालिकाओं के आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के साथ.साथ उन्हें शिक्षा के प्रति और अधिक प्रतिबद्ध बनाती है। एनटीपीसी विन्ध्याचल ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि वह केवल ऊर्जा उत्पादन में ही अग्रणी नहीं बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व और समावेशी विकास में भी एक सशक्त राष्ट्र निर्माता की भूमिका निभा रहा है।




## दक्षिण अफ्रीका ने धोया चोकर्स का दाग, डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतकर रचा इतिहास, 1998 में जीता था आईसीसी खिताब

# ऑस्ट्रेलिया को हराकर द. अफ्रीका बना डब्ल्यूटीसी चैंपियन

**लंदन, जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के चौथे दिन शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया। दक्षिण अफ्रीका चौथी पारी में जीत के लिए 282 रन का लक्ष्य मिला था। टीम ने जब चौथे दिन का खेल शुरू किया तब उसका स्कोर दो विकेट पर 213 रन था और उसे जीत के लिए 69 रन की और जरूरत थी। टीम ने 83.4 ओवर में पांच विकेट गंवा कर खिताब अपने नाम किया। दक्षिण अफ्रीका के लिए दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज एडेन मारतक्रम ने 136 जबकि कप्तान तेम्बा बावुमा ने 66 रन की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका ने इस तरह तक 'चोकर्स' के तमगे को पीछे छोड़ते हुए 27 साल के लंबे अंतराल के बाद आईसीसी के किसी टूर्नामेंट का खिताब जीता। इस टीम ने अपना पिछला आईसीसी खिताब 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था।




### साउथ अफ्रीका ने दूसरी बार आईसीसी ट्रॉफी पर किया कब्जा

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2025 में नया इतिहास बन गया है। लॉर्ड्स में साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 का खिताब जीत लिया है। इस तरह साउथ अफ्रीका डबल्यूटीसी का खिताब जीतने वाली तीसरी टीम बन गई है। इससे पहले न्यूजीलैंड (2021) और ऑस्ट्रेलिया (2025) ने यह खिताब अपने नाम किया था। पहली पारी में महज 138 रनों पर ढेर होने वाली साउथ अफ्रीका ने दूसरी पारी में शानदार पलटवार किया और ऑस्ट्रेलिया द्वारा दिए गए 282 रनों के लक्ष्य को चौथे दिन हासिल कर लिया। साउथ अफ्रीका की इस ऐतिहासिक जीत में सलामी बल्लेबाज एडन मारक्रम का अहम योगदान रहा, जिन्होंने शानदार शतक जड़ा। मारक्रम को कप्तान टेम्बा बावुमा का भरपूर साथ मिला। हालांकि, बावुमा 66 रन बनाकर पवेलियन लौट गए लेकिन तब तक मैच

### स्कोर बोर्ड

**ऑस्ट्रेलिया पहली पारी : 212**
**दक्षिण अफ्रीका पहली पारी : 138**
**ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी : 212/10 (56.4 ओवर)**
**दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी : 282/5 (83.4 ओवर)**
**कल के स्कोर 212/2 से आगे**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मार्कराम का. हैड बो. हेजलवुड | 136 | 207 | 14 | 0 |
| रिकलटन का. कैरी बो. स्टार्क | 6 | 8 | 1 | 0 |
| मुल्डर का. मानर्स बो. स्टार्क | 27 | 50 | 5 | 0 |
| बवूमा का. एलेक्स बो. कमिंस | 66 | 134 | 5 | 0 |
| स्टब्स बो. मिचेल स्टार्क | 8 | 43 | 0 | 0 |
| बेडिंगम नाबाद | 21 | 49 | 1 | 0 |
| काइल नाबाद | 4 | 13 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** : 13, **कुल** : 83.4 ओवर में 5 विकेट पर 282 रन, **विकेट पतन** : 1-9, 2-70, 3-217, 4-241, 5-276
**गेंदबाजी** : स्टार्क 14.4-1-66-1, हेजलवुड 19-2-58-1, पैट कमिंस 17-0-59-1, नाथन लियोन 26-4-66-0, बो वेब्स्टर 5-0-13-0, ट्रेविस हेड 2-0-8-0.

### मालामाल हुए साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी

दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर इतिहास रच दिया है। डब्ल्यूटीसी फाइनल को जीतने वाली साउथ अफ्रीका तीसरी टीम बन गई है। साउथ अफ्रीका ने 27 साल बाद कोई आईसीसी टूर्नामेंट अपने नाम किया है। साउथ अफ्रीका ने एक रोमांचक फाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हरा दिया। 282 रन के लक्ष्य को दक्षिण अफ्रीका ने 83.4 ओवर में हासिल कर लिया। एडेन मार्करम ने शतकीय पारी खेली जबकि कप्तान टेंबा बावुमा ने अर्धशतकीय पारी खेलकर जीत की नींव रखी। पहली बार डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतने पर साउथ अफ्रीका को प्राइज मनी के तौर पर करोड़ों रुपये मिले हैं। हारने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम भी करोड़पति बन गई है।

### तीसरे स्थान पर रही टीम इंडिया को भी 12.30 करोड़ रुपए मिले

डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतने वाली साउथ अफ्रीका टीम को करीब 30.7 करोड़ रुपए (3.6 मिलियन डॉलर) का इनाम मिला। डब्ल्यूटीसी फाइनल हारने वाली टीम ऑस्ट्रेलिया को लगभग 18.53 करोड़ रुपए (2.16 मिलियन डॉलर) मिले। भारतीय टीम तीसरे नंबर पर रही। टीम इंडिया को 1.44 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी 12.30 करोड़ रुपए मिले। चौथे नंबर पर रहने वाली न्यूजीलैंड टीम को 1.44 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिले। पिछली बार उन्हें 350,000 अमेरिकी डॉलर मिले थे। वहीं पांचवें स्थान पर रहने वाले इंग्लैंड को 960,000 डॉलर मिले।

### मारक्रम- बावुमा के दम पर जीता साउथ अफ्रीका

साउथ अफ्रीका ने 282 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे दिन ही जीत हासिल कर ली. एडेन मार्क्रम और टेंबा बावुमा की शानदार बल्लेबाजी के दम पर साउथ अफ्रीका ने इस स्कोर को आसानी से हासिल कर लिया। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 69 रन चाहिए थे। चौथे दिन का खेल शुरू होने के 2 घंटे बाद ही टीम ने जीत हासिल कर ली।

### दक्षिण अफ्रीका ने किया 27 साल का सूखा खत्म

साउथ अफ्रीका का डब्ल्यूटीसी के रूप में यह दूसरा आईसीसी खिताब है। इसके साथ ही टेम्बा बावुमा की टीम ने आखिरकार 27 साल का सूखा खत्म कर दिया। साउथ अफ्रीका की टीम ने इससे पहले साल 1998 में पहली बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया था। साउथ अफ्रीका की ये पहली आईसीसी ट्रॉफी थी। इसके बाद अफ्रीकी टीम को अपना दूसरा आईसीसी खिताब जीतने में 27 साल का लंबा वक्त लग गया। आपको जानकर हैरानी होगी कि ये 2 आईसीसी खिताब के बीच सबसे लंबा अंतराल है। इससे पहले ये कारनामा वेस्टइंडीज के नाम था। वेस्टइंडीज ने 25 साल बाद आईसीसी ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था। इस लक्ष्य को साउथ अफ्रीका की टीम ने चौथे दिन 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। एडन मारक्रम ने शानदार 136 रनों की पारी खेली जबकि टेम्बा बावुमा ने 66 रन बनाए।

### मैदान से हटकर

## शराब टेस्टर है क्रिकेटर मार्करम की वाइफ

एडेन मार्करम ने लॉर्डस में इतिहास रच दिया। इस साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी ने बहुमूल्य शतक जड़कर टीम को पहली बारी डब्ल्यूटीसी खिताब दिलाई। मार्करम नाबाद शतक जड़कर दक्षिण अफ्रीका को 27 साल बाद आईसीसी ट्रॉफी दिलाई। लॉर्डस में साउथ अफ्रीका के चैंपियन बनते ही मार्करम की वाइफ खुशी से उछल पड़ीं।



मार्करम की पत्नी का नाम निकोल डैनियली ओ कॉनर हैं, जिनकी तुलना बॉलीवुड एक्ट्रेस से होती है। वह बेहद खूबसूरत हैं। मार्करम और निकोल की लव स्टोरी भी बेहद दिलचस्प है। मार्करम ने हाल में आईपीएल में भी शानदार प्रदर्शन किया था। टी20 से टेस्ट क्रिकेट में शिफ्ट होना किसी भी खिलाड़ी के लिए आसान नहीं होता। लेकिन मार्करम ने इसे कर दिखाया और साउथ अफ्रीकी लोगों को जश्न का मौका दिया। एडेन मार्करम की सफलता के पीछे उनकी पत्नी निकोल डैनियली ओ कॉनर का अहम हाथ रहा है, जो हमेशा उनके सुख दुख में साथ खड़ी रहती हैं। निकोल को हमेशा स्टेडियम में देखा जाता है। वह अपने पति के साथ साये की तरह रहती हैं। एडेन मार्करम और निकोल डेनियल ने एक दूसरे को 10 साल तक डेट किया। दोनों हाई स्कूल से एक दूसरे को जानते थे। 22 जुलाई 2023 को दोनों ने शादी कर ली थी। साल 2023 में निकोल स्टेडियम में रोने लगी थीं। ये उनकी खुशी के आंसू थे। उस समय मार्करम ने एसएटी20 के सेमीफाइनल में शतक जड़ा था, जिसके बाद निकोल की आंखों से आंसू छलक पड़े थे। एडेन मार्करम की पत्नी निकोल डैनियली ओ कॉनर वाइन टेस्टर यानी शराब चखने का काम भी करती हैं। वह वाइन टेस्ट कर उसका रिव्यू देती हैं। इसके एवज में निकोल को मोटी रकम मिलती है। इसके अलावा निकोल एक सफल बिजनेसवुमन हैं जो ज्वेलरी बेचने का काम करती हैं। निकोल नादौरा ज्वैलरी की फाउंडर हैं, जो दक्षिण अफ्रीका का एक उभरता हुआ ब्रैंड है। 925 स्टर्लिंग सिल्वर और 14के-18के गोल्ड प्लेटिंग में हाइपोएलर्जेनिक पीस के लिए इसे जाना जाता है। **(जेएनएन)**

## भारत को आखिरी क्षणों में गोल गंवाना भारी पड़ा, ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हारा

**एंटवर्प (बेल्जियम), जेएनएन।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम की एफआईएच प्रो लीग में मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं और शनिवार को यहां अभिषेक के दो गोल की मदद से दो गोल की बढ़त के बावजूद टीम को आखिरी क्षणों में गोल गंवाने के कारण ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम पहले ही टूर्नामेंट में नीदरलैंड और अर्जेंटीना से दो-दो बार हार चुकी है। इस तरह से यूरोपीय चरण में यह उसकी लगातार पांचवीं हार है। भारत ने अच्छी शुरुआत की और अभिषेक (आठवें और 35वें मिनट) के दो गोल की मदद से 35वें मिनट तक 2-0 की बढ़त बना ली। ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि मध्यांतर के बाद अधिक आक्रामक रवैया अपनाया तथा नाथन एफ्राम्स (42वें मिनट), जोएल रिंटाला (56वें मिनट) और टॉम क्रेग (60वें मिनट) के गोल से जीत सुनिश्चित की। प्रो लीग के यूरोपीय चरण के अपने पहले चार मैचों में नीदरलैंड और अर्जेंटीना के खिलाफ करीबी हार झेलने के बाद भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ काफी प्रेरित दिखी और उसने पहले दो क्वार्टर में दबदबा बनाए रखा। भारत को 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में एक और मौका मिला लेकिन जुगराज सिंह इसका फायदा नहीं उठा पाए। मध्यांतर के बाद भारत ने बढ़त दोगुनी कर दी जब सुखजीत सिंह ने सर्कल के सामने अभिषेक को गेंद थमाई जिन्होंने रिवर्स हिट से विपक्षी गोलकीपर को छकाते हुए दिन का अपना दूसरा गोल किया।



### बिना कप्तान के उतरी भारतीय टीम

भारतीय टीम कप्तान और शीर्ष ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के बिना उतरी, क्योंकि अर्जेंटीना के खिलाफ मैच में लगी चोट के कारण उन्हें विश्राम दिया गया था। भारतीय खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू में ही अपने इरादे जतला दिए थे और आठवें मिनट में अभिषेक के गोल से बढ़त हासिल कर ली, जिन्होंने मनप्रीत सिंह से पास पर सर्कल के ऊपर से गोल किया। आस्ट्रेलिया को 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन गोलकीपर सूरज करकेरा ने अच्छा बचाव करते हुए विपक्षी टीम को गोल करने से रोक दिया। अभिषेक जल्द ही अपना दूसरा गोल करने के करीब थे लेकिन उनका बैकहैंड फ्लिक गोल से कुछ इंच दूर रह गया। इसके बाद 19वें मिनट में करकेरा ने जोएल रिंटाला के नजदीकी प्रयास को शानदार तरीके से नाकाम कर दिया।

### अहमदाबाद विमान हादसे के बाद

## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का अनावरण स्थगित किया गया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इस बार भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के विजेता को एक नई ट्रॉफी दी जाएगी, जो सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन के नाम पर होगी। यह दोनों दिग्गज खिलाड़ियों के सम्मान में एक नई पहल है। हालांकि नाम बदलने की अधिकारिक घोषणा अब तक नहीं हुई है। आपसी सहमति से रद्द हुई सेरेमनी क्रिकबज के मुताबिक, ट्रॉफी का अनावरण शनिवार (14 जून) को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान किया जाना था। हालांकि इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने लॉर्ड्स में होने वाली सेरेमनी को आपसी सहमति से रद्द करने का फैसला किया है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के अधिकारी ने शनिवार को क्रिकबज को बताया, भारत में हुई दुखद घटना को देखते हुए नई तारिख की घोषणा में कुछ समय लग सकता है। बीसीसीआई अभी भी घोषणा के लिए सही समय का इंतजार कर रहा है। 2007 से पटौदी ट्रॉफी आई पटौदी ट्रॉफी 2007 में भारत के 1932 में अपने पहले टेस्ट की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए अस्तित्व में आई थी। 21 साल की उम्र में पटौदी सबसे कम उम्र के भारतीय टेस्ट कप्तान बने थे। उनके पिता



इफ्तिखार अली खान पटौदी ने इंग्लैंड और भारत दोनों का प्रतिनिधित्व किया था। तेंदुलकर-एंडरसन के नाम क्यों रखा गया नाम सचिन तेंदुलकर के नाम सबसे ज्यादा 200 टेस्ट मैच खेलना और सबसे ज्यादा 15,921 टेस्ट रन बनाने का रिकॉर्ड है। वहीं, जेम्स एंडरसन ने पिछले साल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। एंडरसन दूसरे सबसे ज्यादा 188 टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। वे टेस्ट में तीसरे सबसे ज्यादा 704 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। लीड्स में 20 जून को खेला जाएगा पहला टेस्ट भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा।

## प्रणति नायक ने एशियाई जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय जिम्नास्ट प्रणति नायक ने दक्षिण कोरिया के जेचेन में 12वीं सीनियर महिला एशियाई कलात्मक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में वॉल्ट फाइनल में कांस्य पदक जीता। इस साल मार्च में तुर्की के अंताल्या में एफआईजी विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली इस 30 साल की खिलाड़ी ने शनिवार को 13.466 स्कोर करके पोडियम पर तीसरा स्थान पक्का किया। चीन की यिहान झांग ने 13.650 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि वियतनाम की थी क्विन न्हू गुयेन ने 13.583 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। युवा भारतीय जिमनास्ट प्रोतिस्ता सामंता ने भी इस स्पर्धा में प्रभावित करते हुए 13.016 के स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल किया। प्रणति ने इस प्रदर्शन के साथ महाद्वीपीय चैंपियनशिप में अपना तीसरा पदक हासिल करते हुए अनुभवी जिमनास्ट दीपा करमाकर के दो पदकों को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने इससे पहले 2019 में उलानबटोर में वॉल्ट में और फिर 2022 में दोहा में कांस्य पदक जीता था। दीपा ने 2015 में हिरोशिमा में वॉल्ट में कांस्य पदक जीतने के एक साल के बाद ताशकंद में स्वर्ण पदक जीता था। तोक्यो ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी प्रणति ने फाइनल में अपने शुरुआती प्रयास में 13.666 का स्कोर किया लेकिन दूसरे प्रयास में 12.866 के स्कोर ने उनके ओवरऑल स्कोर को प्रभावित किया।

## फिडे विश्व रैपिड टीम चैम्पियनशिप खिताब भारत को

**लंदन, जेएनएन।** ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और प्रणव के शानदार प्रदर्शन की मदद से टीम एमजीडी1 फिडे विश्व रैपिड टीम चैम्पियनशिप का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय टीम बन गई। छठी वरीयता प्राप्त टीम एमजीडी1 ने तीन दिन में 12 राउंड में 10 जीत दर्ज की और शुक्रवार को टीम हेक्सामाइंड के साथ एक करीबी मुकाबले के बाद चैंपियन बन गई। इस प्रतियोगिता में पिछले दो अवसरों पर रजत और कांस्य पदक जीतने वाली एमजीडी1 ने पहले दिन अच्छी शुरुआत की थी लेकिन दूसरे दिन टीम फ्रीडम के खिलाफ़ ड्रॉ और टीम हेक्सामाइंड से हार के कारण उसे खिताब की दौड़ में बने रहने के लिए तीसरे दिन शानदार प्रदर्शन करने की जरूरत थी। अर्जुन एरिगैसी, पेंटाला हरिकृष्णा, लियोन मेंडोंका, डेविड एंटोन गुइजारो, त्सोलाकिडो स्टोव्रोला, प्रणव, अथर्व तायडे और कप्तान श्रीनाथ नारायणन की मौजूदगी वाली एमजीडी1 ने अंतिम चार राउंड में जीत दर्ज करके चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।



## आर्या-बबूता ने 10 मी.एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण जीता

**म्यूनिख, जेएनएन।** आर्या बोरसे और अर्जुन बबूता की भारतीय जोड़ी ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए चीन के जिफेई वांग और लिहाओ शेंग को 17-7 से हराकर शनिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप की 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया। आर्या और बबूता अहम मौके पर धैर्य और एकाग्रता का शानदार नमूना पेश करते हुए चीन के खिलाड़ियों को खिताबी मुकाबले में कोई मौका नहीं दिया। भारतीय जोड़ी ने क्वालिफिकेशन में 635.2 का स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक दौर में प्रवेश किया, जो वांग और शेंग (635.9) से सिर्फ 0.7 अंक पीछे था। चीन की जोड़ी का यह स्कोर क्वालिफिकेशन विश्व रिकॉर्ड भी है। व्यक्तिगत तौर पर आर्या ने 317.5 का स्कोर किया, जबकि बबूता ने क्वालिफिकेशन में 317.7 का स्कोर किया। आर्या इस साल की शुरुआत में पेरू के लीमा में विश्व कप में रुद्राक्ष पाटिल के साथ मिलकर 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीत चुकी है। इस स्पर्धा में अन्य भारतीय जोड़ी इलावेनिल वलारिवन और अंकुश जाधव 631.8 अंकों के साथ क्वालीफिकेशन में छठे स्थान पर रही।

## मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी ने एस क्रिकेट अकादमी को हराया

**भोपाल।** अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी द्वारा भेल स्थित जवाहर लाल नेहरू स्कूल में आज प्रथम स्वर्गीय श्री जी एस पठानिया मेमोरियल अंडर-15 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट मे आज का मैच मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी और एस क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया जिसमें एस क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। एस क्रिकेट अकादमी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20.1 ओवर मे 51 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। आयुष ने 26 रन बनाए। मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए ईशान ने 17 रन देकर 4 विकेट लिए जबकि वंश ने 2 रन देकर 2 विकेट लिए जबकि श्रेष्ठ, आश्मन और आर्यवीर ने 1-1 विकेट लिया।





**फुटबाल समर कैंप :** प्रशिक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह खिलाड़ियों को न्यूट्रिशन क्लास के माध्यम से स्वच्छ भोजन और स्वस्थ रहने के टिप्स देते हुए।

## मन्नत एमेच्योर गोल्फ में इतिहास रचने के बाद प्री-क्वार्टर दौर से बाहर

**नायरन (स्कॉटलैंड) जेएनएन।** मन्नत बरार ने 122वीं महिला एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन प्री-क्वार्टर फाइनल में मामूली अंतर से हार गईं। यह इस प्रतियोगिता में किसी भारतीय द्वारा किया गया अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मन्नत स्ट्रोक-प्ले प्रतियोगिता में 16वें स्थान पर रहीं और फिर दो मैच जीतकर अंतिम 16 में पहुंच गईं। उन्होंने अंतिम 64 में जर्मनी को उमा बेर्गनेर जबकि अगले मुकाबले में आयरलैंड की रेबेका गर्डनर को शिकस्त दी। वह हालांकि अंतिम 16 में स्पेन की पाउला फ्रांसिस्को से मामूली अंतर से पिछड़ कर खिताबी दौड़ से बाहर हो गयी।



## विश्व योग दिवस पर 21 जून को सामूहिक योग कार्यक्रम

**सतना।** ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जायेगा। इस अवसर पर जिला स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन भी किया जायेगा। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सतना जिले में जिला, विकासखण्ड एवं पंचायत स्तर पर 21 जून को सामूहिक योग कार्यक्रम के प्रभावी आयोजन के लिए जिला स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संजना जैन को नोडल अधिकारी बनाया है।

## महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण 23 जून तक

**सतना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी ने बताया कि वर्ष 2023 में आयोजित समूह-5 की परीक्षा में चयनित एवं उच्च न्यायालय में याचिका दायर से संबंधित महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण 13 जून से किया जा रहा है। परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी 23 जून तक प्रातः 11 बजे से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सतना में उपस्थित होकर अपने दस्तावेजों का सत्यापन करा सकते हैं।


# लखन चौराहा में गोली चली, खाली खोखा जब्त

जागरण सतना

शनिवार की देरशाम टिकुरिया टोला के अंतर्गत आने वाले लखन चौराहा में गोली चलने की घटना सामने आई है। बताया जाता है कि नवीन सरस्वती स्कूल के सामने वाली गली में गोली चली है। आरोपियों ने घर में लगे दरवाजे पर फायर किया है। हालांकि गोली किसी को नही लगी मगर जिस तरह से आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया है उससे कई तरह के सवाल उठ रहे है। पूरा घटना क्रम सोशल मीडिया मे जमकर वायरल हुआ है। वायरल खबर के मुताबिक मंटू और उमर पर गोली चलाने का आरोप है खबर लगते ही कोलगवां पुलिस मौके पर पहुची और गोली का खाली खोखा जप्त किया है। घटना की जानकारी लगने के बाद सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान भी मौके पर पहुच गये।

### ये है मामला

सूत्र बताते है कि लखन चौराहा से 10 कदम आगे मुमताज खान के घर पर काले रंग की बाइक से आये दो युवको ने फायर झोका है। घटना लगभग रात पौने 8 बजे की बताई जा रही है। सूत्र तो यहां तक बताते है कि दिन में भी 5-6 लोग हमला करने की नियत से आये थे पूरानी रंजिश घटना की वजह बताई जा रही है। मौके पर पहुची कोलगवां पुलिस ने गोली का खाली खोखा जप्त कर लिया है। सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध धारा 307 का अपराध दर्ज किया जा रहा है।





## ऑयल मिल में घुसकर चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने दबोचा



**जागरण सतना।** आयल मिल में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को सिटी कोतवाली टीआई रविन्द्र द्विवेदी ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी एवं देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस ने की है ।

**ये है विवरण :** पुलिस ने बताया कि फरियादी उत्तम कुमार जानवानी पिता उधाराम जानवानी उम्र 54 साल निवासी वार्ड 6 भरहुत नगर ने 10 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि नवदुर्गा चौक में उसके आयल मिल है। सुबह जब वह मुनीम द्वारिका गुप्ता से बात कर रहा था तभी बताया कि आय मिल की पिछले हिस्से की दीवार तोडकर एवं दारर व अलमारी से पैसे चुरा लिये गये। साथ ही कम्प्यूटर का सीपीयू भी चुरा लिया है। आयल मिल में लगे कैमरे में आरोपी की पहचान अरूण वंशकार रामदयाल वंशकार के रूप मे की गई। पता तलाश करने पर पुलिस ने आरोपी को गिफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है आरोपी के कब्जे से 5 हजार रूपये नगद लेजर बुक तथा आय मिल मय पीपे के कुल 35 हजार रूपये की सामग्री जप्त की गई है। आरोपी अरूण वंशकार उम्र 26 साल निवासी बजरहा टोला थाना सिटी कोतवाली को न्यायालय ने जेल भेजा है।


## नशीली कफसिरप के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा


**जागरण सतना।** नशीली कफ सिरप के मामले में कोतवाली पुलिस ने वांछित आरोपी शिवकुमार बसोर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक 13 मई को आरोपी जितेन्द्र उर्फ सरकारचौधरी उम्र 25 साल निवासी बजरहा टोला थाना सिटी कोतवाली को नशीली कफ सिरप के साथ गिरफातर किया जा कर न्यायालय में पेश किया गया था। गिरफ्तार आरोपी ने यह बताया था कि सप्लाई करने वालो मुख्य आरोपी शिवकार बसोर है जो पुलिस को देखकर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला था मुखबीर की सूचना पर आरोपी शिवकुमार बसोर पिता गैवी बसोर उम्र 38 साल निवासी बजरहा टोला को टीआई रावेन्द्र द्विवेदी ने गिरफ्तार कर लिया है। उक्त आरोपी की गिरफ्तार के लिए एसपी ने 5 हजार रूपये का इनाम घोषित किया था। बताया जाता है उसके विरूद्ध जिला बदर भी पेश किया जा चूका है आरोपी चुस्त और चालक एवं बेहद सातिर बताया गया है।

## घर के बाहर खेल रही बच्ची को कार ने कुचला

**जागरण सतना।** सतना में शनिवार को एक तेज रफ्तार वाहन ने घर के बाहर खेल रही 9 साल की बच्ची को टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची की मौत हो गईए जबकि ड्राइवर गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के विराटनगर की है। को पैर में ज्यादा चोटें आई थी। परिजन उसे घायल अवस्था में एक निजी नर्सिंग होम लेकर पहुंचेए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान लक्ष्मी कुशवाहा रूप में हुई है।

**सीसीटीवी खंगाले जा रहे :** सिविल लाइन थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। अज्ञात वाहन और चालक की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि फुटेज और चश्मदीदों के आधार पर आरोपी की पहचान कर जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।







जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः-** **मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com